

फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में पहुंचे नोवाक जोकोविच ⏩ 10

# स्वतंत्र मत

**मौसम**
अधिकतम तापमान 44.0°C
न्यूनतम तापमान 30.2°C
सूर्योदय -5.25 | सूर्यास्त - 6.51

स्वतंत्र मत में विज्ञापन देने के लिए 9589920250 पर कॉल करें * स्वतंत्र मत का अंक प्राप्त करने के लिए 9301359695 पर कॉल करें।


20 वर्षीय युवा कनिष्क दुबे ने बढ़ाया शहडोल संभाग ⏩ 2


विपुल अमृतलाल शाह के साथ काम करने का सपना ⏩ 7


आरएलआई विंध्याचल में जेम 2026 की बालिकाओं को ⏩ 8

# आलाकमान ने जो कहा, मैंने किया

## कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने पद से दिया इस्तीफा

बेंगलुरू (वार्ता)

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने गुरूवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। श्री सिद्दारमैया ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में यह ऐलान किया। उन्होंने बताया कि लोकभवन जाकर राज्यपाल के सचिव को इस्तीफा सौंपा क्योंकि राज्यपाल अभी राज्य में नहीं हैं। उन्होंने बताया कि कांग्रेस हाईकमान ने उनसे पद छोड़ने को कहा था जिसके अनुरूप उन्होंने इस्तीफा दिया है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि राज्यपाल उनके इस्तीफे को स्वीकार करके अगले मुख्यमंत्री के लिए मार्ग प्रशस्त करेंगे, जो उनका संवैधानिक दायित्व भी है। कर्नाटक कांग्रेस में लंबे समय से चली रही खींचतान पर विराम लग गया। मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने सीएम पद से इस्तीफा दे दिया। सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मैंने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया है। मैं लोकभवन गया और मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। गवर्नर थावर चंद गहलोत बेंगलुरु में नहीं हैं, इसलिए मैंने अपना इस्तीफा उनके सेक्रेटरी को दे दिया है। राज्यपाल आज रात को लौट रहे हैं। कर्नाटक के मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद सिद्धारमैया ने कहा कि आलाकमान ने जो कहा वह किया है। उन्होंने आगे कहा कि उनका पूरा समर्थन रहेगा और उनके लिए राज्य हित सबसे ऊपर है। आगे भी कर्नाटक के हितों के लिए काम करते रहेंगे।



### मैराथन बैठक में निर्णय

इसके साथ ही उन्होंने ये भी कहा कि पार्टी के सभी विधायक एकजुट हैं। सूत्रों के मुताबिक, दिल्ली में चली कई दौर की मैराथन बैठकों के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने मुख्यमंत्री सिद्दारमैया पर पद छोड़ने का दबाव बनाया, जिसके बाद उन्होंने इस्तीफा देने पर सहमति जता दी।

### पैसे की ताकत ने लोकप्रियता को दबा दिया : बीजेपी

कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के इस्तीफे के बाद बीजेपी ने कांग्रेस पर जोरदार हमला बोल दिया है। बीजेपी ने कहा है कि राहुल गांधी सिर्फ भाषण ही देते रहते हैं। लेकिन, आज की तारीख में कांग्रेस पार्टी का किसी भी राज्य में कोई भी मुख्यमंत्री ओबीसी नहीं रह गया है। बीजेपी प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने एएनआई को दिए एक इंटरव्यू में कहा है कि सिद्धारमैया ने आज इतने दुखी मन से इस्तीफा दिया है कि दुख उनके चेहरे पर साफ दिख रहा था। लोग कह रहे हैं कि पैसे की ताकत ने लोकप्रियता को दबा दिया है।

### क्या ढाई साल के लिए पद फिक्स था?

बताया जा रहा है कि सिद्दारमैया ने शुरुआत में दो सप्ताह का समय मांगा था, ताकि वह जातीय जनगणना रिपोर्ट को कैबिनेट में पेश कर सकें, लेकिन पार्टी नेतृत्व तत्काल नेतृत्व परिवर्तन के पक्ष में था। हाईकमान ने उन्हें याद दिलाया कि 2023 में कांग्रेस की प्रचंड जीत के बाद डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार के साथ ढाई-ढाई साल के सत्ता साझेदारी फार्मूले पर सहमति बनी थी और सिद्दारमैया पहले ही तय अवधि से अधिक समय तक मुख्यमंत्री रह चुके हैं।



# सीबीएसई के 18.50 लाख छात्रों के 'भविष्य' से खेल

**नई दिल्ली (वार्ता)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की डिजिटल मूल्यांकन प्रणाली में कथित गड़बड़ियों के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को जिम्मेदार ठहराते हुये कहा है कि इस प्रणाली की वजह से 18.50 लाख छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ हुआ है। राहुल गांधी ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा, धर्मेंद्र प्रधान जी, आप मुझ पर जितना हमला करना चाहें कर सकते हैं लेकिन इससे आपके अपराध कम नहीं होंगे। न ही इससे मैं 18.50 लाख बच्चों के लिए जवाब मांगना बंद करूंगा। कांग्रेस नेता ने सवाल किया कि सीबीएसई के ओएसएम कॉन्ट्रैक्ट को कॉइम्प्ट कंपनी को क्यों दिया गया जबकि यह कंपनी अपने पुराने नाम ग्लोबरेना के तहत पहले से विवादों घिरी रही है। उन्होंने पूछा कि यह फैसला किसके आदेश पर लिया गया और कंपनी का बैकग्राउंड चेक क्यों नहीं किया गया। इसके साथ ही उन्होंने कॉइम्प्ट प्रबंधन और मोदी सरकार के बीच संबंधों पर भी सवाल खड़े किये। उन्होंने कहा, या तो सरकार ने बैकग्राउंड चेक किया और फिर भी कंपनी को काम दिया, या फिर कोई जांच ही नहीं की गई। दोनों ही स्थितियों में आप (धर्मेंद्र प्रधान) जिम्मेदार हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर भी निशाना साधते हुए कहा कि यदि प्रधानमंत्री को वास्तव में छात्रों की चिंता होती, तो लाखों छात्रों का भविष्य खराब करने के लिए वे शिक्षा मंत्री को बहुत पहले ही हटा चुके होते। इस बीच प्रधान ने राहुल गांधी के आरोपों पर प्रतिक्रिया व्यक्त हुए कहा कि सीबीएसई ने इस मामले में अपना जवाब दे दिया है और पूरी प्रक्रिया भारत सरकार की नीति के अनुसार हुई है तथा यदि किसी भी प्रकार की अनियमितता सामने आती है तो किसी को बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने कहा कि लगातार चुनावी हार के कारण राहुल गांधी हताश हो गए हैं और एक अलग मानसिक स्थिति में दिखाई दे रहे हैं।

**राहुल गांधी ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान को ठहराया जिम्मेदार**

### उर्दू गजल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र का निधन



**भोपाल।** उर्दू गजल के शहंशाह डॉ. बशीर बद्र का 91 साल की आयु में निधन हो गया। उन्होंने गुरुवार दोपहर 12:15 बजे भोपाल में फानी दुनिया को अलविदा कहा। उर्दू अदब की रूह में समाए बशीर बद्र तकरीबन 14 बरस डिमेंशिया की गिरफ्त में रहे, जिससे उनकी याददाश्त कमजोर होती चली गई, मगर उनके शेर आज भी दिलों में धड़कते हैं। उनको आज शाम 7.30 बजे भोपाल टॉकीज के पास कब्रिस्तान में सुपुर्दे खाक किया जाएगा।

### गंगा में नाव डूबने से 3 की मौत, 4 लापता

**पटना।** पटना के बाढ़ में गंगा में नाव पलटने से 3 लोगों की डूबने से मौत हो गई। जबकि 4 लापता बताए जा रहे हैं। 7 लोगों को बचा लिया गया है। नाव पर करीब 14 लोग सवार थे। जिसमें अधिकतर महिलाएं और बच्चे शामिल थे। हादसा बाढ़ के उमानाथ इलाके में हुआ है। मृतकों की पहचान नीलम कुमारी, श्रवण महतो और काशी कुमार के रूप में हुई है। श्रवण और काशी का संबंध पिता-बेटे का है।

### 4 लोगों की जिंदा जलाकर हत्या

**अजमेर।** अजमेर में स्कॉर्पियो में पूर्व सरपंच मां-बेटे सहित 4 लोगों की जिंदा जलाकर हत्या कर दी। घटना शहर से करीब 60 किलोमीटर दूर बोराड़ा थाना क्षेत्र में गुरुवार सुबह 5.30 बजे की है। घटना श्रीरामपुरा गांव में हुई। इसमें पूर्व सरपंच रामसिंह चौधरी, उनकी मां और पूर्व सरपंच पूसी देवी, पत्नी सुरज्ञान देवी और भांजी महिमा की हत्या की गई। तीन शव गाड़ी में पीछे की तरफ थे। सुरज्ञान देवी की अधजली बॉडी खेत में पड़ी थी। बताया जा रहा है कि परिवार कांग्रेस से जुड़ा है।

# कांग्रेस हाईकमान ने पंजाब के 5 नेताओं को दिल्ली बुलाया

पठानकोट

पंजाब भाजपा में प्रदेश अध्यक्ष बदलते ही कांग्रेस में भी बदलाव की चर्चा शुरू हो गई है। दरअसल, शुक्रवार को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंजाब के शीर्ष 5 नेताओं को दिल्ली बुलाया है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस में पंजाब प्रधान के बदलाव पर विचार विमर्श हो सकता है। इसके संकेत पंजाब के पूर्व उपमुख्यमंत्री एवं गुरदासपुर से सांसद सुखजिंदर रंधावा ने दिए हैं। सुखजिंदर रंधावा ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान ने मीटिंग बुलाई है। लेकिन, उसमें भाजपा की तरह नेतृत्व में बदलाव होगा या नहीं ये मीटिंग में जाकर ही पता चलेगा। बताया जा रहा है कि बैठक में सुखजिंदर सिंह रंधावा के अलावा, अमरिंदर सिंह राजा वड़िंग, प्रताप सिंह बाजवा, चरणजीत सिंह चन्नी और डॉ. अमर सिंह शामिल होंगे। इनके अलावा, राहुल गांधी, कांग्रेस पंजाब प्रभारी भूपेश बघेल व अन्य पार्टी गदाधिकारी बैठक में उपस्थित रहेंगे। बता दें, पार्टी के कुछ नेता मानते हैं कि राजा वड़िंग को हटाकर नए चेहरे को प्रदेश अध्यक्ष बनाया जाए, जबकि वड़िंग समर्थक कहते हैं कि 2027 चुनाव तक नेतृत्व बदलना नुकसानदायक होगा। इसके अलावा, कांग्रेस के भीतर यह बहस चल रही है कि 2027 विधानसभा चुनाव किसी एक चेहरे पर लड़ा जाए या सामूहिक नेतृत्व में। केंद्रीय नेतृत्व ने फिलहाल कोई मुख्यमंत्री चेहरा घोषित नहीं किया है।

# सिन्धु का पानी, भारत का चक्रव्यूह!

## कर्नल बोले- पाकिस्तान की गले की नस दबा दी

नई दिल्ली

लद्दाख से शुरू हुआ सिन्धु जल समृद्धि अभियान केवल पानी बचाने का जरिया नहीं है, यह भारत की नई जल-नीति का शंखनाद है। यह इस बात का सबूत है कि भारत अब रक्षात्मक मुद्रा से बाहर निकलकर आक्रामक और आत्मनिर्भर रुख अपना चुका है। कर्नल अजय रैना ने लिखा-भारत ने पाकिस्तान के गले की नस पकड़ ली है। भारत ने लद्दाख की धरती से एक ऐसा चक्रव्यूह रच दिया है, जिसकी गूंज से इस्लामाबाद से लेकर रावलपिंडी तक के हुक्मरानों की नींद उड़ चुकी है। लद्दाख के उपराज्यपाल ने एक दिन पहले सिन्धु जल समृद्धि अभियान के तहत लेह में सिन्धु यानी इन्डस नदी पर पहले रॉक चेक डैम का



उद्घाटन क्या हुआ, सरहद पार खलबली मच गई। पाकिस्तान की नस नस से वाकिफ कर्नल अजय रैना ने कहा, भारत ने पाकिस्तान की दुखती रग पर हाथ रख दिया है। कुछ और पहाड़ी डैम, सुरंगें बन गई तो पाकिस्तानियों का हलक सूख जाएगा। कर्नल रैना ने एक्स पर लिखा, यह तो बस एक शुरुआत है। जिस दिन सिन्धु नदी पर डायवर्जन टनल के साथ कंक्रीट के बड़े बांध बन गए, उस दिन पाकिस्तान की कहानी हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। सिन्धु नदी पाकिस्तान की गले की नस है। हमने वो नस दबा दी है।

### नाच उठेगा पाकिस्तान

कर्नल अजय रैना ने भूगोल और इतिहास के घालमेल को भी साफ किया है। उन्होंने कहा, सिन्धु नदी यानी इंडस रिवर का प्राचीन और वास्तविक महत्व क्या है। यह नदी लद्दाख से होकर बहती है और इसके बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान और आगे के क्षेत्रों में प्रवेश करती है। पाकिस्तान एक ऐसा मुल्क है जो पूरी तरह से सिन्धु नदी और उसकी सहायक नदियों के पानी पर निर्भर है। पाकिस्तान की खेती, उसकी इकोनॉमी, उसका पीने का पानी और उसकी बिजली सब कुछ इसी सिन्धु की बदौलत जिंदा है। अगर भारत ने पानी अपनी ओर मोड़ लिया तो पाकिस्तान बिना एक भी गोली चलाए घुटनों पर आ जाएगा।

# ट्विशा केस: जमानत रद्द होने के 17 घंटे बाद रिटायर जज अरेस्ट

## सीबीआई ने 3डी कैमरे से घटनास्थल के विजुअल रिकॉर्ड किए

**भोपाल।** एक्ट्रेस-मॉडल ट्विशा शर्मा मौत मामले में सास रिटायर जज गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने के मध्यप्रदेश हाईकोर्ट के फैसले में कई ऐसे तथ्य शामिल किए हैं, जिनकी वजह से कोर्ट को जांच प्रभावित होने की आशंका थी। जस्टिस देव नारायण मिश्रा की एकलपीठ ने अपने आदेश में कहा है कि ट्रायल कोर्ट ने मामले के गंभीर तथ्यों, गवाहों के बयान और उपलब्ध इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों को ध्यान में रखे बिना जमानत दे दी थी। कोर्ट ने यह भी



माना कि जांच अभी शुरुआती दौर में है और आरोपी पक्ष इसे प्रभावित कर सकता है। इन्हीं तथ्यों को आधार बनाते हुए हाईकोर्ट ने कहा कि मामले के तथ्य, गवाहों के बयान, चोटों की प्रकृति, इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और जांच की स्थिति को देखते हुए 15 मई को दी गई अग्रिम जमानत टिक नहीं सकती। इसके बाद सत्र न्यायालय भोपाल का आदेश रद्द कर दिया गया। अग्रिम जमानत रद्द होने का फैसला बुधवार की रात 1 बजे जारी हुआ। इसके 9 घंटे बाद ही सीबीआई की टीम कटारा हिल्स स्थित गिरिबाला सिंह के घर पहुंच गई। हाईकोर्ट का फैसला आने के 17 घंटे बाद गिरिबाला सिंह को सीबीआई ने गिरफ्तार कर लिया।

# मणिपुर के उग्रवादी संगठन का मास्टरमाइंड दिल्ली से गिरफ्तार

## भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद बरामद

**नई दिल्ली (वार्ता)।** सुरक्षा एजेंसियों ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने मणिपुर पुलिस और केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ संयुक्त अभियान में प्रतिबंधित उग्रवादी संगठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी के शीर्ष कमांडर और कथित मास्टरमाइंड हाओबिजाम दिलीप सिंह को गिरफ्तार किया है। सूत्रों के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में उसकी उपस्थिति के बारे में विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद दिल्ली में चलाए गए एक उच्च जोखिम वाले संयुक्त अभियान के दौरान आरोपी को पकड़ा गया। जांचकर्ताओं का मानना है कि दिलीप सिंह एक गुप्त मिशन पर राजधानी में था। वह लंबे समय से उग्रवादी गतिविधियों में संलिप्त था और उस पर संगठन के संचालन तथा विभिन्न आपराधिक साजिशों में शामिल होने के आरोप हैं। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर संगठन के नेटवर्क और अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी जुटा रही हैं।

# भाजपा ने 4 राज्यों के अध्यक्ष बदले

**नई दिल्ली (वार्ता)।** भारतीय जनता पार्टी ने गुरुवार को दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और त्रिपुरा के नये अध्यक्षों की घोषणा करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा को पार्टी की दिल्ली इकाई का अध्यक्ष नियुक्त किया है। वहीं, डॉ. अर्चना गुप्ता को पार्टी की हरियाणा इकाई की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके साथ ही भाजपा ने केवल सिंह ढिल्लों को पार्टी की पंजाब इकाई का अध्यक्ष बनाया है और अभिषेक



देबरॉय को त्रिपुरा प्रदेश भाजपा का नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने गुरुवार को विज्ञप्ति जारी कर बताया कि पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अरुण सिंह ने मल्होत्रा को दिल्ली, डॉ. गुप्ता को हरियाणा, ढिल्लों को पंजाब और देबरॉय को त्रिपुरा प्रदेश भाजपा का अध्यक्ष नियुक्त किया है। ये नियुक्तियां तत्काल रूप से प्रभावी होंगी।

# नीट एग्जाम को लेकर राजनाथ के घर हाईलेवल मीटिंग

**नई दिल्ली।** नीट पेपर लीक केस को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के घर बड़ी बैठक हुई है। जानकारी के मुताबिक बैठक में शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के साथ-साथ प्रधानमंत्री ऑफिस के कई बड़े अधिकारी भी मौजूद रहे। मीटिंग में एनटीए के महानिदेशक अभिषेक सिंह भी मौजूद रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक ये बैठक नीट पेपर लीक के मुद्दे पर विचार-विमर्श करने और इसका हल निकालने के लिए बुलाई गई थी। बैठक में नीट एग्जाम को लेकर छात्रों की चिंताएं दूर करने और पारदर्शिता बढ़ाने को लेकर रणनीति पर चर्चा की गई। एनटीए के डायरेक्टर जनरल अभिषेक सिंह को बैठक में खासतौर पर बुलाया गया था।

## लैंडर क्रैश होने के बावजूद भारत का स्पेस में कमाल

# चंद्रयान-2 के ऑर्बिटर ने चांद में खोज ली बर्फ

नई दिल्ली

भारत के चंद्रयान-2 मिशन से जुड़े वैज्ञानिकों ने चांद के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में सतह के नीचे बर्फ होने के मजबूत संकेत खोजे हैं। यह खोज भविष्य में चांद पर मानव मिशनों के लिए बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। यह अध्ययन 'एनपीजे स्पेस एक्सप्लोरेशन' जर्नल में प्रकाशित हुआ है। अहमदाबाद स्थित फिजिकल रिसर्च लेबोरेटरी के वैज्ञानिकों ने चंद्रयान-2 ऑर्बिटर से मिले रडार डाटा का अध्ययन किया। चंद्रयान-2 साल 2019 से चांद की परिक्रमा कर रहा है। वैज्ञानिकों के अनुसार, बर्फ चांद की सतह पर नहीं बल्कि जमीन के नीचे छिपी हुई है। यह बर्फ ऐसे क्रेटरों में मौजूद हो सकती है जहां सूरज की रोशनी कभी नहीं पहुंचती। कुछ छोटे क्रेटर बड़े क्रेटरों के अंदर मौजूद हैं और दोनों ही हमेशा अंधेरे में रहते हैं। इन्हें 'डबल शैडोड' क्षेत्र कहा जाता है। यहां तापमान करीब माइनस 248 डिग्री सेल्सियस तक रहता है, जिससे



बर्फ अरबों वर्षों तक सुरक्षित रह सकती है। चंद्रयान-2 में लगा ड्यूल फ्रीक्वेंसी सिंथेटिक एपर्चर रडार चांद की सतह पर माइक्रोवेव सिग्नल भेजता है और उनके वापस लौटने के तरीके का अध्ययन करता है। बर्फ इन सिग्नलों को पत्थर और धूल से अलग तरीके से परावर्तित करती है। इसरो के अनुसार, वैज्ञानिकों ने दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र के चार ऐसे क्रेटरों में रडार संकेत पाए हैं जो जमीन के नीचे बर्फ की मौजूदगी की ओर इशारा करते हैं। कुल नौ क्रेटरों का अध्ययन किया गया था। इनमें से एक छोटा क्रेटर सबसे खास माना गया है। यह लगभग 1.1 किलोमीटर चौड़ा है और बड़े फॉस्टिनी क्रेटर के अंदर स्थित है। वैज्ञानिकों को यहां सबसे मजबूत संकेत मिले हैं। इस क्रेटर की बाहरी बनावट भी अलग दिखाई देती है, जिससे संकेत मिलता है कि किसी उल्कापिंड की टक्कर के दौरान जमीन के नीचे मौजूद बर्फ बाहर की ओर फैली होगी।

### क्यों अहम है यह खोज

वैज्ञानिकों का मानना है कि चांद पर पानी की मौजूदगी भविष्य के मानव मिशनों के लिए बहुत जरूरी होगी। पृथ्वी से पानी ले जाना बेहद महंगा और कठिन काम है। अगर चांद पर बर्फ मिलती है तो उसे पिघलाकर पीने का पानी तैयार किया जा सकता है। इसके अलावा पानी से हाइड्रोजन और ऑक्सीजन अलग करके रॉकेट ईंधन भी बनाया जा सकता है। इसी वजह से चांद का दक्षिणी ध्रुव दुनिया की बड़ी अंतरिक्ष एजेंसियों के लिए सबसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बन चुका है। इसरो ने कहा है कि यह खोज भविष्य के लूनर मिशनों और चांद पर संसाधनों के उपयोग की योजनाओं के लिए काफी अहम साबित हो सकती है।

# आदिवासी ग्राम गौरहा में रात्रिकालीन चौपाल, ग्रामीणों की सुनी समस्याएं

कटनी (स्वतंत्रमत)।

समीपस्थ संपूर्ण आदिवासी ग्राम पंचायत गौरहा में शासन की मंशानुसार तथा जिला कलेक्टर आशीश तिवारी के निर्देशन में ग्रामीणों को समय पर न्याय एवं समस्याओं का त्वरित समाधान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बुधवार रात्रि चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अनुविभागीय अधिकारी प्रदीप मिश्रा, नायब तहसीलदार राजकुमार नामदेव, महिला बाल विकास विभाग से सतीश पटैल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी मनोज गर्ग, वीआरसी प्रशांत मिश्रा, बीएमओ आनंद अहिरवार उभय श्रीवास्तव, ब्लॉक समन्वयक उभय



सिंह ऐमा सहित राजस्व अमला उपस्थित रहा। इस दौरान अधिकारियों ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं तथा कई मामलों का मौके पर ही निराकरण किया। चौपाल में दावा, नामांतरण, बंटवारा, राजस्व, पेयजल, बिजली एवं शासकीय योजनाओं से संबंधित समस्याएं ग्रामीणों द्वारा रखी गईं। एसडीएम प्रदीप मिश्रा ने संबंधित कर्मचारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए समस्याओं के शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने की बात कही। ग्रामीणों ने प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि गांव में पहुंचकर समस्याएं सुनने से उन्हें राहत मिल रही है।

रात्रिकालीन चौपाल में प्रमुख रूप से जनपद सदस्य रोहित राजा भैया सरपंच सुनील यादव सचिव शिवचरण चौधरी सहायक सचिव अजय राय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शासन द्वारा लोगो की समस्याऐ निपटाने लगाये गये रात्रि कालीन शिविर मे न विजली रही न ही विभाग का कोई अधिकारी उपस्थित रहा।

## ग्राम गुलालवा पहुंची किसान रथ यात्रा, किसानों को दी गई आधुनिक खेती एवं जैविक कृषि की जानकारी

**सागर।** बीना विकासखंड के अंतर्गत किसान रथ यात्रा ग्राम गुलौआ पहुंची, जहां ग्रामीणों एवं किसानों ने बढ़-चढ़कर इस रथ यात्रा का स्वागत किया। ग्राम में किसान चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में किसानों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में बीना विधानसभा की विधायक एडवोकेट श्रीमती निर्मला सप्रे, बीना जनपद अध्यक्ष श्रीमती उषा राय सागर जिले के कृषि उप संचालक राजेश त्रिपाठी, सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। किसान चौपाल के दौरान किसानों को इ -टोकन प्रणाली के माध्यम से होने वाले उर्वरक वितरण की जानकारी दी गई। साथ ही सॉयल हेल्थ कार्ड, प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने के तरीके तथा खेती-किसानी में नवाचार एवं उन्नत तकनीकों के उपयोग पर विस्तार से मार्गदर्शन प्रदान किया गया। अधिकारियों ने किसानों को बताया कि आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक पद्धतियों को अपनाकर खेती को लाभदायक एवं समृद्ध व्यवसाय बनाया जा सकता है।

# 20 वर्षीय युवा कनिष्क दुबे ने बढ़ाया शहडोल संभाग का मान परिवार और शहर में खुशी की लहर

### आज उनकी फिल्म रजनी की बारात देशभर के सिनेमाघर में होगी प्रदर्शित

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

संभाग के लिए गर्व का क्षण सामने आया है। विराट नगरी शहडोल की पावन धरती में जन्मे 20 वर्षीय युवा कनिष्क दुबे अब हिंदी सिनेमा के बड़े पर्दे पर मुख्य नायक के रूप में नजर आने वाले हैं। उनकी फिल्म रजनी की बारात 29 मई को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज होने जा रही है। कनिष्क दुबे शहडोल के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं एसआर डायग्नोस्टिक्स एमआरआई सेंटर श्री राम हॉस्पिटल के संचालक विजय दुबे के सुपुत्र हैं। कम उम्र में बड़े सपनों को साकार करते हुए कनिष्क ने शहडोल संभाग का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। फिल्म रजनी की बारात में मुख्य भूमिका निभाकर कनिष्क यह संदेश देने जा रहे हैं कि छोटे शहरों के युवाओं के सपने भी बड़े हो




सकते हैं और मेहनत के दम पर उन्हें पूरा किया जा सकता है। कनिष्क की सफलता से पूरे संभाग में उत्साह और गर्व का माहौल है। 29 मई को होने वाली इस फिल्म की रिलीज को जिलेवासी केवल एक मनोरंजन के रूप में नहीं, बल्कि अपने शहर और मिट्टी के सम्मान के उत्सव के रूप में देख रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह पल पूरे संभाग के लिए ऐतिहासिक और प्रेरणादायक है। जिले के नागरिकों ने लोगों से अपील की है कि वे अपने परिवार सहित सिनेमाघरों में पहुंचकर कनिष्क दुबे की फिल्म रजनी की बारात देखें और अपने शहर के बेटे का उत्साहवर्धन करें।

# कलेक्टर ने दिखाई मानवीय संवेदना

### सौरभ ताम्रकार को किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी हेतु 5 लाख रुपये की मिली आर्थिक सहायता राशि

**शहडोल (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने संवेदनशीलता, कर्तव्यनिष्ठा एवं मानवीय संवेदना दिखाते हुए शहडोल के वार्ड क्रमांक 8/11 (पंचायती मंदिर के पास) निवासी सौरभ ताम्रकार को रेडक्रॉस सोसाइटी से किडनी ट्रांसप्लांट सर्जरी हेतु 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की है। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह के समक्ष आवेदक सौरभ ताम्रकार की पत्नी द्वारा बताया गया था कि सौरभ ताम्रकार किडनी संक्रमण बीमारी से पीड़ित हैं तथा उनका किडनी ट्रांसप्लांट ऑपरेशन इंदौर स्थित अपोलो हॉस्पिटल में होना है। आवेदक की आर्थिक स्थिति



कमजोर होने के कारण उपचार कराना संभव नहीं हो पा रहा था। चिकित्सालय द्वारा उपचार हेतु लगभग 12 लाख रुपये का प्राक्कलन तैयार किया गया है। आवेदन प्राप्त होने पर कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने मानवीय संवेदनाओं को प्राथमिकता देते हुए रेडक्रॉस सोसाइटी मद से 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत कर उपचार में सहयोग प्रदान किया है। गौरतलब है कि 27 मई को सौरभ ताम्रकार का इंदौर अपोलो हॉस्पिटल में सफलतापूर्वक किडनी ट्रांसप्लांट की सर्जरी की जा चुकी है।

# विशेष विद्यालय बनेंगे उत्कृष्ट शिक्षा के केंद्र प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता पर रहेगा फोकस

शहडोल (स्वतंत्रमत)।

उपायुक्त जनजातीय कार्य विभाग जे.पी. यादव ने संभाग के विशेष आवासीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक लेकर शिक्षा व्यवस्था, परीक्षा परिणाम और छात्रावास व्यवस्थाओं की गहन समीक्षा की। बैठक में उन्होंने कहा कि विशेष विद्यालयों की पहचान केवल बोर्ड परीक्षा के परिणामों से नहीं, बल्कि विद्यार्थियों की प्रतिभा, अनुशासन और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं में सफलता से बननी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि विद्यालयों में ऐसा शैक्षणिक वातावरण तैयार किया जाए, जिससे विद्यार्थी जेईई, नीट, क्लैट जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में बेहतर



प्रदर्शन कर सकें। इसके लिए विशेष अध्ययन योजना, नियमित मार्गदर्शन और अतिरिक्त शैक्षणिक सहयोग उपलब्ध कराया जाए। संभागीय उपायुक्त ने कहा कि विद्यालयों में उपलब्ध संसाधनों और शिक्षकों की क्षमता का बेहतर उपयोग कर उत्कृष्ट परिणाम हासिल किए जा सकते हैं। उन्होंने प्रत्येक विद्यालय में वार्षिक शैक्षणिक कैलेंडर तैयार कर उसका गंभीरता से पालन करने के निर्देश दिए। साथ ही प्रयोगशाला, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक संसाधनों के नियमित उपयोग पर जोर दिया। बैठक में छात्रावासों की व्यवस्थाओं पर भी विस्तार से चर्चा हुई। श्री यादव ने कहा कि विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ वातावरण और सुरक्षित आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने छात्रावासों में नियमित निरीक्षण, स्वास्थ्य परीक्षण तथा सीसीटीवी कैमरों की सतत निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि विद्यार्थियों के पालकों से निरंतर संवाद बनाए रखा जाए, ताकि बच्चों की प्रगति और समस्याओं की जानकारी समय पर साझा हो सके तथा उनके सर्वांगीण विकास में परिवार की भी सहभागिता बनी रहे। बैठक में संभाग के एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय, माता सबरी कन्या शिक्षा परिसर, आदर्श उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय एवं ज्ञानोदय आवासीय विद्यालयों के प्राचार्य उपस्थित रहे।

# सीएमएचओ एवं डीपीओ द्वारा किया गया निरीक्षण



शहडोल (स्वतंत्रमत)।

शासन के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश मिश्रा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग अखिलेश मिश्रा द्वारा संयुक्त रूप से पड़मनिया खुर्द एवं बोडरी 2 में संचालित आरोग्य केंद्र एवं आंगनबाड़ी केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र में दी जा रही बच्चों को संदर्भ सेवाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केद्रों में बच्चों की संख्या बढ़ाई जाए एवं आंगनबाड़ी केंद्र के माध्यम से दी जाने वाली सुविधाएं बच्चों के प्रदाय करें।

# मृत अवस्था में मिला अधेड़

**रसमोहनी (स्वतंत्रमत)।** जैतपुर थाना क्षेत्र के ग्राम डोंगरी टोला निवासी माधव गोड उम्र 65 वर्ष घर से कुछ दूरी पर लालू मिस्त्री के घर के पास सुबह मृत अवस्था में पाया गया जिसकी सूचना जैतपुर थाने में दिया गया लोगों का कहना था की माधव गोड कि किसी ने हत्या कर दी है उसके सिर से काफी ब्लड जमीन पर था जैतपुर पुलिस एवं एस डी ओपी विकास पांडे मौके पर पहुंचकर जाच शुरू की एसडीओपी विकास पांडे द्वारा बताया गया कि युवक नशे की हालत में रहा होगा और गिरने से सिर पर पत्थर के चोट लगने से ब्लड काफी निकल गया और उसकी मृत्यु हो गई बाकी का रिपोर्ट पीएम रिपोर्ट के बाद सामने आएगा।



# लू से बचाव के लिए लोगों से एहतियात बरतने का आग्रह

### ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रस, कच्चे आम का रस लाभदायक

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** मौसम विभाग द्वारा जिले में बढ़ते हुये तापमान के मद्देनजर भीषण लू की संभावना व्यक्त किया है। लोगों के स्वास्थ्य हित को देखते हुये गर्मी के प्रकोप से बचाव के लिए जिला प्रशासन द्वारा एडवायजरी जारी की गई है। वरिष्ठ चिकित्सक एवं ढीमरखेड़ा के बीएमओ डॉ बीके प्रसाद ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु में लू लगने से गंभीर स्वास्थ्य




समस्याएं उत्पन्न हो सकती हैं। वृद्ध, बच्चे, खिलाड़ी, धूप में काम करने वाले श्रमिक सर्वाधिक खतरे में रहते हैं। पसीना न आना, गर्म-लाल एवं शुष्क त्वचा, मतली, सिरदर्द, थकान, चक्कर आना, उल्टियां होना, बेहोश हो जाना एवं पुतलियां छोटी हो जाना लू (तापघात) के प्रमुख लक्षण एवं संकेत हैं। लोगों से आग्रह किया गया है कि गर्मी व लू से बचाव के लिए खूब पानी पिएं व खाली पेट न रहें, शराब व कैफीन के सेवन से बचें, ठण्डे पानी से नहाएं, सर ढ़कें व हल्के रंग के ढीले व पूरी बांह के कपड़े पहनें, बच्चों को बंद वाहनों में अकेला न छोड़ें, दिन में दोपहर 12 से शाम 4 बजे के बीच यथा संभव बाहर जाने से बचें, धूप में नंगे पाँव न चलें, बहुत अधिक भारी कार्य न करें। बाहर निकलना आवश्यक हो तो छतरी व धूप के चश्मे का उपयोग करें, धूप में निकलने से पहले कम से कम दो गिलास पानी अवश्य पिए, बुखार व लू लगने पर निकट के अस्पताल में संपर्क कर आवश्यक दवा का उपयोग सुनिश्चित करें।

यात्रा के समय पानी की बोतल अवश्य साथ रखें। ओआरएस का घोल, नारियल पानी, छाछ, नींबू पानी, फलों का रसए कच्चे आम का रस इत्यादि का सेवन लाभदायक है, इनका प्रयोग करें।

# सोन नदी घाट पर एसडीएम मानपुर ने किया औचक निरीक्षण

### सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर दो नावें जब्त

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देश पर जिले में संचालित नौका विहार स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच के लिए प्रशासन द्वारा औचक निरीक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व मानपुर हरनीत कौर कलसी ने ग्राम झाल, तहसील मानपुर क्षेत्र का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान सोन नदी के किनारे स्थित झाल घाट एवं विजयसोता,जिला शहडोल के बीच संचालित नावों की जांच की गई। इस दौरान नाव चालक राम विशाल केवट निवासी विजयसोता तथा रनुआ केवट पिता झोरा केवट निवासी झाल द्वारा बिना पर्याप्त सुरक्षा इंतजामों के नौका संचालन करते पाया गया।जांच में नावों में लाइफ जैकेट,लाइफ रिंग तथा अन्य आवश्यक जीवन रक्षक उपकरणों की कमी पाई गई, जो भविष्य में गंभीर दुर्घटना और जनहानि का कारण बन सकती थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसडीएम मानपुर ने तत्काल कार्रवाई करते हुए दोनों नावों को जप्त कर ग्राम पंचायत के सुपुर्द कर दिया।इसके साथ ही ग्राम सचिव, पटवारी एवं पंचायत समन्वयक झाल को निर्देश दिए गए कि घाट क्षेत्र में लगातार निगरानी रखी जाए तथा बिना सुरक्षा मानकों का पालन किए किसी भी प्रकार का नौका विहार संचालित न होने दिया जाए। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि विजयसोता से झाल आ रही नाव, जिसका संचालन राम विशाल केवट कर रहे थे, उसमें लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं थीं।

## 30 जून तक करें आवेदन

**मण्डला(स्वतंत्र मत)।** जिले की शासकीय आईटीआई संस्थाओं में सत्र 2026 के लिए प्रवेश पंजीयन प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। जिले की शासकीय आईटीआई मंडला निवास नारायणगंज बीजाडांडी मवई घुघरी एवं मोहगांव में संचालित एनसीवीटी एससीवीटी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन माध्यम से विभागीय डीएसडी पोर्टल पर आवेदन कर सकते हैं। प्राचार्य शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था द्वारा जारी सूचना के अनुसार अभ्यर्थी विभागीय पोर्टल पर जाकर 30 जून तक पंजीयन एवं त्रुटि सुधार कर सकेंगे। प्रवेश से संबंधित सभी जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध रहेगी। आवेदक ऑनलाइन सहायता केंद्र अथवा स्वयं मोबाइल और कम्प्यूटर के माध्यम से भी आवेदन भर सकते हैं। साथ ही कार्य दिवसों में आईटीआई संस्थाओं में स्थापित हेल्प डेस्क से जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

# 100 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य के विरुद्ध हुई 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी : खाद्य मंत्री श्री राजपूत

### देश में सर्वाधिक 13 लाख 41 हजार से अधिक किसानों से हुआ गेहूं का उपार्जन

सागर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उपार्जन हुआ है। मध्यप्रदेश को गेहूं खरीदी के लिये 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से केन्द्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नम्बर-1 है, वहीं गेहूं उपार्जन के मामले में पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। प्रदेश में लघु एवं सीमांत किसानों से सबसे पहले गेहूं की खरीदी की गई। कुल 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया।

**सतत मॉनिटरिंग**-प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने



की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये थे, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी थी। किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 23,708.13 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित गेहूं में से 96 लाख 52 हजार 957 मीट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। यह उपार्जित गेहूं का 93 प्रतिशत है। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया गया है। रीवा संभाग में 6 लाख 15 हजार 851 मीट्रिक टन, जबलपुर में 12 लाख 73 हजार 667, शहडोल में 70 हजार 666, सागर में 8 लाख 56 हजार 968, भोपाल में 28 लाख 47 हजार 284, नर्मदापुरम में 9 लाख 22 हजार 508, उज्जैन में 22 लाख 84 हजार 47, इंदौर में 8 लाख 62 हजार 719, ग्वालियर में 4 लाख 36 हजार 805 और चंबल संभाग में 2 लाख 40 हजार 581 मीट्रिक टन गेहूं का उपार्जन हुआ है।

# अकीदत, उल्लास और शालीनता के साथ मनाया गया ईद-उल-अज़्हा का पर्व

## ईदगाहों और मस्जिदों में अदा हुई नमाज़, तैनात रहा पुलिस बल

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख पर्व ईद-उल-अज़्हा (बकरीद) गुरुवार को शहर भर में अक़ीदत, उल्लास और शालीनता के साथ मनाया गया। शहर की विभिन्न ईदगाहों और मस्जिदों में हजारों मुस्लिम बंधुओं ने ईद-उल-अज़्हा की नमाज़ अदा की। पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा के पुख्ता इंतज़ाम किए गए थे। ईदगाह कलां रानीताल में नायब मुफ़्ती-ए-आज़म मप्र हज़रत मौलाना सूफ़ी ज़ियाउलहक़ क़ादरी ने विशाल जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि ईद-उल-अज़्हा के दिन सबसे पसंदीदा अमल अल्लाह की राह में कुर्बानी पेश करना है।

उन्होंने कहा कि कुर्बानी की नियत केवल अल्लाह की रज़ा और उसकी खुश्नूदी हासिल करना होना चाहिए। मौलाना साहब ने कहा कि



कुर्बानी का सिलसिला इंसान के वजूद के साथ चला आ रहा है, लेकिन ईद-उल-अज़्हा की कुर्बानी सुन्नत-ए-इब्राहीमी है, जिसे हज़रत इब्राहीम अलैहिस्सलाम की याद में अदा किया जाता है। उन्होंने लोगों को नसीहत करते हुए कहा कि अगर कोई व्यक्ति सिर्फ गोश्त हासिल करने की नियत से कुर्बानी करता है तो ऐसी कुर्बानी जाया होगी और अल्लाह की बारगाह में कुबूल नहीं होगी।



### एक दूसरे को दी मुबारकबाद

नमाज़ के बाद लोगों ने एक-दूसरे के गले मिलकर ईद-उल-अज़्हा की मुबारकबाद दी। ईदगाहों के बाहर विभिन्न सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों ने मुस्लिम समाज को शुभकामनाएं दीं। शहर के मुस्लिम बहुल क्षेत्रों की मस्जिदों में भी सुबह से नमाज़ अदा की गई, जहाँ भाईचारे और उत्साह का माहौल देखने को मिला। शहर की प्रमुख ईदगाहों में अदा हुई नमाज़- मोमिन ईदगाह गोहलपुर में सुबह 8.30 बजे हाफ़िज मुहम्मद ताहिर साहब ने नमाज़ अदा कराई। नमाज़ियों की भारी भीड़ के कारण मुख्य सड़क और उर्दू स्कूल मैदान तक लंबी कतारें देखने को मिलीं।

### इन स्थानों पर अदा हुई नमाज

ईदगाह सदर बाजार में सुबह 8.30 बजे मौलाना सुल्तान अहमद साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। यहाँ सुरक्षा संस्थानों, सेना इकाइयों में कार्यरत मुस्लिम अधिकारी-कर्मचारियों तथा रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के मुस्लिम छात्रों ने भी नमाज़ पढ़ी। गढ़ा ईदगाह में सुबह 9.45 बजे हाफिज काज़ी अमीर अशरफ़ हुसैनी मियां ने नमाज़ अदा कराई। यहां नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज के मुस्लिम कर्मचारी एवं छात्राएं भी बड़ी संख्या में शामिल हुए। आगा मोहम्मद साहब की दरगाह में सुबह 10.30 बजे सुल्तान अहमद क़ादरी साहब की इमामत में नमाज़ अदा की गई। वहीं शिया जामा मस्जिद ज़ाकिर अली फूटाताल में सुबह 9.30 बजे मौलाना हैदर मेहदी साहब की कयादत में नमाज़ हुई।



# किसानों के लिए वरदान साबित हो रहा कृषि रथ

## नवमें दिन कृषि रथ ने किया कुंडम के कई ग्रामों का भ्रमण

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

राज्य शासन के निर्देशानुसार कृषि वर्ष 2026 के अंतर्गत जिले में विकासखंड स्तर पर संचालित किये जा रहे कृषि रथ अब तक जिले की 255 ग्राम पंचायतों में पहुंच चुके हैं, जहाँ भीषण गर्मी के बावजूद किसान भाई बड़ी संख्या में उपस्थित होकर विभागीय योजनाओं और कृषि की वैज्ञानिक तकनीकों की जानकारी ले रहे हैं। इसी क्रम में नवमें दिन गुरूवार को कृषि रथ ने आदिवासी बाहुल्य कुंडम विकास खंड के ग्राम फीफरी, गुरैया और धनवाही का भ्रमण किया। जहां उप संचालक कृषि उमेश कुमार कटहरे ने किसानों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए मिट्टी नमूना के महत्व को आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। साथ ही उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के लिए भी प्रेरित किया।

### घर बैठे मिल रही जानकारियां

कार्यक्रम के दौरान जिला विपणन अधिकारी हरेन्द्र रघुवंशी ने किसानों को डिजिटल तकनीक से जोड़ते हुए इ विकास प्रणाली पोर्टल पर टोकन बनाने की प्रक्रिया को सरल शब्दों में समझाया। सहायक संचालक कृषि रवि आम्रवंशी ने फसलों और पौधों के लिए आवश्यक मुख्य पोषक तत्वों के बारे में विस्तार से तकनीकी जानकारी साझा की।कृषि रथ के प्रभारी एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी एल पी उइके ने किसानों को आगामी खरीफ सीजन की उन्नत तैयारियों के गुर सिखाए।

# 31 मई को 503वीं नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का आयोजन



जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से प्रत्येक पूर्णिमा को निकाली जाने वाली नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा जेठ पूर्णिमा पर 31 मई रविवार सुबह 4 बजे से 9 बजे तक निकाली जाएगी । परिक्रमा आश्रम से प्रारंभ होकर पंचवटी, 64 योगिनी, धुआंधार, कल्याण तपोवन, लमेटाघाट नाव पार करके शनि मंदिर ,इमलिया, न्यू भेड़ाघाट ,सिद्धन माता मंदिर के सामने से नाव पार करके हरे कृष्णा आश्रम में विशाल भंडारे के साथ सम्पन होगी।

आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र दास महाराज बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र का वितरण करेंगे। नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ 24 नवंबर मंगलवार कार्तिक पूर्णिमा पर होगा। इस दौरान डॉ सुधीर अग्रवाल, सुषमा शंकर पटेल, श्याम मनोहर पटेल ,विनोद दीवान, सुरेश विश्वकर्मा श्रद्धालुओं से जुड़ने की अपील की।

# तेज गर्मी के बीच रिमझिम फुहार, घर-घर में लोग पड़ रहे बीमार

## नौतपा में मौसम का डबल अटैक, अस्पतालों में बढ़ी मरीजों की संख्या

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

संस्कारधानी में नौतपा के बीच मौसम का उतार-चढ़ाव लगातार जारी है। गुरुवार को भी शहरवासियों को गर्मी और उमस के दोहरे मिजाज का सामना करना पड़ा। सुबह से लेकर दोपहर तक आसमान से आग उगलती कड़ी और तेज धूप ने लोगों को घर के अंदर रहने मजबूर करके रखा । लू के थपेड़ों और झुलसाने वाली तपिश से लोग बेहाल नजर आए। हालांकि, दोपहर के बाद एक बार फिर अचानक आसमान में बादलों ने डेरा जमाया और शाम होते-होते शहर सहित अधिकांश इलाकों पर बादल मेहरबान हो गए, जिससे कुछ स्थानों पर हल्की तो कहीं तेज आंधी तूफ़ान के साथ बूंदाबांदी दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार बुधवार को अधिकतम तापमान 44 डिग्री एवं न्यूनतम तापमान 30.2 डिग्री दर्ज किया गया।

### उमस ने बढ़ाई बैचेनी

शाम के समय हुई इस हल्की बूंदाबांदी ने तपते वातावरण को कुछ पलों के लिए तो शांत किया, लेकिन जमीन की तपन शांत न होने के कारण यह राहत जल्द ही भारी उमस में बदल गई। नौतपा के इन दिनों में लगातार एक जैसा ट्रेंड देखने को मिल रहा है दिन भर



रिकॉर्ड तोड़ गर्मी और शाम को बादलों की लुकाछिपी के साथ बौछारें।

मौसम का यही बार-बार बदलता मिजाज अब लोगों की सेहत पर भारी पड़ने लगा है। ठंडी-गर्मी के इस चक्र ने शहर में बीमारियों का ग्राफ तेजी से ऊपर खींच दिया है।

### पहले लू अब सर्दी बुखार कर रहा परेशान

मौसम में आ रहे इस अचानक बदलाव का सीधा असर शहर के स्वास्थ्य ढांचे पर दिखने लगा है। जिला अस्पताल से लेकर निजी क्लीनिकों और मेडिकल कॉलेज में मरीजों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है।

### अस्पताल पहुंच रहे डायरिया के मरीज

अस्पताल पहुंच रहे मरीजों में सबसे ज्यादा संख्या लू , डायरिया , पीलिया , दस्त के शिकार लोगों की है। इसके साथ ही, हवा में अचानक बढ़ती नमी और तापमान के उतार-चढ़ाव के कारण लोग सर्दी, खांसी, तेज बुखार और बदन दर्द जैसी समस्याओं से बुरी तरह परेशान हो रहे हैं। स्वास्थ्य विषेशज्ञों का कहना है कि नौतपा की गर्मी के बीच होने वाली यह बूंदाबांदी सेहत के लिहाज से सबसे खतरनाक होती है। ऐसे में बैक्टीरिया और वायरस बहुत जल्दी सक्रिय होते हैं। इसलिए शाम की ठंडी हवा या बौछार देखकर तुरंत ठंडी चीजों जैसे आइसक्रीम या फ्रिज का पानी के सेवन न करें।

घर से बाहर निकलते समय पानी की बोतल साथ रखें और खान-पान में पूरी तरह शुद्धता बरतें। फिलहाल, शुक्रवार को भी पश्चिमी हवाओं के प्रभाव और स्थानीय स्तर पर बादलों की आवाजाही के कारण ऐसा ही मिला-जुला मौसम बने रहने की आशंका है।

## चोरों ने कर दी तिजोरी साफ, सोता रहा परिवार

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में 27 वर्षीय नीलम साकेत निवासी चंद्रमोहन नगर ,वंशकार मोहल्ला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात लगभग 12 बजे वह अपने परिवार के साथ आंगन में सो गई थी। कमरे का दरवाजा खुला था सुबह लगभग 6 बजे उठकर उसके पति ने आलमारी में रखे मोबाइल को चार्ज करने के लिये आलमारी खोलकर देखा तो पाया की आलमारी का लॉकर खुला था लाकर में रखे सोने की बेंदी, कमरबंध, पायल, बच्चे का कमरबंध, एक जोड़ी पायल, बच्चे की एक जोड़ी छड, 12 छोटे लाकेट,और मोबाईल नहीं थे।

# ठेकेदार को पाइप चुराते अधिकारियों ने पकड़ा

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।।** मझौली थाने में इंद्राना पहाडी के पास पाईप चुराने का प्रयास किये जाने सूचना पर पहुंची पुलिस को 43 वर्षीय अनूप बाबू मिश्रा निवासी संजीवनीनगर ने बताया की वह अफकान्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड में प्रबंधक पी एण्ड ए के पद पर कार्यरत है।अफकान्स इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड का आफिस रायल सीनियर सेकेण्डरी स्कूल गेट नम्बर 1 संजीवनीनगर गढ़ा मे स्थित है। वह एमपी जल निगम के लिये जल आपूर्ति योजना के तहत जबलपुर मल्टी विलेजेस योजना में शहपुरा सिहोरा, पाटन पनागर और मझौली तहसील में जल आपूर्ति पाईप बिछाने और अन्य सिविल कार्य कर रहे हैं। 27 मई की रात लगभग 11 बजे उसे रोहित बर्मन हाईड्रा क्रमांक एमपी 20 एक्स सी 0417 के आपरेटर ने मोबाइल से सूचना दी कि मेसर्स कशिश कंस्ट्रक्शन के मालिक शिशुपाल निवासी जिला ललितपुर दैलवारा ,उत्तरप्रदेश जो कि ठेकेदार है के द्वारा इंद्राना पहाड़ी के पास जो 500 मिमी व्यास पाईप बिछाने के लिय रखे थे उन्हें लोड कराया जा रहा है, न तो हमने और न ही कम्पनी के किसी अधिकारी ने इनको रात में पाईप लोड करने के लिये बोला था। और ये पाइप चोरी करने की नियत से ट्रक में लोड कर दिये गये थे। जिसको हमारी टीम ने रात को पकड़ा ,ट्रक ड्रायवर ने अपना नाम प्रभू यादव बताया है ट्रक को स्टोर यार्ड मझौली में लाकर खड़ा कर दिये। जिसके बाद पुलिस ने लिखित शिकायत पर शिशुपाल के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया।

## रास्ता रोककर डिलेवरी बॉय को मारा चाकू

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** हनुमानताल थाने में 20 वर्षीय शैलेष नोरिया निवासी तेंदुखेड़ा ,नरसिंहपुर वर्तमान पता मदार टेकरी गेट,हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह जेमेटो खाना पार्सल का काम करता है। रात को वह अपनी बाइक क्रमांक एमपी 49 जेड डी 6516 से राजा रसगुल्ला के पास कोतवाली में पार्सल देकर वापस आ रहा था। अनवरगंज तिराहा के पास सुबह लगभग 4 बजे पहुँचा जहां तीन लड़के उसकी मोटर सायकल रोक लिये जिनमें एक व्यक्ति शिवम उर्फ शुभम सोनकर जो खाई मोहल्ला हनुमानताल में रहता है ने उसकी मोटर सायकल की चाबी निकाल ली, उसके द्वारा विरोध करने पर शुभम ने जबरदस्ती उसके जेब में रखे 800 रूपये नगद व पर्स छीन लिया पर्स में आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज रखे थे, शुभम सोनकर और देवराज और पिल्ला ने उसे चाकू मारते हुए घायल कर दिया।

# इलाज के दौरान वृद्धा की हुई मृत्यु

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में 35 वर्षीय कमलेश चक्रवर्ती निवासी ग्राम सहजपुर पानी की टंकी के पास भेड़ाघाट ने सूचना दी कि उसकी 57 वर्षीय मॉ कृष्णा बाई चक्रवर्ती का एक्सीडेंट 1 अप्रैल को सुबह लगभग 10 बजे सहजपुर के पास हुआ था जिससे मॉ को हाथ पैर, सिर व शरीर में चोटें आ गयीं थीं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। 11 अप्रैल को व्रद्धा को मेडिकल से डिस्चार्ज होने के बावजूद बीच बीच में मेडिकल कॉलेज में ही इलाज चल रहा था और उन्हें 24 मई को फिर एक बार मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था झना उनकी मृत्यु हो गयी है।

## युवक की डूबने से हुई मौत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भेड़ाघाट थाने में 26 वर्षीय अमन बर्मन निवासी माढ़ोताल ने सूचना दी कि वह पीओपी का काम करता है उसका साला राहुल बर्मन 24 मई को दोपहर लगभग 3 बजे तिलवारा घाट जाने कहकर गया था जो घर वापस नहीं आया। जिसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट उसने थाना तिलवारा में दर्ज कराई राहुल बर्मन की तलाश करने के दौरान नर्मदा नदी के गोपालपुर घाट में राहुल का शव पानी में उतराते मिला। उसके साले राहुल बर्मन उम्र 26 वर्ष निवासी छुई खदान गढ़ा की मृत्यु पानी में डूबने से हुई है। सूचना पर मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।



# मांगों को लेकर फैक्ट्री कर्मचारियों ने किया आंदोलन का शंखनाद

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

ऑल इंडिया डिफेंस एम्प्लॉयड फेडरेशन द्वारा सभा आयोजित की गयी। कॉमरेड एसएन पाठक ने जीसीएफ फैक्ट्री के विद्यानगर गेट पर सुबह साढ़े सात बजे कर्मचारियों को संबोधित करते हुए नेशनल जेसीएम काउंसिल में कैबिनेट सेक्रेटरी द्वारा दिए गए सर्विस कंडीशन एवं अनुकंपा नियुक्ति संबंधी आश्वासन की जानकारी कर्मचारियों को दी।

कॉमरेड पाठक ने कहा कि कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। विशेष रूप से एमसीएम से चार्जमैन पदोन्नति में हो रही अनावश्यक देरी को लेकर उन्होंने गुरुवार से आंदोलन का शंखनाद करने की घोषणा की। उन्होंने केंद्र सरकार एवं संबंधित प्रबंधन से मांग की कि रक्षा कर्मचारियों को रेलवे कर्मचारियों की तर्ज पर बेहतर वेतनमान, समयबद्ध पदोन्नति तथा अन्य सुविधाएं प्रदान की जाएं।

कार्यक्रम में मजदूर हथौड़ा संघ के अध्यक्ष विनय गुप्ता, रोहित यादव, राजा पांडे, अमित चंदेल, पार्थ ओझा सहित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# झुलसती गर्मी के बीच खुले आसमान के नीचे गर्भवती महिलाओं को लगाए जा रहे टीके

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में 5 दिन से बंद पड़ी बिजली, पीने को नहीं पानी

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** भीषण गर्मी के बीच स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोलता एक मामला सामने आया है। जिले के बरगी नगर क्षेत्र स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में बिजली और मूलभूत सुविधाएं न होने के कारण गर्भवती महिलाओं और नवजात बच्चों को पेड़ के नीचे बैठाकर टीके लगाए जा रहे हैं। इसका वीडियो सामने आने के बाद सीएमएचओ ने जांच के आदेश दिए हैं। जानकारी के मुताबिक शासन के निर्देशानुसार गर्भवती महिलाओं को हफ्ते में निर्धारित दिन टीकाकरण किया जाता है। बरगी नगर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में रोजाना करीब 20 से 25 गर्भवती महिलाएं और नवजात बच्चों को टीका लगवाने के लिए लाया जाता है। इन दिनों जिले में तापमान 44



डिग्री के आसपास पहुंच रहा है, ऐसे में महिलाओं को धूप और गर्मी के बीच पेड़ के नीचे बैठकर स्वास्थ्य सेवाएं लेना पड़ रही हैं।

### कई गांव की आबादी केंद्र पर निर्भर

स्वास्थ्य केंद्र में पदस्थ कर्मचारियों ने बताया कि लगभग 5 दिन पहले तेज हवा चलने के दौरान स्वास्थ्य केंद्र की बिजली लाइन का तार टूट गया था। इसके बाद कई बार बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को सूचना दी गई, लेकिन अब तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। बिजली नहीं होने के कारण केंद्र में पंखे और अन्य व्यवस्थाएं बंद हैं, जिससे मजबूरी में बाहर पेड़ के नीचे बैठकर टीकाकरण और उपचार करना पड़ रहा है।

कर्मचारियों के अनुसार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उल्टी, दस्त और बुखार से पीड़ित मरीज भी इलाज के लिए पहुंचते हैं। बताया जा रहा है कि कई गांव की आबादी इस केंद्र पर निर्भर है, लेकिन यहां पर्याप्त स्टाफ तक उपलब्ध नहीं है। वर्तमान में केवल सेक्टर सुपरवाइजर और सीएचओ ही व्यवस्थाएं संभाल रहे हैं। स्वास्थ्य केंद्र में न तो डॉक्टर पदस्थ हैं और न ही स्टाफ नर्स की व्यवस्था है। स्थानीय कर्मचारियों ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नई बिल्डिंग भी बनाई गई है, लेकिन वहां भी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं होने के कारण उसे शुरू नहीं किया जा सका है। यहां तक कि पीने के पानी की व्यवस्था भी नहीं है। मामले को लेकर सीएमएचओ डॉ. नवीन कोठारी ने कहा कि पूरे मामले की जांच कराई जाएगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि स्वास्थ्य केंद्र की व्यवस्थाएं जल्द दुरुस्त की जाएंगी। बिजली समस्या को लेकर संबंधित विभाग से चर्चा कर लाइन सुधारने का काम कराया जाएगा।

# पानी चोरी पर सख्त हुई नगर पालिका

## जलप्रदाय विभाग ने 7 मोटर पंप किए जब्त, सीएमओ ने कहा आगे भी रहेगा जारी अभियान

बालाघाट(स्वतंत्र मत)।




भीषण गर्मी और लगातार गिरते जलस्तर के बीच बालाघाट नगर इन दिनों गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहा है। कई वार्डों में सीमित समय के लिए जलापूर्ति की जा रही है, जबकि कुछ क्षेत्रों में टैंकरों के माध्यम से पानी पहुंचाया जा रहा है। ऐसे कठिन समय में कुछ लोगों द्वारा नल कनेक्शन में अवैध रूप से मोटर पंप एवं टिल्लू पंप लगाकर जरूरत से ज्यादा पानी खींचे जाने की शिकायतें लगातार सामने आ रही थीं। इन शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए नगरपालिका प्रशासन ने गुरुवार को विशेष जांच अभियान चलाकर कार्रवाई की।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) सूर्यप्रकाश उइके के निर्देश पर नगरपालिका के जलप्रदाय विभाग की टीम ने वार्ड क्रमांक 33 सहित विभिन्न वार्डों में छापामार कार्रवाई की। जांच के दौरान 7 मोटर पंप जब्त किए गए, जो सीधे नल कनेक्शन में लगाकर पानी खींचने के लिए उपयोग किए जा रहे थे। विभागीय अधिकारियों के अनुसार इस तरह मोटर लगाकर पानी खींचने से पाइपलाइन का प्रेशर प्रभावित होता है और आसपास के घरों तक पर्याप्त पानी नहीं पहुंच पाता, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

### निजी स्वार्थ के लिए खींच रहे थे अधिक पानी

नगरपालिका प्रशासन को इस संबंध में लगातार शिकायतें मिल रही थीं। कई नागरिकों ने सीएम हेल्पलाइन में भी शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया था कि कुछ लोग निजी स्वार्थ के लिए अधिक पानी खींच रहे हैं, जिसके कारण अन्य परिवारों के नलों में पानी तक नहीं पहुंच पा रहा। शिकायतों के बाद नगरपालिका ने पहले मुनादी और समझाइश के माध्यम से लोगों को चेतावनी दी थी कि वे नल कनेक्शन में मोटर पंप का उपयोग न करें। बावजूद इसके नियमों का उल्लंघन जारी रहने पर अब प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है।

कार्रवाई के दौरान जब्त मोटरों का पंचनामा तैयार किया गया है तथा संबंधित लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। नगरपालिका अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आने वाले दिनों में यह अभियान और तेज किया जाएगा तथा हर वार्ड में औचक निरीक्षण किए जाएंगे। नगरपालिका की इस कार्रवाई को आम नागरिकों ने जरूरी कदम बताते हुए स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि जल संकट के समय सभी को समान रूप से पानी मिलना चाहिए और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई होना आवश्यक हैं।

### इनकी रही मौजूदगी

कार्रवाई के दौरान उपयंत्री ज्योति मेश्राम, जलप्रदाय शाखा प्रभारी भुवनेश्वर शिव, राजकुमार कावरे, पुनीत बिसेन, संदीप श्रीवास्तव, शंकर, मुन्ना, गोविंद, विनोद, रामप्रसाद, भीकू एवं संतोष नागेश्वर सहित नगरपालिका का अमला मौजूद रहा।

### इनका कहना है

नगर में जल संकट की स्थिति बनी हुई है। ऐसे समय में सभी नागरिकों की जिम्मेदारी है कि वे पानी का उपयोग संयम और नियमों के अनुसार करें। कुछ लोगों द्वारा मोटर लगाकर अतिरिक्त पानी खींचने से पूरे क्षेत्र की जलापूर्ति प्रभावित होती है। नियम तोड़ने वालों के खिलाफ आगे भी लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

**सूर्यप्रकाश उइके,सीएमओं**
**नगर पालिका बालाघाट**

# वृद्ध बैगा महिला के घर का हैंडपंप सुधरा, नल-जल योजना बहाल

बालाघाट(स्वतंत्र मत)



विगत दिनों सोशल मीडिया एवं विभिन्न समाचार माध्यमों में ग्राम नाटा (पंडाटोला), तहसील परसवाड़ा में पेयजल संकट तथा विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की वृद्ध महिला श्रीमती लालती बाई मेरावी को पानी की समस्या होने संबंधी समाचार प्रमुखता से प्रसारित हुए थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए जिला प्रशासन बालाघाट ने तत्काल संज्ञान लेते हुए त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की है। 27 मई 2026 को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) परसवाड़ा श्रीष प्यासी, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) के एसडीओ, संबंधित उपयंत्री एवं तकनीकी अमले ने ग्राम नाटा का संयुक्त आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान पेयजल व्यवस्था की विस्तृत जांच कर मौके पर ही आवश्यक सुधारात्मक एवं दण्डात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। निरीक्षण में पाया गया कि वृद्ध महिला श्रीमती लालती बाई मेरावी के घर के सामने स्थित हैंडपंप दो दिन पूर्व तकनीकी खराबी के कारण बंद हो गया था। पीएचई विभाग की मैकेनिक टीम ने तत्काल मरम्मत कार्य करते हुए हैंडपंप को पुनः चालू कर दिया। वर्तमान में वहां सुचारू रूप से पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। संयुक्त निरीक्षण के दौरान यह भी सामने आया कि पंडा टोला में जल-शोधन योजना की मोटर चोरी हो जाने तथा बीजा टोला में नए ट्यूबवेल में मोटर स्थापित नहीं होने के कारण नल-जल योजना प्रभावित थी। इस पर प्रशासन ने संबंधित ठेकेदार को कड़े निर्देश जारी करते हुए आगामी दो दिनों के भीतर नई मोटर स्थापित कर जलप्रदाय बहाल करने को कहा गया था। समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं होने पर वैधानिक एवं अनुबंधात्मक कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई थी। पीएचई विभाग द्वारा 28 मई को ग्राम पंडा टोला नाटा में सोलर पंप स्थापित कर मोटर के माध्यम से जलप्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। उक्त ग्राम में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित नवीन सड़क के कारण एमडीपीई कनेक्शन पाइप दब गए हैं, जिनके सुधार का कार्य लगभग 3 दिवस में पूर्ण कर सभी घरों में नल के माध्यम से जलप्रदाय सुनिश्चित किया जाएगा। ग्राम की अन्य बसाहट बीजा टोला में विभाग द्वारा सिंगल फेज मोटर स्थापित कर स्पॉट पर जलप्रदाय प्रारंभ कर दिया गया है। निरीक्षण दल ने ग्राम नाटा के अन्य टोलों – पटेल टोला, नाका टोला एवं नीमटोला का भी भौतिक सत्यापन किया, जहां नल-जल योजना सुचारू रूप से संचालित पाई गई। इसके अलावा समीपवर्ती ग्राम बरिया, मुन्नू टोला एवं नरवरी टोला में भी जल जीवन मिशन के अंतर्गत स्थापित योजनाएं नियमित रूप से संचालित पाई गईं। एसडीएम परसवाड़ा श्री प्यासी ने स्पष्ट किया है कि ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में स्वच्छ पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# दो दिनों में 13 लोगों को आवारा श्वानों ने किया घायल

**कटंगी(स्वतंत्र मत)।** कटंगी क्षेत्र में आवारा कुत्तों के हमलों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। बीते दो दिनों में 13 लोग डॉग बाइट का शिकार हुए हैं। इनमें मासूम बच्चे से लेकर बुजुर्ग तक शामिल हैं। ग्राम खजरी में गुरुवार को तीन बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। जिससे गांव में भय का माहौल है। लोग घरों से बाहर निकलने से डर रहे हैं। बच्चों पर सबसे अधिक खतरा मंडरा रहा है। बुधवार, 27 मई को बीसापुर, कन्हार टोला, कटेधरा, कामठी, मोहगांव, कोड़मी, कटंगी वार्ड क्रमांक 03, लोहमारा और उजाड़बोपली के 10 लोग आवारा कुत्तों के हमले का शिकार हुए। वहीं गुरूवार को ग्राम खजरी में तीन बच्चों पर एक आवारा कुत्ते ने हमला कर घायल कर दिया। जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कटंगी में प्राथमिक उपचार प्रदान किया गया। उपचार के दौरान कुछ अभिभावक अस्पताल में एंटी रैबिज इंजेक्शन ना होने को लेकर भी विवाद करते हुए सुनाई दिए। हालांकि उपचार मिलने के बाद परिजनों का आक्रोश शांत हुआ। प्राप्त जानकारी अनुसार बुधवार 27 मई को आवारा कुत्ते ने ग्राम बीसापुर में 08 वर्षीय अन्यया, कन्हार टोला में 60 वर्षीय सुखराम वाड़िवे, कटेधरा में 15 वर्षीय आरूषी ठाकरे, कामठी में 52 वर्षीय बिहारीलाल, मोहगांव में 40 वर्षीय मुकेश बिसेन, कोड़मी में 17 वर्षीय पीयूष भलावी, कटंगी वार्ड क्रमांक 03 में 69 वर्षीय लक्ष्मी वेदवानी, लोहमारा में 15 वर्षीय रंजित ठाकरे और 16 वर्षीय साहिल के अलावा उजाड़बोपली में 20 वर्षीय प्रकाश पर हमला कर घायल कर दिया। गुरुवार, 28 मई को ग्राम खजरी में संगम पिता गोविंद राहंगडाले (11 वर्ष) कृष्णा पिता पंकज अमूले (11 वर्ष) तोपेश पिता दुर्गेश तुरकर (12 वर्ष) इन तीनों बच्चों पर आवारा कुत्ते ने हमला कर दिया। ग्राम खजरी में लोग मान रहे हैं कि हमला करने वाला कुत्ता पागल हो चुका है। ऐसे में बच्चे घरों से बाहर नहीं निकल रहे। महिलाएँ खेतों में जाने से डर रही हैं।

# नगर परिषद लेखापाल की मनमानी

## बिना एनओसी के कर रहे मकान निर्माण, तालाब की भूमि में अवैध कब्जे का भी आरोप

कटंगी(स्वतंत्र मत)



नगर परिषद कटंगी में पदस्थ लेखापाल अशोक दुबे के द्वारा बिना एनओसी (अनापत्ति प्रमाण पत्र) के मकान निर्माण का मामला सामने आया है। यह मामला तब उजागर हुआ जब पड़ोसी नरेश कटारिया ने एक गली की जगह को लेकर आपत्ति दर्ज की। शिकायत के बाद भी निर्माण कार्य नहीं रुका और इससे नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठने लगे हैं। छतेरा रोड पर अशोक दुबे द्वारा किए जा रहे निर्माण को लेकर पड़ोसी नरेश कटारिया ने नगर परिषद के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) राधेश्याम चौधरी और उपयंत्री राजेश चौकसे से शिकायत की। सीएमओ ने कार्य रुकवाने का आश्वासन दिया, लेकिन निर्माण कार्य जारी रहा। इससे स्पष्ट होता है कि नगर परिषद के जिम्मेदार अधिकारी शिकायतों को गंभीरता से नहीं ले रहे।

नरेश कटारिया ने सीएमओ को शिकायत में बताया कि लेखापाल अशोक दुबे बिना एनओसी लिए ही मकान का निर्माण कर रहे है। नरेश कटारिया ने बकायदा 4 दिन पहले नगर परिषद में एक आवेदन लगाकर मकान निर्माण के लिए अशोक दुबे के द्वारा ली गई एनओसी की प्रतिलिपि की मांग रखी। उपयंत्री राजेश चौकसे ने यह प्रतिलिपि बुधवार 27 मई तक आवेदक को नहीं दी। जिससे प्रतीत हो रहा है कि उपयंत्री भी लेखापाल को विभागीय संरक्षण दे रहे है। बता दें कि अशोक दुबे ने बड़ा तालाब की भूमि पर भी अवैध कब्जा कर दुकान का निर्माण किया है। इस दुकान को किराए पर देकर वह आर्थिक लाभ अर्जित कर रहे हैं।

**नगर परिषद के दोहरे मापदंड**- शहर में अगर आम नागरिक यदि बिना एनओसी के निर्माण करते हैं तो नगर परिषद तत्काल कार्रवाई करती है। लेकिन जब नगर परिषद का लेखापाल नियमों को ताक पर रखकर निर्माण करता है, तो जिम्मेदार अधिकारी चुप्पी साधे हुए है। सीएमओ अपने ही मातहत कर्मचारी के खिलाफ कार्रवाई करने की हिम्मत नहीं जुटा पा रहे है। वहीं सीएमओ के मौखिक निर्देश को लेखापाल नजरअंदाज कर रहे है। खैर, यह दोहरा रवैया प्रशासन की निष्पक्षता पर प्रश्नचिह्न लगाता है। यह मामला नगर परिषद की प्रशासनिक विफलता को उजागर करता है। जब जिम्मेदार अधिकारी ही नियमों का पालन नहीं करेंगे तो आम जनता से नियम पालन की अपेक्षा करना बेमानी है। इस पूरे मामले को लेकर जब उपयंत्री राजेश चौकसे से संपर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव नहीं किया। जबकि सीएमओ शिकायतकर्ता को लगातार कार्रवाई करने का झूठा आश्वासन देते रहे।

**नगर परिषद में दो कर्मचारियों का दबदबा**- नगर परिषद कटंगी में लेखापाल अशोक दुबे और उपयंत्री राजेश चौकसे लंबे समय से अपनी मनमानी चला रहे हैं। इनका दबदबा इतना है कि जनप्रतिनिधि पार्षद और अध्यक्ष भी इनके सामने बेबस नजर आते हैं। मौजूदा विधायक गौरव सिंह पारधी से इन दोनों कर्मचारियों की शिकायतें की गईं, लेकिन उन पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। जनचर्चा है कि विधायक भी इन कर्मचारियों पर मेहरबान हैं। इससे यह संदेह और गहरा होता है कि भ्रष्टाचार और अवैध गतिविधियों को राजनीतिक संरक्षण प्राप्त है। विगत दिनों जब उपयंत्री राजेश चौकसे ने विधायक आवास के सामने अपनी भूमि पर बाउंड्रीवॉल तान दी और विधायक आवास तक जाने का प्रमुख मार्ग बंद हो गया तो विधायक भी मुंह ताकते रह गए। दिलचस्प बात तो यह है कि इन दोनों कर्मचारियों को न वरिष्ठ अधिकारियों का डर है और न ही नेताओं का। अफसरों और नेताओं को गुमराह कर आर्थिक लाभ पहुंचाने की चर्चाएं आम हैं।

# स्वदेशी स्वावलंबन पर हुई बैठक स्वदेशी अपनाने की ली गई शपथ



उमरिया (स्वतंत्रमत)

स्वदेशी स्वावलंबनश् (या स्वदेशी और आत्मनिर्भरता) पर समय-समय पर विभिन्न स्तरों पर कई महत्वपूर्ण बैठकें, विचार वर्ग और संगोष्ठियां आयोजित की जाती रही हैं। इन बैठकों का मुख्य उद्देश्य स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना, विदेशी वस्तुओं के विकल्प खोजना और युवाओं को रोजगार से जोड़ना है। इसी संबंध में बुधवार 27 मई को स्वदेशी स्वावलंबन के संबंध में नगर के स्वर्णिम गार्डन में बैठक आयोजित की गई। बैठक में मध्य क्षेत्र एवं पश्चिम क्षेत्र के संगठन मंत्री श्री केशव डुबोलिया जी तथा प्रांत संचालक स्वदेशी श्री कपिल मलैया जी सागर विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने भारत को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्वदेशी विचारधारा को समाज के प्रत्येक वर्ग तक पहुंचाने की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने स्थानीय उत्पादों को अपनाने, छोटे उद्योगों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को रोजगार के अवसरों से जोड़ने पर विशेष जोर दिया।इस अवसर पर सभी उपस्थितजनों ने स्वदेशी वस्तुओं के अधिक से अधिक उपयोग करने एवं स्वदेशी अपनाने की शपथ ली। बैठक में स्वदेशी के महत्व, आत्मनिर्भर भारत एवं स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने पर विस्तार से चर्चा की गई।बैठक में नगर के प्रबुद्धजनों ने भी अपने विचार रखे और स्वदेशी को अपनाने का प्रण लिया। बैठक सफलतापूर्वक संपन्न हुई।

### बकरीद पर्व के दौरान सुदृढ़ कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए जिले भर में चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था लगाई गई

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** गुरुवार 28 मई को बकरीद (ईद-उल-अजहा) पर्व के दौरान सुदृढ़ कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस अधीक्षक अधीक्षक उमरिया श्री विजय भागवानी के दिशा-निर्देश पर जिले भर में चाक-चौबंद पुलिस व्यवस्था लगाई गई है साथ ही प्रमुख मस्जिदों, ईदगाहों एवं सार्वजनिक स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। संवेदनशील एवं भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया गया। पुलिस अधिकारियों द्वारा लगातार भ्रमण कर स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है तथा शांति समिति के सदस्यों एवं गणमान्य नागरिकों से समन्वय स्थापित कर सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने की अपील की जा रही है।

# प्रशिक्षण वर्ग के दौरान नवाचार से भाजपा जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल सहित पूरी टीम की हो रही सराहना

उमरिया (स्वतंत्रमत)




जिले के ताला बांधवगढ़ स्थित नेचर हेरिटेज रिसॉर्ट में दो दिवसीय जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग के दौरान कई नवाचार दिखाई दिए, जिसके कारण प्रशिक्षण में शामिल अपेक्षित कार्यकर्ता और तमाम विषयों को लेकर व्याख्यान देने आए अतिथियों ने जमकर सराहना की है। भारतीय जनता पार्टी उमरिया के द्वारा बांधवगढ़ में स्थित नेचर हेरिटेज रिसोर्ट में दो दिवसीय जिला स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण वर्ग का आयोजन 25 और 26 मई को किया गया था। जिसमें समस्त जिला कार्यकारिणी की टीम, समस्त मंडलों के मंडल अध्यक्ष और महामंत्री, मोर्चा प्रकोष्ठों के अध्यक्ष संयोजक महामंत्री, समस्त पूर्व जिला अध्यक्ष, जन प्रतिनिधिग सहित एन अपेक्षित कार्यकर्ताओं का 2 दिनों का आवासीय प्रशिक्षण वर्ग रहा है। दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग को 12 सत्रों में विभाजित किया गया था और इन सभी सत्रों के विषयों पर व्याख्यान देने बाहर से अतिथि के रूप वरिष्ठ भाजपा नेता पहुंचे हुए थे। इस दौरान सभी ने देखा कि भारतीय जनता पार्टी जिला उमरिया की टीम ने अपने कई वर्षों पुराने भाजपा के कार्यकर्ता जो अब इस दुनिया में नहीं है, उन्हें श्रद्धांजलि देने के लिए एक स्टॉल लगाया जिसमें लगभग सभी मृत कार्यकर्ताओ की फोटो लगाई गई थी जिन्हें सभी अतिथिगण और प्रशिक्षण में शामिल लोगों ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि कई कार्यकर्ताओ की मृत्यु 20 से 25 साल पहले हो चुकी थी उनकी तस्वीर एकत्रित करने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। लेकिन उनके परिजनों और इष्ट मित्रों से संपर्क कर यह सब कुछ संभव हो पाया। तब जाकर प्रशिक्षण वर्ग के दौरान दिवंगत हो चुके कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि देने का कार्यक्रम सफल हो पाया। उन्होंने यह भी बताया कि कुछ मृत कार्यकर्ताओं के परिवार से संपर्क लगभग खत्म हो चुका था, लेकिन तस्वीर के बहाने उनके परिजनों से बातचीत के दौरान उनका हाल-चाल लेकर संबंधों में नया जुड़ाव हुआ है।

### बाघ हमले की घटना में साहसिक कार्य हेतु रेंज ऑफिसर अंजू वर्मा सम्मानित

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व के पनपथा बफर परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम खेरवा टोला में 24 मई 2026 की रात्रि एक बाघ के घर में प्रवेश कर हमला करने से एक महिला की मृत्यु हो गई तथा एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घटना की सूचना मिलते ही परिक्षेत्र अधिकारी पतौर सुश्री अंजू वर्मा अपने स्टाफ के साथ तत्काल मौके पर पहुँचीं और घायल व्यक्तियों को उपचार हेतु अस्पताल पहुँचाने तथा रेस्क्यू कार्य में सहयोग प्रदान किया।घटना के दौरान क्षेत्र में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे तथा परिस्थितियाँ अत्यंत संवेदनशील बनी हुई थीं। चुनौतीपूर्ण हालात के बीच सुश्री अंजू वर्मा ने धैर्य, साहस एवं सूझबूझ का परिचय देते हुए प्रशासन एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय स्थापित किया तथा स्थिति को नियंत्रित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।



# उमरिया में पहली बार होने जा रहा है शतरंज का टूर्नामेंट

उमरिया (स्वतंत्रमत)



जिला शतरंज संघ शहडोल की एक महत्वपूर्ण बैठक उमरिया में संपन्न हुई। इस बैठक में उमरिया जिले के खेल इतिहास का एक बड़ा और ऐतिहासिक फैसला लिया गया है। उमरिया में आगामी 5 जुलाई 2026 को एक विशाल एक दिवसीय शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। उमरिया के इतिहास में यह पहला मौका होगा जब इतने बड़े पैमाने पर किसी शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है।यह पूरा टूर्नामेंट श्रीमती प्रतिमा सोनी के कुशल मार्गदर्शन और पर्यवेक्षण में आयोजित होगा। इस ऐतिहासिक प्रतियोगिता को लेकर शतरंज प्रेमियों में भारी उत्साह है। टूर्नामेंट में शहडोल संभाग, कटनी जिला सहित अन्य कई नजदीकी जिलों से 200 से अधिक शतरंज खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना है। खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाने के लिए आयोजकों ने बड़े पुरस्कारों की घोषणा की है। टूर्नामेंट में कुल 41,000 की नकद पुरस्कार राशि और 55 से अधिक भव्य ट्रॉफियां दी जाएंगी। यह पुरस्कार निम्नलिखित श्रेणियों में बांटे जाएंगे..ओपन कैटेगरी' (सभी के लिए) आयु वर्ग- (9 वर्ष, 11 वर्ष, 13 वर्ष, 15 वर्ष, 17 वर्ष और 19 वर्ष) महिला वर्ग' 19 वर्ष से ऊपर, वेटरन्स वर्ग-सीनियर सिटीजन, दिव्यांग वर्ग. 3-बेस्ट उमरिया खिलाड़ी' (उमरिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए) सबसे छोटा लड़का और सबसे छोटी लड़की. विद्यालयीन सहभागिता प्रथम एवं द्वितीय.सभी खिलाड़ियों को -मेडल। शहर के गणमान्य नागरिकों ने दीं शुभकामनाएं' इस ऐतिहासिक आयोजन की खबर मिलते ही उमरिया के कई समाजसेवियों, प्रतिष्ठित व्यवसायियों और खेल प्रेमियों ने खुशी जाहिर की है। सभी ने टूर्नामेंट की सफलता के लिए अपनी अग्रिम शुभकामनाएं और बधाई संदेश भेजे हैं।जिला शतरंज संघ के पदाधिकारियों के अनुसार, टूर्नामेंट के नियम, वेन्यू (स्थान) और रजिस्ट्रेशन की पूरी विस्तृत जानकारी जल्द ही साझा की जाएगी।

### खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए लगातार कार्यवाही जारी

**उमरिया (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ प्रशासन द्वारा लगातार कार्रवाई की जा रही है। कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय के निर्देश पर खनिज विभाग की टीम ने चंदिया तहसील अंतर्गत महानदी फॉरेस्ट बैरियर के पास एक ट्रक को जांच के दौरान पकड़ा।खनिज अधिकारी डॉ. विद्याकांत तिवारी, सहायक खनिज अधिकारी दिवाकर चतुर्वेदी, खनि निरीक्षक प्रभात कुमार पट्टा एवं प्रभारी खनि निरीक्षक एन.एस. आर्मो की टीम द्वारा की गई कार्रवाई में ट्रक क्रमांक एमपी 18 जेडडी 6011 को रोककर जांच की गई। जांच के दौरान वाहन में खनिज कोयला का अवैध परिवहन पाया गया।कार्रवाई के दौरान ट्रक को जब्त कर चंदिया थाना में अभिरक्षा में रखा गया है। मामले में मध्यप्रदेश खनिज अवैध उत्खनन, परिवहन तथा भंडारण का निवारण नियम 2022 के तहत कार्रवाई की जा रही है।



# शराब के अवैध कारोबार पर पुलिस का शिकंजा

## बिछिया और बम्हनी पुलिस ने की ताबड़तोड कार्यवाही, माफिया लगा रहे जुगाड़





मण्डला/बिछिया (स्वतंत्रमत)।

जिले में पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के दिशा-निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में जिले में चल रही अवैध गतिविधियो पर शिकांजा कसा जा रहा है जिसके चलते पुलिस लगातार अवैध शराब पर दबिश देते हुए गुरूवार को बड़ी कार्यवाही की है जिससे शराब माफियाओं में हड़कंप मचा है। जानकारी के अनुसार जिले में अवैध शराब के निर्माण संग्रहण एवं परिवहन के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत थाना बिछिया पुलिस एवं थाना बम्हनी पुलिस ने बड़ी कार्यवाही करते हुए अवैध शराब परिवहन का खुलासा किया है। बिछिया पुलिस ने एक बोलेरो वाहन से भारी मात्रा में देशी एवं अंग्रेजी शराब जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है एसडीओपी सौरव तिवारी के मार्गदर्शन में थाना बिछिया पुलिस द्वारा यह कार्यवाही की गई पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक सफेद बोलेरो वाहन क्रमांक एमपी51बीबी1219 में अवैध शराब भरकर बिछिया से औरई की ओर ले जाई जा रही है। सूचना के आधार पर थाना बिछिया पुलिस ने नीरज जल के सामने एनएच-30 बंजारी क्षेत्र में योजनाबद्ध तरीके से नाकाबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका स्वतंत्र गवाहों की मौजूदगी में वाहन की तलाशी लेने पर उसमें बड़ी मात्रा में अवैध शराब बरामद हुई कार्यवाही के दौरान वाहन से 300 क्वार्टर देशी मदिरा प्लेन, 125 क्वार्टर गोवा शराब, 24 बीयर बोतल एवं 24 बीयर केन 500 एमएल सहित कुल लगभग 104.1 लीटर शराब बरामद की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 48,555 बताई गई है। पुलिस ने आरोपी शेषनारायण शुक्ला पिता श्रीराम हर्ष शुक्ला उम्र 23 वर्ष निवासी भटरी थाना राजापुर जिला चित्रकूट उत्तरप्रदेश को गिरफ्तार किया। आरोपी से शराब परिवहन संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गए लेकिन वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका अवैध शराब परिवहन पाए जाने पर पुलिस ने शराब एवं बोलेरो वाहन सहित कुल 5,48,555 मूल्य की संपत्ति जब्त की है। आरोपी के विरुद्ध थाना बिछिया में धारा 34(2) आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी गई है।

### अल्टो कार में पकड़ाई अवैध शराब

वहीं बुधवार की देर रात बिछिया पुलिस ने कार्यवाही करते हुए एक ऑटो कार से करीब 35 लीटर अवैध शराब जब्त की है। पुलिस ने वाहन की तलाशी के दौरान चार पेटी एमडी रम बरामद की जिसकी कुल मशरूका लगभग 2 लाख 36 हजार रुपये बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में अवैध रूप से शराब परिवहन की जा रही है। सूचना के आधार पर बिछिया पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध ऑटो कार को रोका और तलाशी ली। तलाशी के दौरान वाहन से करीब 35 लीटर शराब बरामद हुई। पुलिस ने मौके से आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34(1) के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई है। फिलहाल पुलिस यह पता लगाने में जुटी है कि शराब कहां से लाई जा रही थी और इसकी सप्लाई कहां की जानी थी। वहीं इस कार्रवाई को लेकर क्षेत्र में अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी बिछिया निरीक्षक रंजीत सिंह सैयाम के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक बालमुकुंद चौरसिया, राजेश यादव, शिव शंकर राजपूत, प्रधान आरक्षक योगेश सरोते, आरक्षक सुनीराम मरावी, भीकम सिंह एवं महेंद्र रहंगडाले की विशेष भूमिका रही।

### बम्हनी पुलिस ने बनाया मामला

*जिले में अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बम्हनी बंजर पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है पुलिस ने कार्यवाही करते हुए करीब 2 लाख 62 हजार रुपये कीमत की अवैध शराब जप्त की है बताया जा रहा है कि शराब की यह खेप मोचा क्षेत्र से मंडला की ओर लाई जा रही थीजानकारी के अनुसार बम्हनी बंजर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक वाहन में भारी मात्रा में अवैध शराब परिवहन की जा रही है सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी कर संदिग्ध वाहन को रोका और तलाशी ली जांच के दौरान वाहन से बड़ी मात्रा में शराब बरामद हुई जिसके बाद पुलिस ने वाहन सहित शराब को अपने कब्जे में ले लिया। मामले में संबंधित आरोपियों से पूछताछ की जा रही है तथा यह पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है कि शराब की खेप कहां से लाई जा रही थी और इसे किन क्षेत्रों में खपाने की तैयारी थी। बम्हनी पुलिस की इस कार्यवाही से अवैध शराब कारोबारियों में हड़कंप मच गया है क्षेत्र में लगातार बढ़ रही अवैध शराब तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत लगातार कार्यवाही की जा रही है पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट सहित अन्य संबंधित धाराओं के तहत कार्यवाही की जा रही है।*

# विधायक वरकड़े ने किया कुंभेश्वर घाट का लोकार्पण



मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।

जल गंगा संवर्धन अभियान एवं गंगा दशहरा के पावन अवसर पर निवास विधानसभा क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक चैनसिंह वरकड़े द्वारा विकासखंड नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत कूम्हा स्थित मां नर्मदा के पवित्र तट कुंभेश्वर घाट पर निर्मित सीढ़ियों का विधिवत लोकार्पण किया गया विधायक निधि से लगभग 10 लाख की लागत से निर्मित इन सीढ़ियों के बनने से अब श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों को घाट तक पहुंचने में काफी सुविधा मिलेगी। माँ नर्मदा के दर्शन एवं स्नान के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुगम मार्ग उपलब्ध होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष का वातावरण है लोकार्पण कार्यक्रम के दौरान विधायक चैनसिंह वरकड़े ने कहा कि क्षेत्र के विकास और आमजन की सुविधाओं के लिए वे निरंतर प्रतिबद्ध हैं। धार्मिक स्थलों के संरक्षण और मूलभूत सुविधाओं के विस्तार से क्षेत्र की सांस्कृतिक पहचान भी मजबूत होती है इस अवसर पर ग्राम पंचायत कूम्हा सरपंच अखिलेश मरावी, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजुल ज्योतिषी, वरिष्ठ कार्यकर्ता मांगन सोनी, रघुनंदन विश्वकर्मा, कलिराम दादा, रतन सिंह वरकड़े, संदीप सोनी, रितेश ट्विंकल सोनी, राजकुमार तेकाम, रूपेश अग्रवाल, हिरदेश साहू, सौरभ साहू, मयूर श्रीवास, चेतराम, गंगाराम यादव एवं ग्राम पंचायत सचिव दीपचंद साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे ग्रामीणों एवं श्रद्धालुओं ने घाट निर्माण कार्य के लिए विधायक चैनसिंह वरकड़े का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्माण कार्य क्षेत्र के लिए बड़ी सौगात है। ग्रामीणों ने विधायक द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे जनहितकारी कार्यों की अपेक्षा जताई कार्यक्रम में अखिलेश मरावी, इमरत लाल धुर्वे, गंगाराम यादव, बसंत वरकड़े, मिथलेश बैरागी, कुन्नीलाल मलगाम, रामकृष्ण पटवा एवं अशोक मरावी सहित अनेक ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आयोग सदस्य आज लेंगे बैठक

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य प्रियंक कानूनगो 29 मई को जिले के भ्रमण पर आएंगे। इस संबंध में कलेक्टर कार्यालय द्वारा जिले के सभी विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं। जारी पत्र के अनुसार सदस्य कानूनगो 29 मई को अपराह्न 3 बजे मंडला पहुंचेंगे तथा शाम 4 बजे जिला योजना भवन में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं एवं कल्याणकारी कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक लेंगे। बैठक में जिले के सभी संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। कलेक्टर कार्यालय द्वारा विभागों से कहा गया है कि राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग द्वारा निर्धारित विषयवार योजनाओं एवं कानूनी बिंदुओं से संबंधित जानकारी की सॉफ्ट एवं हार्ड कॉपी तत्काल उपलब्ध कराई जाए। साथ ही विभागीय जानकारी के साथ अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश भी दिए गए हैं, ताकि जिले की समेकित जानकारी आयोग के समक्ष प्रस्तुत की जा सके। यह दौरा जिले में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं मानव अधिकारों से जुड़े मुद्दों एवं प्रशासनिक व्यवस्थाओं की समीक्षा के दृष्टिगत महत्वपूर्ण माना जा रहा है।



## प्रमुख स्थानों पर लगाए प्याऊ

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मानव सेवा ही माधव सेवा है के पावन उद्देश्य को साकार करते हुए हरे माधव परमार्थ सत्संग समिति द्वारा भीषण गर्मी के बीच नगर एवं उपनगर महाराजपुर में जनसेवा का कार्य किया जा रहा है। समिति द्वारा शहर के प्रमुख एवं अत्यधिक आवागमन वाले स्थानों पर लगभग 25 हरे माधव प्याऊ स्थापित किए गए हैं जहां राहगीरों एवं आम नागरिकों के लिए शीतल पेयजल की व्यवस्था की गई है गर्मी के बढ़ते तापमान के बीच समिति की यह पहल लोगों के लिए राहत का माध्यम बन रही है। तपती धूप में सफर कर रहे राहगीर, मजदूर, छात्र एवं अन्य नागरिक इन प्याऊ केंद्रों पर रुककर ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। सेवा कार्य से लोगों को काफी संतोष एवं तृप्ति मिल रही है।

## महिला और नवजात की बची जान

**मण्डला (स्वतंत्र मत)।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.जे. मोहंती ने बताया कि विकासखंड मवई के ग्राम सेंदी निवासी गर्भवती महिला श्रीमती सुकरतीन बाई धुर्वे को स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और समय पर उपचार मिलने से सुरक्षित प्रसव कराया गया तथा जच्चा-बच्चा दोनों स्वस्थ हैं। गर्भवती महिला का पंजीयन एवं नियमित स्वास्थ्य परीक्षण किया गया था। जांच में महिला को हाई ब्लडप्रेशर एवं खून की कमी के कारण हाईरिस्क श्रेणी में चिन्हित किया गया। संभावित प्रसव तिथि से पहले स्वास्थ्य कार्यकर्ता, सीएचओ एवं एएनएम द्वारा महिला को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मवई के बर्थ वेटिंग होम में सुरक्षित प्रसव के लिए भर्ती कराया गया। खून की कमी के चलते महिला को जिला चिकित्सालय रेफर कर भर्ती कराया गया। उपचार के दौरान महिला अस्पताल से बिना सूचना के चली गई थी। बाद में स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं द्वारा उसे वापस स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और जिला स्तरीय टीम एवं चिकित्सकों ने काउंसलिंग कर पुन: 108 एम्बुलेंस के माध्यम से जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया।

## किले वाले बाबा का उर्स संपन्न

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** हजरत बाबा बरहना शाह रहमतुल्लाह अलैय किले वाले बाबा का उर्स हर साल की तरह इस साल भी परंपरागत हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उर्स की शुरुआत 20 मई को कुरआन खानी व मिलाद शरीफ से हुई। 21 मई को किले वाले बाबा का शाही संदल हजरत बाबा बंगाली शाह रहमतुल्लाह अलैय की दरगाह से मशहूर राजकुमार बैंड सफेद घोड़ों का नृत्य मलंग कला एवं आतिशबाजी के साथ शहर गश्त करता हुआ किले वाले बाबा की दरगाह में पेश किया जाना प्रस्तावित था लेकिन प्रशासनिक अनुमति नहीं मिलने की वजह से उर्स कमेटी द्वारा शाही संदल नहीं निकालने का निर्णय लेते हुए उसे रद्द कर दिया गया। इसकी जगह किले वाले बाबा की दरगाह से चंद कदम दूर से ही सांकेतिक रूप से संदल निकाल कर औपचारिकता पूर्ण की गई। संदल किले वाले बाबा की दरगाह में पेश किया गया। इस दौरान बाबा के चाहने वालों ने चादर पेश की। बाबा सैयद राहित अली, सिब्बल बाबा, जानू बाबा, शेबू बाबा, लड्डू बाबा, पप्पू सोनी, फारूक बाबा सहित कई मुजबीरों को हाजिरी हुई। बाबा से मिलने फरियादियों का तांता लगा रहा। जबलपुर की मशहूर ताहिर शहनाई इस दौरान नातिया कलाम व कव्वाली पेश करती रही। 23 मई की सुबह कुल की फातिहा से उर्स का समापन हुआ।

## साप्ताहिक बाजार में मनमानी वसूली

**मण्डला/नारायणगंज(स्वतंत्रमत)।** जनपद पंचायत नारायणगंज अंतर्गत ग्राम पंचायत पडरिया में लगने वाले साप्ताहिक बाजार में अवैध वसूली का मामला सामने आया है। बाजार में दुकान लगाने आने वाले छोटे व्यापारियों ने आरोप लगाया है कि ठेकेदार द्वारा पंचायत द्वारा निर्धारित शुल्क से दोगुना राशि वसूली जा रही है। इतना ही नहीं अधिकांश व्यापारियों को वसूली की रसीद भी उपलब्ध नहीं कराई जाती जिससे ठेकेदारी व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं व्यापारियों के अनुसार पंचायत द्वारा बाजार शुल्क की निर्धारित दर लगभग 30 रुपये तय की गई है लेकिन ठेकेदार के कर्मचारी खुलेआम 80 से 100 रुपये तक की वसूली कर रहे हैं।

# चोरी के वाहन के साथ आरोपी गिरफ्तार



मण्डला/नैनपुर(स्वतंत्र मत)।

पुलिस अधीक्षक राजेश रघुवंशी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवकुमार वर्मा के मार्गदर्शन में थाना नैनपुर पुलिस को वाहन चोरी के मामले में बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने चोरी की मोटरसाइकिल बरामद करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। साथ ही ऑपरेशन हेल्प हेंडलिंग के तहत एक स्थाई वारंटी को भी गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार फरियादी आदिल खान पिता रहीमुद्दीन खान उम्र 37 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 5 नैनपुर ने थाना नैनपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी अपाचे मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी28/जेडबी 0225 जिसकी कीमत लगभग 1 लाख 40 हजार रुपये है रेलवे स्टेशन नैनपुर स्थित मोटरसाइकिल पार्किंग शेड से चोरी हो गई थी। यह घटना 8 अप्रैल की शाम 5:30 बजे से 11 मई की दोपहर 1 बजे के बीच की बताई गई। मामले में थाना नैनपुर में अपराध क्रमांक 242/26 धारा 305(ए) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। वाहन चोरी की घटना के बाद थाना नैनपुर पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए स्थानीय मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया तथा संदिग्ध व्यक्तियों की तलाश शुरू की। जांच के दौरान संदेह के आधार पर आदित्य पटैल एवं पारस रकसिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने मिलकर मोटरसाइकिल चोरी करना स्वीकार कर लिया। आरोपियों की निशानदेही पर चोरी गई अपाचे मोटरसाइकिल देहवानी रोड स्थित प्रतीक्षालय के पास से बरामद कर विधिवत जप्त की गई। गिरफ्तार आरोपियों में आदित्य पटैल पिता राजेश पटैल उम्र 21 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 1 नैनपुर तथा पारस रकसिया पिता देवचंद रकसिया उम्र 19 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 06 नैनपुर शामिल हैं। इसी क्रम में थाना नैनपुर पुलिस द्वारा ऑपरेशन हेल्प हेंडलिंग के तहत प्रधान न्यायाधीश कुटुम्ब न्यायालय द्वारा एमजेसीआर क्रमांक 14/25 धारा 147 बीएनएसएस 2023 में जारी स्थाई वारंट पर कार्रवाई करते हुए मोहित चंदेला पिता मिट्ठन लाल चंदेला उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम गोकुलथाना थाना नैनपुर को बस स्टैंड नैनपुर से गिरफ्तार किया गया। कार्यवाही में निरीक्षक बलदेव सिंह मुजाल्दा, सहायक उप निरीक्षक जगदीश सैयाम, आरक्षक अक्षय, ओमप्रकाश बघेल, नवीन मारूवंश एवं शैलेन्द्र मरकाम की सराहनीय भूमिका रही।



## जलगंगा संवर्धन अभियान का दिया संदेश

**मण्डला/मवई(स्वतंत्रमत)।** विकासखंड मवई अंतर्गत सेक्टर क्रमांक 4 नोएडा के ग्राम छपरतला में गंगा दशहरा के पावन अवसर पर मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद के मार्गदर्शन में जलगंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत विविध कार्यक्रम आयोजित किए गए वही नवांकुर संस्था मां शीतला ग्राम विकास सेवा समिति छपरतला द्वारा किया गया कार्यक्रम के दौरान गांव के जल स्त्रोतों एवं हैंडपंप का विधिवत पूजन-अर्चन किया गया इसके पश्चात जल स्त्रोत से जल निकालकर शिव मंदिर में भगवान शिव के शिवलिंग पर श्रद्धापूर्वक जलाभिषेक किया गया। इस अवसर पर सुनील कुमार साहू, सरपंच रीता परते, सरपंच धनवती साहू, सचिव राजकुमार मांगते, नवांकुर संस्था प्रमुख राजेश साहू, रोजगार सहायक दया बैरागी, कमलेश झरिया, भवानी साहू, राकेश साहू, पूर्व पंच महेश मरावी, ग्राम कोटवार संपत दास ग्वाले, पंच अनुसुइया सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## बिजली की आवाजाही से परेशान

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** शहर में पिछले कई दिनों से लगातार दिन रात के समय हो रही बिजली कटौती ने आम नागरिकों की परेशानी बढ़ा दी है। भीषण गर्मी के बीच घंटों तक बिजली बंद रहने से लोगों को रातभर जागकर समय बिताना पड़ रहा है। नागरिकों का आरोप है कि बिजली विभाग की ओर से न तो पूर्व सूचना दी जाती है और न ही शिकायतों का समय पर समाधान किया जाता है।

सबसे गंभीर समस्या यह सामने आ रही है कि बिजली विभाग का हेल्पलाइन नंबर 1912 अधिकांश समय रिस्पॉन्स नहीं करता। कई बार कॉल करने पर लाइन व्यस्त रहती है या फोन उठाया ही नहीं जाता। वहीं कुछ स्थानों पर शिकायत सुधारने पहुंचे कर्मचारियों द्वारा अलग से पैसे मांगने जैसी शिकायतें भी सामने आई हैं जिससे लोगों में नाराजगी बढ़ रही है स्थानीय नागरिकों का कहना है कि बिजली आज के समय में कोई विलासिता नहीं बल्कि मूलभूत आवश्यकता है। लगातार और बिना सूचना बिजली कटौती से विद्यार्थियों, बुजुर्गों मरीजों तथा छोटे व्यापारियों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है नागरिकों ने प्रशासन एवं एमपीईबी से मांग की है कि संबंधित अधिकारियों के अधिकृत मोबाइल नंबर सार्वजनिक किए जाएं ताकि आपात स्थिति में जनता सीधे संपर्क कर सके।

## नि:शुल्क ऑफलाइन कोचिंग

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जानकारी दी गई है कि मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग एमपीपीएससी प्रारंभिक परीक्षा 2026 में सफल हुए अनुसूचित जाति एवं जनजाति वर्ग के अभ्यर्थियों के लिए नि:शुल्क ऑफलाइन कोचिंग की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। यह कोचिंग मध्यप्रदेश शासन के अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित शासकीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केंद्र, रामपुर चौक, जबलपुर में आयोजित होगी मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग इंदौर द्वारा 22 मई को प्रारंभिक परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित किया गया है।

# सहकारी समिति की बैठक में निर्देश



**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** कलेक्ट्रेट के गोलमेज कक्ष में जिला स्तरीय सहकारी समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में समिति के प्रशासक कलेक्टर ने कहा कि मौजूदा खरीफ सीजन को देखते हुए प्राईमरी सेक्टर के ऋण प्रकरणों को प्राथमिकता दें। कर्मचारी कल्याण कोष के प्रकरणों के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि सभी प्रकरणों में संलग्न मेडीकल दस्तावेज एवं दवाओं के देयकों के संबंध में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी का लिखित अभिमत प्राप्त करते हुए ही प्रकरण प्रस्तुत किए जाएं सहकारी बैंकों के लिए कम्प्यूटर सहित अन्य सामग्रियों के क्रय के संबंध में समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने कहा कि निविदा की शर्तें तय करने से पूर्व जिला प्रबंधक ई-गवर्नेंस के साथ समन्वय करते हुए कम्प्यूटर्स के स्पेसिफिकेशन तय करें बैठक में कलेक्टर ने सहकारी बैंक के सीआरआर, सीडी रेशो, एसएलआर, सकल एनपीए, शाखाओं के किराए, प्रोसेस सर्वेयर की नियुक्ति सहित विभिन्न विषयों की विस्तार से समीक्षा की साथ ही एआरसीएस के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उपार्जित गेहूं का आगामी 7 दिवस में शतप्रतिशत परिवहन करना सुनिश्चित करें बैठक में सहायक कलेक्टर शैलेन्द्र चौधरी सहित एआरसीएस तथा सहकारिता के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# उपसंचालक कृषि ने किया औचक निरीक्षण



मण्डला (स्वतंत्र मत)।

उपसंचालक कृषि अश्वनी झारिया द्वारा कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घुघरी बीज गोदाम, मिट्टी परीक्षण प्रयोगशाला घुघरी तथा बीआरसी सलवाह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान खरीफ 2026 की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। उपसंचालक कृषि श्री झारिया ने बीज भंडारण व्यवस्था किसानों को उपलब्ध कराए जाने वाले उन्नत बीजों की स्थिति तथा मिट्टी परीक्षण कार्यों की जानकारी प्राप्त की उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर किसानों को कृषि आदान उपलब्ध कराने एवं मिट्टी नमूनों का शीघ्र परीक्षण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान मिट्टी नमूना संग्रहण परीक्षण एवं किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड वितरण की प्रगति की भी समीक्षा की गई। उन्होंने खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए उर्वरक एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया और बताया कि अतिशीघ्र खरीफ बीज का भण्डारण किया जायेगा। सलवाह में कृषि विस्तार गतिविधियों एवं किसानों को दी जा रही तकनीकी जानकारी की समीक्षा करते हुए उपसंचालक कृषि ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीकों एवं विभागीय योजनाओं का अधिकाधिक लाभ दिलाने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी अशोक भलावी वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी घुघरी एवं कृषि विस्तार अधिकारी शैलेन्द्र सैयाम, परशुराम झारिया, नवीन झारिया, आरती उद्दे उपस्थित रहे।

## खनिज विभाग की कार्यवाही

**मण्डला (स्वतंत्रमत)।** खनिजों के अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भण्डारण पर प्रभावी रोक लगाने के लिए कलेक्टर के निर्देशानुसार खनिज विभाग द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर 26 मई को ग्राम हिरदेनगर में निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन एवं परिवहन में संलिप्त एक वाहन को जब्त किया गया कार्यवाही के दौरान ट्रैक्टर वाहन क्रमांक टी053243471 एवं नीले रंग की ट्रॉली को खनिज विभाग की टीम ने जप्त किया विभागीय अधिकारियों ने बताया कि उक्त वाहन अवैध रेत परिवहन एवं भण्डारण में संलिप्त पाया गया जप्त वाहन को शासकीय अभिरक्षा में संबंधित चौकी प्रभारी हिरदेनगर की सुपुर्दगी में सौंप दिया गया है। वाहन के विरुद्ध मध्यप्रदेश खनिज अवैध खनन, परिवहन तथा भण्डारण का निवारण नियम 2022 के तहत प्रकरण दर्ज कर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत किए जाने की कार्रवाई की जा रही है।

संपादकीय

## उनका मुनाफा, हमारी कुर्बानी

पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम 11 दिनों में करीब 7.50 रुपए प्रति लीटर बढ़ गए हैं। माना जा रहा है कि यह बढ़ोतरी 25 रुपए तक जा सकती है। ये दाम ईरान युद्ध से उपजे संकट के कारण ही नहीं बढ़ाए गए, बल्कि सरकार की तेल कंपनियों की अपनी ही अर्थव्यवस्था है। पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी और मंत्रालय की प्रवक्ता सुजाता शर्मा लगातार खुलासा करते रहे हैं कि तेल कंपनियां अब भी औसतन 600 करोड़ रुपए का घाटा झेल रही हैं। उन्होंने तो यह घाटा 1 लाख करोड़ रुपए का बताया था और कई बार, कई मंचों पर ऐसे घाटे का रोना रोया था, लेकिन कुछ डाटा सामने आया है, जो मंत्रालय-मंत्री और तेल कंपनियों की 'झूठी अर्थव्यवस्था' को बेनकाब करता है। 2025-26 की आखिरी तिमाही (जनवरी-31 मार्च) के दौरान भारत सरकार की तीन विराट तेल कंपनियों ने 19,470 करोड़ रुपए का शुद्ध मुनाफा कमाया। ईरान युद्ध 28 फरवरी को शुरू हो चुका था, लेकिन युद्ध के बावजूद अकेली 'इंडियन ऑयल' कंपनी ने 11,378 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। 'भारत पेट्रोलियम' और 'हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड' के मुनाफे अलग हैं। वित्त वर्ष की आखिरी तारीख 31 मार्च, 2026 तक तीनों तेल कंपनियों ने कुल 77,280 करोड़ रुपए का मुनाफा कमाया। आम भारतीय और उपभोक्ता सवाल कर सकते हैं कि 15-25 मई के दरमियान पेट्रोल-डीजल के खुदरा दाम क्यों बढ़ाए गए? तेल कंपनियां कुछ घाटा वहन नहीं कर सकतीं, तो क्या आम आदमी को ही बार-बार 'बलि का बकरा' बनाया जाता रहेगा? क्या तेल कंपनियों के मुनाफे आम करदाता, उपभोक्ता की जेब से ही वसूले नहीं जाते? तो फिर पेट्रोल-डीजल किस्तों में महंगे क्यों किए जा रहे हैं? सबसे संवेदनशील मुद्दा यह है कि मंत्री और मंत्रालय लगातार 'झूठ' क्यों परोसते रहे? यह संविधान और शपथ का भी उल्लंघन है। केंद्र सरकार पेट्रो उत्पादों पर उत्पाद-शुल्क वसूलती है, तो राज्य सरकारें उस पर 2.29 लाख करोड़ रुपए 'वैट' के जरिए कमाती हैं। क्या लोकतंत्र में आम आदमी ही 'बकरा' बन कर रह गया है, जिसकी बार-बार बलि दी जाती है? 'वैट' कमाने में भी महाराष्ट्र, उप्र, गुजरात की सरकारें 'सर्वोच्च तीन' में शामिल हैं। तीनों राज्यों में ही भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं। 'वैट' इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि केंद्र लंबे वक्त तक राज्य सरकारों को उनके हिस्से का पैसा नहीं देता, लिहाजा 'वैट' ही राज्य सरकारों का बुनियादी आर्थिक संसाधन है। यह इसलिए भी जरूरी है, क्योंकि हमारी राजनीति 'रेवड़ियों' और 'मुफ्तखोरी' की है, सबसिडी भी लाखों करोड़ों में देनी पड़ती है, आखिर पैसा कहां से आएगा? आम आदमी को ही चूसा जाएगा! दिलचस्प यह है कि अमरीका-ईरान के दरमियान समझौते की उम्मीदों के मद्देनजर अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें 104 डॉलर प्रति बैरल से 5 फीसदी घट कर 97-98 डॉलर पर आ गई हैं, लेकिन भारत की सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल-डीजल के दाम चौथी बार बढ़ाए हैं। जब युद्ध के बावजूद तेल कंपनियां मुनाफा कमा रही थीं, तो आम आदमी, आम उपभोक्ता को राहत क्यों नहीं दी गई? युद्ध शुरू होने के समय तो कच्चे तेल के दाम 70-72 डॉलर प्रति बैरल थे, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल तब भी महंगे थे। इस महंगाई से आम आदमी की जेब पर 1500-2500 रुपए माहवार का बोझ बढ़ेगा। वह कहां से आमदनी लाएगा? वेतन, दिहाड़ी, मजदूरी, मेहनताना आदि तो यथावत हैं अथवा कम भी किए जाते रहे हैं। दरअसल तेल कंपनियों से केंद्र सरकार को 4.20 लाख करोड़ रुपए की सालाना कमाई होती है, लिहाजा साफ है कि मुनाफे में केंद्र सरकार भी 'परोक्ष हिस्सेदार' है!

## शिक्षा और चिकित्सा

# क्या आम आदमी विकास से बाहर छूट रहा है?



ललित गर्ग
लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं स्तंभकार हैं

स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद नए भारत के निर्माण के जिन आधार स्तंभों की कल्पना की गई थी, उनमें शिक्षा और चिकित्सा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई थी। यह माना गया था कि यदि देश के नागरिक शिक्षित, स्वस्थ और जागरूक होंगे तो लोकतंत्र मजबूत होगा, सामाजिक असमानताएं कम होंगी और राष्ट्र विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा। शिक्षा को व्यक्ति निर्माण और चिकित्सा को जीवन रक्षा का माध्यम माना गया था। लेकिन स्वतंत्रता के लगभग आठ दशकों बाद स्थिति चिंताजनक प्रश्न खड़े करती है कि क्या ये दोनों क्षेत्र अपने मूल उद्देश्य से भटककर व्यवसाय और बाजार के अधीन नहीं हो गए हैं? आज शिक्षा और चिकित्सा दोनों क्षेत्रों में जो विसंगतियां दिखाई देती हैं, वे केवल व्यवस्थागत संकट नहीं बल्कि सामाजिक संकट का रूप ले चुकी हैं। एक ओर शिक्षा व्यवस्था परीक्षा, अंकों और प्रतिस्पर्धा की आर्थिक मशीन बन गई है, वहीं दूसरी ओर चिकित्सा सेवा लाभ-हानि के गणित में उलझती दिखाई देती है। इन दोनों क्षेत्रों की बढ़ती व्यावसायिकता ने आम आदमी को सबसे अधिक प्रभावित किया है। शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं था। शिक्षा अब डिग्री, नौकरी और प्रतिस्पर्धा तक सीमित होती दिखाई देती है।

शिक्षा व्यवस्था की विफलताओं का सबसे भयावह चेहरा कोटा, सीकर और अन्य कोचिंग एवं शिक्षा केंद्रों में बढ़ती छात्र आत्महत्याओं के रूप में सामने आया है। कोटा, जो कभी देश की शैक्षणिक आकांक्षाओं का केंद्र माना जाता था, अब विद्यार्थियों पर बढ़ते मानसिक दबाव, प्रतिस्पर्धा, अकेलेपन और असफलता के भय के कारण आत्महत्या की घटनाओं से लगातार चर्चा में रहा है। कोटा, सीकर तथा अन्य कोचिंग नगरों में पिछले वर्षों में अनेक विद्यार्थियों द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटनाओं ने शिक्षा व्यवस्था की संवेदनहीनता को उजागर किया है। राजस्थान के सीकर में नीट परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्र की आत्महत्या की घटना इसी विडंबना का उदाहरण है। परीक्षा रद्द होने से उत्पन्न अनिश्चितता और मानसिक तनाव ने एक संभावनाशील जीवन समाप्त कर दिया। यह घटना अकेली नहीं है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार वर्ष 2024 में 14,488 विद्यार्थियों ने आत्महत्या की। औसतन हर 36 मिनट में एक विद्यार्थी जीवन समाप्त कर रहा है। यह केवल व्यक्तिगत विफलता नहीं बल्कि शिक्षा व्यवस्था की सामूहिक विफलता है।



दूसरी ओर नीट, नेट, प्रतियोगी भर्ती परीक्षाओं तथा अन्य राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं में बार-बार पेपर लीक, परीक्षा रद्द होने, परिणामों में विवाद और अनिश्चितता की स्थितियों ने विद्यार्थियों में गहरा असंतोष और अविश्वास पैदा किया है। वर्षों की तैयारी करने वाले छात्र जब परीक्षा प्रणाली को ही अविश्वसनीय पाते हैं तो उनमें निराशा और मानसिक तनाव बढ़ना स्वाभाविक है। आज परीक्षा प्रणाली अविश्वसनीय होती जा रही है। प्रश्नपत्र लीक होना, परीक्षाओं का रद्द होना, मूल्यांकन विवाद, शोध कार्यों में साहित्यिक चोरी, पीएचडी प्रक्रियाओं का औपचारिक बन जाना और कोचिंग संस्कृति का बढ़ना शिक्षा के बाजारीकरण की तस्वीर प्रस्तुत करता है। शिक्षा अब ज्ञान से अधिक निवेश और प्रतिफल का विषय बनती जा रही है। धीरे-धीरे शिक्षा सेवा से व्यवसाय में बदलती गई। बड़े निजी विद्यालय, कोचिंग संस्थान और विश्वविद्यालय आज करोड़ों के उद्योग बन चुके हैं। डॉक्टर और इंजीनियर बनाने के सपनों का ऐसा व्यापार खड़ा हुआ जिसमें अभिभावक आर्थिक रूप से टूटने लगे। आज एक सामान्य परिवार अपने बच्चों की शिक्षा के लिए जीवन भर की बचत खर्च करने को विवश है। विद्यालयों की ऊंची फीस, निजी कोचिंग, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी और उच्च शिक्षा की महंगी व्यवस्था ने शिक्षा को आम आदमी की पहुंच से दूर कर दिया है।

इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र की स्थिति भी कम चिंताजनक नहीं है। चिकित्सा को कभी सेवा का क्षेत्र माना जाता था, लेकिन आज निजी चिकित्सालयों की बढ़ती संख्या और उनकी व्यावसायिक प्रवृत्ति ने आम नागरिक को संकट में डाल दिया है। इलाज इतना महंगा हो गया है कि अनेक परिवार बीमारी के कारण आर्थिक रूप से टूट जाते हैं। निजी अस्पतालों में उपचार, जांच, आईसीयू, दवाओं का खर्च और नकली दवाओं में जीवन समाप्त होने की घटनाएं लगातार बढ़ी है। अनेक मामलों में अनावश्यक परीक्षण, अत्यधिक शुल्क और व्यावसायिक दृष्टिकोण की शिकायतें सामने आती रहती हैं। चिकित्सा सेवा का उद्देश्य रोगी को राहत देना था, लेकिन कई स्थानों पर वह लाभ कमाने की प्रणाली में बदलती दिखाई देती है। जगह-जगह खुले निजी अस्पताल और शिक्षण संस्थान एक प्रकार की प्रतिस्पर्धा में उतर आए हैं। लेकिन यह प्रतिस्पर्धा गुणवत्ता की अपेक्षा लाभ कमाने की अधिक दिखाई देती है। परिणाम यह हुआ कि शिक्षा और चिकित्सा दोनों ही सामान्य नागरिक की आर्थिक क्षमता से बाहर जाने लगी हैं। इन परिस्थितियों का एक सामाजिक दुष्परिणाम भी सामने आया है। आर्थिक दबाव, भविष्य की अनिश्चितता, शिक्षा का तनाव, महंगी चिकित्सा और रोजगार संकट के कारण अवसाद, मानसिक तनाव और आत्महत्या की घटनाएं बढ़ रही हैं। युवा पीढ़ी उपलब्धियों के दबाव में टूट रही है, जबकि परिवार आर्थिक बोझ से जूझ रहे हैं।

शिक्षा मंत्रालय को अधिक सशक्त, उत्तरदायी और कठोर भूमिका निभाते हुए परीक्षा प्रणाली को पूरी तरह पारदर्शी, तकनीक आधारित और सुरक्षित बनाना होगा। इसी प्रकार चिकित्सा क्षेत्र में देशभर में स्थापित हुए नए एम्स संस्थानों एवं उच्च चिकित्सा केंद्रों का लाभ वास्तव में आम नागरिक तक सरल, सस्ती और सुलभ व्यवस्था के रूप में पहुंचे, यह सुनिश्चित करना भी आवश्यक है। आज आवश्यकता केवल बड़े अस्पताल बनाने की नहीं, बल्कि उन्हें सर्वसुविधायुक्त, विशेषज्ञ सेवाओं से युक्त तथा दूरदराज और पिछड़े क्षेत्रों तक विस्तारित करने की है, ताकि महानगरों पर निर्भरता कम हो और ग्रामीण तथा वंचित वर्ग भी उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाओं का लाभ सहजता से प्राप्त कर सके। नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को अधिक व्यावहारिक, कौशल आधारित और बहुआयामी बनाने का प्रयास हुआ है। देश में नए आईआईटी, आईआईएम, केंद्रीय विश्वविद्यालय, एम्स और चिकित्सा संस्थानों की स्थापना की गई। उच्च शिक्षा और उच्च चिकित्सा के नए केंद्र विकसित हुए हैं। मेडिकल कॉलेजों की संख्या में वृद्धि हुई और स्वास्थ्य ढांचे को मजबूत करने के प्रयास किए गए।

यह कहना भी उचित नहीं होगा कि पूरा परिदृश्य केवल निराशाजनक है। पिछले वर्षों में शिक्षा और चिकित्सा क्षेत्र में कुछ सकारात्मक प्रयास भी हुए हैं। विशेष रूप से जब से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार आई, तब इन क्षेत्रों की संरचनात्मक कमियों की ओर अपेक्षाकृत गंभीर ध्यान दिया गया। चिकित्सा क्षेत्र में आयुष्मान भारत जैसी योजनाओं ने गरीब वर्ग को राहत देने का प्रयास किया है। जिला स्तर तक चिकित्सा सुविधाओं के विस्तार की दिशा में भी पहल हुई है। शिक्षा के क्षेत्र में डिजिटल शिक्षा, कौशल विकास और स्थानीय भाषाओं में अध्ययन पर बल दिया गया। लेकिन भारत जैसी विशाल जनसंख्या वाले देश में ये प्रयास अभी पर्याप्त नहीं कहे जा सकते। जिस गति से जनसंख्या बढ़ी है, उस अनुपात में सरकारी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों का विस्तार नहीं हो पाया। यही कारण है कि निजी क्षेत्र ने उस खाली स्थान को भर दिया और धीरे-धीरे प्रमुख भूमिका में आ गया। अब आवश्यकता केवल नए संस्थान खोलने की नहीं बल्कि सरकारी शिक्षा और चिकित्सा को अधिक प्रभावी, सुलभ और उद्देश्यपूर्ण बनाने की है। सरकारी विद्यालयों और अस्पतालों की गुणवत्ता बढ़ानी होगी। उनमें आधुनिक संसाधन, प्रशिक्षित मानवबल और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। निजी शिक्षा और चिकित्सा संस्थानों पर प्रभावी नियंत्रण भी आवश्यक है। शिक्षा और चिकित्सा को पूर्णतः बाजार की शक्तियों पर नहीं छोड़ा जा सकता, क्योंकि ये केवल आर्थिक गतिविधियां नहीं बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व हैं। शिक्षा नीति को समाज और जीवन से जोड़ना होगा।

आज आवश्यकता इस बात की है कि शिक्षा और चिकित्सा को पुनः सेवा और राष्ट्र निर्माण के मूल उद्देश्य से जोड़ा जाए। यदि ये दोनों क्षेत्र केवल व्यापार बन गए तो सामाजिक असमानता और बढ़ेगी, प्रतिभाएं टूटेंगी और आम आदमी विकास की मुख्यधारा से बाहर होता जाएगा। भारत के भविष्य की दिशा इस बात से तय होगी कि शिक्षा और चिकित्सा कितनी सुलभ, समान और मानवीय बनती हैं। सरकार, समाज, नीति निर्माताओं और निजी क्षेत्र को मिलकर ऐसी व्यवस्था विकसित करनी होगी जिसमें कोई बच्चा आर्थिक कारणों से शिक्षा से वंचित न हो और कोई नागरिक उपचार के अभाव में पीड़ित न रहे। यही स्वतंत्र भारत की मूल भावना थी और यही भविष्य का मार्ग भी होना चाहिए।

# तेज दुनिया-धीमा शासन



कृदय शर्मा
सप्लाई चेन एनालिष्ट यूएसए

सप्लाई चेन्स, जियोपॉलिटिक्स और अर्थव्यवस्था की दुनिया में एक वास्तविकता अब अनदेखी नहीं की जा सकती। जो व्यवधान पहले धीरे-धीरे और पूर्वानुमानित चैनलों से गुजरते थे, अब वे तेज़ी से और अप्रत्याशित तरीके से फैल रहे हैं। कोई नौवहन मार्ग बंद होना, आयात शुल्क की घोषणा या संसाधन आघात अब अलग-थलग नहीं रहता। यह उन समाजों से टकराता है जो स्थायी रूप से तनावग्रस्त, अति-उत्तेजित और तेज़ प्रतिक्रिया देने वाले महसूस करते हैं। इससे सब कुछ संचालित करना कठिन हो गया है। सरकारें अभी भी कानून पारित करती हैं, केंद्रीय बैंक दरें समायोजित करती हैं, एजेंसियां मार्गदर्शन जारी करती हैं और नेता भाषण देते हैं। मशीनरी तो अभी भी है। लेकिन दुनिया अब सरकार की गति से नहीं चलती। वह सोशल मीडिया फीड की गति से चलती है।सुबह एक नीति घोषित होती है और ज़्यादातर लोगों के उसे पढ़ने से पहले ही दस प्रतिस्पर्धी संस्करण फैल चुके होते हैं। एक पक्ष इसे तानाशाही कहता है, दूसरा न्याय।

प्रभावशाली लोग इसे सामग्री बना देते हैं, राजनेता फंड जुटाने का माध्यम बना देते हैं और एक भ्रामक क्लिप बाकी काम पूरा कर देती है। असली नीति लगभग निरर्थक हो जाती है। मायने रखता है वह भावनात्मक संस्करण जो लोगों ने सबसे पहले आत्मसात कर लिया। यह है वह दुनिया जिसमें आधुनिक राज्य शासन करने की कोशिश कर रहे हैं- अति-उत्तेजित, वित्तीय दबाव में, राजनीतिक रूप से विभाजित और एल्गोरिदम से प्रभावित लोग।परेशान करने वाली बात यह है कि यह अब अस्थायी नहीं रह सकता। यह आधुनिक समाज की नई स्थिति बन सकती है। शासन स्वयं अपनी सीमाओं पर पहुंच रहा है। कुछ नेता अयोग्य हैं, कुछ अपनी भूमिका में डूबे दिखते हैं, लेकिन बड़ी समस्या संरचनात्मक है। समाज संस्थानों से तेज़, ज़ोरदार, अधिक भावनात्मक और अधिक विभाजित हो गया है, जो इसे प्रबंधित करने के लिए बनाए गए थे। स्टीयरिंग व्हील तो अभी भी मौजूद है, लेकिन सड़क अब बहुत खुरदरी हो गई है।

मानव स्वभाव हमेशा भावनात्मक, कबीले वाला और कभी-कभी हास्यास्पद रहा है। अब फर्क पैमाने का है। अठारह सौ के दशक में कोई अफवाह एक कस्बे में फैलती थी। आज वह लाखों-करोड़ों लोगों तक पहुंच जाती है, इससे पहले कि कोई सरकारी एजेंसी स्पष्टीकरण का मसौदा पूरा कर पाए। आधिकारिक जवाब आने तक लोग पहले ही पक्ष चुन चुके होते हैं, आक्रोश साझा कर चुके होते हैं और आगे बढ़ चुके होते हैं।मानव स्वभाव अब उन मशीनों से जुड़ चुका है जो प्रतिक्रिया, भय, पहचान, गति और संघर्ष को पुरस्कृत करती हैं। राज्य अब सिर्फ कानूनों और संस्थानों का प्रबंधन नहीं कर रहे। उन्हें धारणा, ध्यान और विश्वास का प्रबंधन करना पड़ रहा है। ये सड़कों, करों या स्कूलों से कहीं अधिक कठिन शासित करने वाले हैं। साथ ही, करोड़ों लोग लगातार वित्तीय दबाव में जी रहे हैं। जो व्यक्ति सुरक्षित महसूस करता है, वह जटिलता को आत्मसात कर सकता है, संस्थानों को संदेह का लाभ दे सकता है और लंबी अवधि में सोच सकता है। जो व्यक्ति बढ़ते किराए, असस्ती किराने का सामान, स्थिर वेतन और अनगिनत समझौतों से दबा हुआ है, वह अधिक संवेदनशील, अधिक प्रतिक्रियाशील हो जाता है और आसानी से यह विश्वास कर लेता है कि कोई उसके वादे किए गए जीवन को चुरा रहा है।

सत्ता की खिड़की से दुनिया अब अधिक अस्थिर दिखती है, आर्थिक दबाव, सोशल मीडिया की आग और नाजुक वैश्विक प्रवाहों का तूफान। सरकारें मुद्रास्फीति, रोजगार, आवास, आव्रजन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और विदेश नीति का प्रबंधन करती हैं। उसके ऊपर उन्हें यह भी प्रबंधित करना पड़ता है कि करोड़ों लोग इसे भावनात्मक रूप से कैसे समझ रहे हैं, जबकि वे पूरी तरह अलग-अलग तरीकों से दबे हुए महसूस कर रहे हैं। एक परिवार मुद्रास्फीति को सरकार की विफलता मानता है।

दूसरा ब्याज दरों को कुचलने वाला। तीसरा आव्रजन को मजदूरी के लिए खतरा या सांस्कृतिक परिवर्तन को अपने जाने-पहचाने देश के गायब होने के रूप में। ये भय कभी अतिरंजित, कभी आधारित, लेकिन ज्यादातर गड़बड़ मिश्रण होते हैं। यही उन्हें राजनीतिक रूप से शक्तिशाली बनाता है। शासन को हमेशा विश्वास के आधार की जरूरत रही है। लोगों को हर फैसला पसंद नहीं होना चाहिए, लेकिन उन्हें यह विश्वास होना चाहिए कि मशीनरी कम से कम प्रयास तो कर रही है। वह आधार कमजोर हो रहा है। विश्वास घटते ही हर नीति संदिग्ध लगती है, हर कर परिवर्तन चोरी जैसा, हर अदालती फैसला अवैध। राज्य बोलता है और आबादी का बड़ा हिस्सा हेराफेरी सुनता है। लोग अब सिर्फ नीति पर असहमत नहीं होते। वे तेजी से इस बात पर असहमत होते हैं कि वे किस देश में रह रहे हैं। यह ध्रुवीकरण से भी बड़ा है।

## कर्नाटक का नेतृत्व परिवर्तन

# डीके शिवकुमार के सीएम होने के मायने

गुरूवार, 28 मई को अंततः कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन को लेकर सियासत की दरोदीवार पर अटकलों और कयासों के सब्जे उगने का दौर तब थम गया, जब मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने पद से इस्तीफा देने का ऐलान किया। उन्होंने कांग्रेस विधायकों से जब उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सहयोग की बात कही, तो यह स्पष्ट हो गया कि शिवकुमार उनके उत्तराधिकारी होंगे। मई का महिना शिवकुमार के लिए बड़ा मायने रखता है। उनका जन्म आज से 64 साल पहले 15 मई को कनकपुरा में हुआ था और सन 2023 में मई माह में ही उनके अथक प्रयासों से बीजेपी की येदियुरप्पा-सरकार को अपदस्थ कर कांग्रेस की सत्ता में वापसी हुई थी। यह दीगर है कि जीतोड़ कोशिशों के बाद डीकेएस तब सीएम नहीं बन सके थे और उनसे वरिष्ठ और अनुभवी सिद्धारमैया ने बज़िद बाजी मार ली थी। बहरहाल, 28 मई को डीकेएस को सुबह का ब्रेकफास्ट उनके अपने जन्मदिन और कांग्रेस सरकार की सालगिरह के समारोह के नाश्तों से अधिक सुखद और लज्जतदार लगा होगा, क्योंकि इस रोज उनका पालित सपना या साध पूरी हुई। डीकेएस यानि डोडालाहल्ली केंपेगौड़ा शिवकुमार कर्नाटक के शीर्षस्थ नेताओं में शुमार हैं। वह खांटी कांग्रेसी हैं और सोनिया गांधी के प्रति उनके मन में गहरा सम्मान है। तीन साल पहले कर्नाटक में सत्ता में कांग्रेस की वापसी पर उन्होंने सोनियाजी से अपना कौल निभाने की बात कही थी। डीकेएस का कॉन्फिडेंस लेबेल गज़ब का है। उन्हें जायंट-किलर यूं ही नहीं माना जाता। पहलेपहल उन्हें इस विशेषण से तब नवाजा गया था, जब सन 1989 में सथानूर से एचडी देवेगौड़ा को हराया था। इसी क्रम में उन्होंने एचडी कुमारस्वामी, पीजीआर सिंधिया और अनिता कुमार स्वामी को भारी मतों के अंतर से परास्त किया। देवेगौड़ा परिवार की त्रयी को हराने की तिकड़ी उनके खाते में दर्ज है। वह कुबेर राजनेता हैं और सन 2018 में चुनावी हलफनामे में उन्होंने 840 करोड़ की संपत्ति दर्शाई थी। दिल्ली में गत दिनों मैराथन बैठकों ने संकेत दिया था कि कर्नाटक की देगची में नेतृत्व परिवर्तन की खिचड़ी पक रही है। सिद्धारमैया ने कहा भी कि वह केंद्रीय नेतृत्व के कहने पर त्यागपत्र दे रहे हैं। कर्नाटक-प्रभारी सुरजेवाला इसे पॉवर-शेयरिंग नहीं मानते, लेकिन यह तय है कि डीकेएस के सब्र का प्याला छलकने की वेला आ सकती थी। कर्नाटक में 224 के सदन में कांग्रेस के 136, बीजेपी 63 और जेडीएस के 18 विधायक हैं। इसके बावजूद कर्नाटक बीजेपी के अध्यक्ष विजयेंद्र के कथन कि कर्नाटक में समय पूर्व चुनाव को कोई रोक नहीं सकता, ने धुकधुकी बढ़ा दी है। सीएम के विधि सलाहकार पोन्नन्ना भी 'वेट एंड वाच' की बात कह रहे हैं, क्योंकि राज्यपाल थावरचंद गहलोत राजधानी के बाहर हैं और मुख्यमंत्री से उनके रिश्ते जगजाहिर हैं। कोई नहीं जानता कि सिद्धारमैया की भूमिका क्या होगी, मगर कांग्रेस के लिए कर्नाटक बड़ा मायने रखता है और तीन साल बाद ही सही डीकेएस के लबों और प्याली के बीच फासला मिटता दिख रहा है।



- डॉ. सुधीर सक्सेना

# न त्याग की मूर्ति-न कमाई का बोझ, बस दो इंसान-एक सफर

प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'

भारतीय विवाह व्यवस्था लंबे समय तक एक मौन धारणा पर टिकी रही- पुरुष कमाएगा, स्त्री बिना सवाल घर संभालेगी। इसी सोच ने अनेक रिश्तों को साझेदारी नहीं, बल्कि असमान जिम्मेदारियों का बोझ बना दिया। घर को पत्नी का कर्तव्य और अधिकार को पति का विशेषाधिकार मानने वाली मानसिकता पर अब कानून ने सीधा प्रहार किया है। बॉम्बे हाईकोर्ट का हालिया फैसला केवल न्यायिक आदेश नहीं, बल्कि सामाजिक चेतावनी है। अदालत ने साफ कहा कि पत्नी कोई नौकरानी नहीं और विवाह किसी एक की सेवा का अनुबंध नहीं हो सकता। रिश्ता तभी टिकेगा, जब दोनों पक्ष बराबर सम्मान, जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ साथ चलें।

मुंबई का यह वैवाहिक विवाद उस सोच को सामने ले आया, जहां पत्नी को रिश्ते से ज्यादा घरेलू कसौटियों पर परखा गया। एक चार्टर्ड अकाउंटेंट ने 2004 में तलाक मांगते हुए आरोप लगाया कि पत्नी न ठीक से खाना बनाती है, न घर संभालती है, सास-ससुर के प्रति अपेक्षित व्यवहार नहीं रखती और अक्सर मायके चली जाती है। बांद्रा फैमिली कोर्ट ने 2010 में तलाक मंजूर कर लिया, लेकिन 8 मई 2026 को न्यायमूर्ति भारती डांगरे और मंजुषा देशपांडे की खंडपीठ ने वह फैसला पलट दिया। अदालत ने साफ कहा कि सामान्य घरेलू मतभेदों और व्यवहारिक असहमतियों को मानसिक क्रूरता नहीं माना जा सकता। पत्नी को 20 हजार रुपये मासिक भरण-पोषण देकर यह स्पष्ट किया कि विवाह बराबर जिम्मेदारी का रिश्ता है।

भारतीय घरों में वर्षों तक रसोई, सफाई, बुजुर्गों की सेवा और परिवार के लिए निरंतर समर्पण को स्त्री का अनिवार्य धर्म मान लिया गया। अच्छी पत्नी की परिभाषा भी इन्हीं जिम्मेदारियों में बांध दी गई। जरा-सी कमी होते ही उसे असंवेदनशील या परिवार से दूर समझ लिया जाता है। बॉम्बे हाईकोर्ट ने अब इसी जड़ सोच पर सवाल उठाया है। अदालत ने स्पष्ट कहा कि विवाह में कोई मालिक नहीं, कोई सेवक नहीं। यह फैसला केवल महिलाओं के अधिकार की बात नहीं करता, बल्कि पुरुषों को भी रिश्तों में सम्मान, सहयोग और साझेदारी का वास्तविक अर्थ समझाने की कोशिश करता है। क्योंकि मजबूत विवाह वही है, जहां जिम्मेदारियां एकतरफा नहीं, साझा हों।



कानूनी दृष्टि से यह फैसला इसलिए निर्णायक बन गया क्योंकि अदालत ने क्रूरता की परिभाषा को संकीर्ण धारणाओं से बाहर निकालकर वास्तविक जीवन की जमीन पर देखा। छोटे घरेलू मतभेद, स्वभाव का अंतर या रोजमर्रा की असहमतियां तलाक का आधार नहीं बन सकतीं। अदालत ने स्पष्ट माना कि साथ रहने वाले दो व्यक्तियों के बीच टकराव स्वाभाविक है। यदि पति पत्नी में केवल आदर्श गृहिणी तलाशे और पत्नी पति को सिर्फ आर्थिक सुरक्षा का माध्यम समझे, तो रिश्ते अपनी मूल भावना खो देते हैं। कानून किसी एक पक्ष को श्रेष्ठ साबित करने के लिए नहीं, बल्कि दोनों की गरिमा और अधिकारों की रक्षा के लिए बना है। यही वजह रही कि पत्नी की सीमित आय के बावजूद अदालत ने पति की जिम्मेदारी को खत्म नहीं माना।

यह निर्णय बदलते भारत की उस सच्चाई को भी स्वीकार करता है, जहां महिलाएं अब केवल घर की चौखट तक सीमित नहीं रहीं। शिक्षा, करियर और आत्मनिर्भरता उनकी नई पहचान बन रहे हैं। वहीं पुरुष भी आर्थिक दबाव, प्रतिस्पर्धा और पारिवारिक अपेक्षाओं के बोझ से गुजरते हैं। ऐसे में विवाह तभी संतुलित रह सकता है, जब दोनों एक-दूसरे की परिस्थितियों और संघर्षों को समझें। यदि पत्नी कामकाजी है तो घरेलू जिम्मेदारियां साझा हों, और यदि पति बाहरी दबावों से जूझ रहा है तो उसे भावनात्मक सहारा मिले। रिश्तों की असली मजबूती अधिकारों से नहीं, बल्कि साझा दायित्व और पारस्परिक सहयोग से जन्म लेती है।

रिश्तों को देखने के पुराने नजरिए पर यह निर्णय केवल कानूनी आदेश नहीं, बल्कि गंभीर सवाल है। अब घर नहीं संभालोगी तो तलाक जैसी धमकियां पहले की तरह असरदार नहीं रहेंगी। साथ ही यह भी उतना ही सच है कि पुरुषों के संघर्ष और भावनाएं भी महत्व रखती हैं। अदालत ने साफ कर दिया कि न स्त्री त्याग की अनंत मशीन है और न पुरुष केवल जिम्मेदारियों का बोझ उठाने वाला साधन। दोनों की अपनी सीमाएं, अपेक्षाएं और सम्मान हैं। यही समझ आने वाली पीढ़ी को ऐसे विवाह की ओर ले जा सकती है, जहां रिश्ते अधिकार से नहीं, बल्कि सहयोग, संवेदना और बराबरी से चलें।

साझेदारी की बात को जिम्मेदारियों से मुक्ति समझना इस फैसले की गलत व्याख्या होगी। अदालत ने स्पष्ट रूप से घरेलू कर्तव्यों और वैवाहिक उत्तरदायित्वों के महत्व को नकारा नहीं है। जहां रिश्तों में अपमान, हिंसा, मानसिक प्रताड़ना या जानबूझकर उपेक्षा होगी, वहां कानून पहले की तरह गंभीर रहेगा। विवाह केवल अधिकारों और स्वतंत्रता का संबंध नहीं, बल्कि धैर्य, समझ और त्याग का भी आधार है। इस निर्णय का असली संदेश यही है कि घर और रिश्ते किसी एक व्यक्ति के सहारे नहीं चलते; उन्हें बराबरी की भागीदारी और आपसी सहयोग ही टिकाऊ बनाते हैं।

विवाह की बदलती परिभाषा के बीच बॉम्बे हाईकोर्ट का यह फैसला समाज को अधिक मानवीय और संतुलित दिशा देता है। यह निर्णय महिलाओं के सम्मान को मजबूती देता है, साथ ही उन पुरुषों के संघर्षों को भी स्वीकार करता है जो आर्थिक दबावों के बीच परिवार संभालते हैं। अदालत ने स्पष्ट किया कि रिश्ते किसी एक पक्ष का बोझ नहीं बन सकते। केवल बराबरी नहीं, संवेदनशीलता भी विवाह की अनिवार्य नींव है। जब पति-पत्नी एक-दूसरे को अपेक्षाओं से पहले इंसान के रूप में स्वीकार करेंगे, तभी संबंध स्थायी और मजबूत बन पाएंगे। यही इस फैसले की सबसे बड़ी शक्ति है-यह किसी एक की नहीं, बल्कि सच्ची साझेदारी की जीत है।

# एक झटके में साफ चीन-पाकिस्तान, कश्मीर पर भारत ने मचाया तहलका

नई दिल्ली

चीन की धरती पर बैठकर पाकिस्तान ने फिर कश्मीर का राग छेड़ा। सोचा था बीजिंग का सहारा लेकर भारत पर दबाव बना लेगा। लेकिन इस बार नई दिल्ली ने एक ऐसा जवाब दिया कि चीन और पाकिस्तान दोनों की बोलती बंद हो गई। कंगाल पाकिस्तान जो दुनिया भर से कर्ज मांगकर अपना देश चला रहा है, वह चीन पहुंचते ही फिर भारत के खिलाफ जहर उगलने लगा। लेकिन भारत ने साफ शब्दों में यह कह दिया है कि जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत का अभिन्न हिस्सा थे, हैं और हमेशा रहेंगे। इतना ही नहीं भारत ने चीन के सबसे बड़े ड्रीम प्रोजेक्ट सीपीईसी पर भी सीधा वार कर दिया है और बीजिंग को यह याद दिलाया है कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर से गुजरने वाला हर प्रोजेक्ट भारत की संप्रभुता पर हमला माना जाएगा।

दरअसल बता दें कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ 23 से 26 मई तक चीन दौरे पर थे। दोनों देशों के रिश्तों के 75 साल पूरे होने के नाम पर बड़े-बड़े यहां पर दावे किए गए। लेकिन असली मकसद फिर से वही था भारत के खिलाफ माहौल बनाना। चीन और पाकिस्तान की तरफ से एक संयुक्त




बयान जारी किया गया जिसमें पाकिस्तान ने चीन को जम्मू कश्मीर के हालात पर ब्रीफ किया। इसके बाद चीन ने भी वही पुराना राग अलपा। कश्मीर को इतिहास से जुड़ा विवाद बताया और यूएन चार्टर और यूएससी प्रस्तावों की बात करने लगा। लेकिन चीन और पाकिस्तान शायद यह भूल गए थे कि यह नया भारत है। भारत ने तुरंत इस पूरे बयान को खारिज कर दिया। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने साफ कहा जम्मू कश्मीर और लद्दाख भारत के अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं और इस मुद्दे पर टिप्पणी करने का किसी दूसरे देश को कोई अधिकार नहीं है। लेकिन असली चोट इसके बाद आई। भारत ने चीन पाकिस्तान इककोनमिक कॉरिडोर यानी कि सीपीईसी पर सीधा हमला बोल दिया। भारत ने आगे यह साफ कहा है कि सीपीईसी के कई प्रोजेक्ट्स भारत के उस संप्रभु क्षेत्र से गुजरते हैं जिस पर पाकिस्तान ने अवैध कब्जा कर रखा है। यानी कि गिलगिट, बलिचिस्तान और पीओके से गुजरने वाले इस प्रोजेक्ट को भारत ने एक तरह से पूरी तरह से अवैध बता दिया।

सीपीसी चीन का ड्रीम प्रोजेक्ट कैसे है। करीब बता दें कि 60 बिलियन डॉलर का यह कॉरिडोर चीन के शीजियांग को पाकिस्तान के गवादर पोर्ट से जोड़ता है। इसके जरिए चीन सीधे अरब सागर तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है। यहां पर सड़क, रेलवे, बंदरगाह और ऊर्जा प्रोजेक्ट्स के जरिए पूरे इलाके में अपनी पकड़ मजबूत करना चाहता है। लेकिन भारत लगातार यह कहता आया है कि सीपीईसी भारत की संप्रभुता का उल्लंघन है। क्योंकि इसका बड़ा हिस्सा भारत के वैध क्षेत्र पीओके से होकर गुजरता है। इतना ही नहीं भारत ने चीन पाकिस्तान के कथित सीमा पार जल सहयोग पर भी जोरदार तंज कस दिया। नई दिल्ली ने यह साफ कहा है कि जब चीन और पाकिस्तान की कोई वैध साझा सीमा है ही नहीं तो फिर सीमा पार जल सहयोग कैसे? भारत ने 1963 के उस कथित चीन पाकिस्तान सीमा समझौते को भी पूरी तरह से खारिज कर दिया। जिसमें पाकिस्तान ने कश्मीर की एक घाटी का हिस्सा चीन को सौंपा था।

# मुझे मध्यावधि चुनाव की कोई परवाह नहीं, ईरान से तनाव के बीच बोले ट्रंप

नई दिल्ली

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने बुधवार को कहा कि ईरान के साथ लंबे समय तक चलने वाले संघर्ष के राजनीतिक नतीजों की उन्हें कोई परवाह नहीं है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि अगर ईरानी नेतृत्व को लगता है कि नवंबर में होने वाले मध्यावधि चुनाव की वजह से उन्हें किसी समझौते के लिए मजबूर किया जा सकता है, तो यह उनकी बड़ी गलतफहमी है। व्हाइट हाउस में कैबिनेट बैठक के दौरान ईरान के नेताओं का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, उन्हें लगा कि वे मुझसे ज्यादा सब्र दिखा पाएंगे। आप जानते हैं, हम उनसे ज्यादा इंतजार करेंगे। मुझे मिडटर्म चुनावों की कोई परवाह नहीं है। ट्रंप ने यह टिप्पणी ऐसे समय में की है जब वह ईरान के साथ जारी संघर्ष को खत्म करने के विकल्पों पर चर्चा कर रहे हैं।

## युद्ध के कारण पूरी दुनिया में बढ़ी महंगाई

हालांकि, उनके कई रिपब्लिकन सहयोगी पहले से ही इस बात को लेकर असहज दिखाई दे रहे हैं कि उन्होंने युद्ध के अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर पड़ने वाले असर को लेकर पहले जो बयान दिए थे, उनमें इस मुद्दे की गंभीरता कम दिखाई गई थी। राष्ट्रपति ने शुरुआत में कहा था कि यह युद्ध चार से छह हफ्तों में समाप्त हो जाएगा, लेकिन अब यह संघर्ष अपने चौथे महीने में पहुंचने वाला है। इसके साथ ही कई मौकों पर उन्होंने संकेत दिए कि हालात कुछ ही दिनों में सामान्य हो सकते हैं, लेकिन बाद में उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि संघर्ष लंबे समय तक जारी रह सकता है। इस बीच बढ़ती



महंगाई और खासतौर पर गैसोलीन की कीमतों में तेजी से बढ़ोतरी ने मतदाताओं की चिंता बढ़ा दी है। इसका सीधा राजनीतिक असर ट्रंप की रिपब्लिकन पार्टी पर पड़ता दिखाई दे रहा है।

## ट्रंप पर बढ़ रहा राजनीतिक दबाव

माना जा रहा है कि पार्टी को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स और संभवत सीनेट में अपना नियंत्रण बनाए रखने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है। राजनीतिक दबाव उस समय और बढ़ गया जब ट्रंप ने टेक्सस से मौजूदा रिपब्लिकन सीनेटर जॉन कॉर्निन की बजाय विवादों में घिरे उम्मीदवार केन पैक्सटन का समर्थन किया।

केन पैक्सटन पर गंभीर धोखाधड़ी के आरोप लगे हुए हैं। वहीं उनकी पत्नी ने बाइबिल के सिद्धांतों का हवाला देते हुए उनसे तलाक लेने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बावजूद ट्रंप के समर्थन के बाद मंगलवार को हुए रिपब्लिकन प्राइमरी चुनाव में पैक्सटन ने कॉर्निन को आसानी से हरा दिया।

## कई योजनाओं को भी ट्रंप ने गिनाया

अब डेमोक्रेटिक पार्टी टेक्सस जैसी पारंपरिक रूप से रिपब्लिकन मानी जाने वाली सीट को भी नवंबर चुनाव में प्रतिस्पर्धी मान रही है। पैक्सटन की जीत का जिक्र करते हुए ट्रंप ने कहा, देखिए कल रात क्या हुआ। यह मिडटर्म चुनावों की एक झलक थी। कैबिनेट बैठक के दौरान ट्रंप ने अमेरिकी राजधानी में चल रही अपनी कई निर्माण परियोजनाओं का भी उल्लेख किया। हालांकि, कुछ रिपब्लिकन सांसदों का मानना है कि ये परियोजनाएं देश के बड़े आर्थिक मुद्दों से जनता का ध्यान भटकाने का काम कर रही हैं। जनरी से अब तक ट्रंप के सार्वजनिक बयानों की समीक्षा में सामने आया है कि उन्होंने व्हाइट हाउस बॉलरूम, रिफ्लेक्टिंग पूल के नवीनीकरण और एक विशाल मेहराब निर्माण योजना का पहले की तुलना में कहीं अधिक बार उल्लेख किया है।

अमेरिका में मिडटर्म इलेक्शन (मध्यावधि चुनाव) राष्ट्रपति चुनाव के बीच होने वाले चुनाव होते हैं, जो हर चार साल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव के दो साल बाद आयोजित किए जाते हैं। इन चुनावों में अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स की सभी 435 सीटों और सीनेट की लगभग एक-तिहाई सीटों पर मतदान होता है। इसके अलावा कई राज्यों में गवर्नर, राज्य विधानसभा और स्थानीय प्रशासन से जुड़े चुनाव भी कराए जाते हैं। मिडटर्म चुनावों को किसी भी मौजूदा राष्ट्रपति की नीतियों और लोकप्रियता की बड़ी परीक्षा माना जाता है, क्योंकि इनके नतीजे तय करते हैं कि कांग्रेस में किस पार्टी का नियंत्रण रहेगा।

## कुवैत में मिसाइल एवं ड्रोन हमले

**कुवैत सिटी, (वार्ता)।** कुवैत की सेना ने गुरुवार को घोषणा की कि उसके हवाई रक्षा तंत्र देश के हवाई क्षेत्र को निशाना बनाकर किए गए दुश्मन के मिसाइल और ड्रोन हमलों को नाकाम करने में जुटे हैं। सेना ने हालांकि यह बताने से परहेज किया कि ये हमले कहां से किए जा रहे हैं। अमेरिकी सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) द्वारा ईरान के ठिकानों पर नए हमलों के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य के पास पहले से ही बढ़े तनाव के बीच कुवैत पर यह हमला हुआ है। कुवैती सेना के जनरल स्टाफ ने एक बयान में कहा कि उसका हवाई रक्षा तंत्र कुवैत के हवाई क्षेत्र में घुसने की कोशिश कर रहे दुश्मन की मिसाइलों और मानव रहित हवाई वाहनों के हमलों का जवाब दे रहा था। बयान में कहा गया कि देश भर में सुनी गई विस्फोटों की आवाजें इन हमलों को हवा में ही नष्ट करने के कारण हुईं। गल्फ न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, कुवैती अधिकारियों द्वारा तत्काल किसी के हताहत होने या नुकसान की घोषणा नहीं की गई है। यह घटनाक्रम अमेरिकी सेना द्वारा गुरुवार तड़के होर्मुज जलडमरूमध्य के पास ईरानी ठिकानों पर नए हमले करने के कुछ घंटे बाद सामने आया है, जिसमें एक ड्रोन प्रक्षेपण स्थल को नष्ट कर दिया गया।

## बांग्लादेश में कुर्बान होने वाला था 'डोनल्ड ट्रंप' भैंसा, बकरीद से चंद घंटे पहले रहमान सरकार ने रोकी कुर्बानी

ढाका

बांग्लादेश में डोनल्ड ट्रंप के नाम से चर्चित दुर्लभ अल्बिनो भैंसे की अब कुर्बानी नहीं होगी। बांग्लादेश की रहमान सरकार के हस्तक्षेप पर पुलिस ने इस भैंसे को अपने कब्जे में ले लिया है। इस भैंसे को अब ढाका के राष्ट्रीय चिड़ियाघर में रखा जाएगा।



हाल के दिनों में चर्चा में आने पर इंटरनेट मीडिया पर इसे लेकर बहुत दीवानगी देखी गई। इस भैंसे के सिर के सुनहरे बाल अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की हेयरस्टाइल से मिलते-जुलते हैं। पुलिस ने बताया कि 700 किलोग्राम का यह भैंसा सरकारी निर्देश के बाद आधिकारिक संरक्षण में ले लिया गया। इसे कुछ घंटों बाद गुरुवार को बकरीद समारोह में कुर्बान किया जाना था।

भैंसे के मालिक मनीरुज जमान ने पत्रकारों को बताया कि बुधवार दोपहर पुलिस उसके घर आई और कहा कि सरकार ने भैंसे को अपने संरक्षण में लेने का निर्णय लिया है। चूंकि हम किसी भी तरह का टकराव नहीं चाहते इसलिए हमने भैंसा पुलिस को सौंप दिया। जमान ने कहा कि अधिकारियों ने उन्हें बताया कि सरकार भैंसे के बदले मुआवजा देगी या एक मवेशी देगी।

किरानीगंज पुलिस स्टेशन के प्रभारी रुहुल कुद्दूस ने कहा कि पशुपालन विभाग के अधिकारियों का मानना है कि भैंसा अभी भी युवा है और इसे कई और वर्षों तक पाला जा सकता है। राष्ट्रीय चिड़ियाघर के क्यूरेटर अतीकुर रहमान ने कहा कि इस भैंसे की उचित देखभाल की जाएगी और इसके लिए एक अलग शेड और देखभाल करने वाला तय कर दिया गया है।

## रंगला पंजाब या खौफज़दा पंजाब : आरपी सिंह

नयी दिल्ली, (वार्ता)

भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता आर. पी. सिंह ने कानून व्यवस्था को लेकर आम आदमी पार्टी (आप) की पंजाब सरकार पर निशाना साधते हुए सवाल किया है कि यह रंगला पंजाब है या खौफज़दा पंजाब। श्री सिंह ने गुरुवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि अगर पंजाब पुलिस के जवानों को प्रशासन की तरफ से यह सलाह दी जा रही है कि वे अकेले सफ़र न करें, सार्वजनिक जगहों पर वर्दी पहनने से बचें, दोपहिया वाहनों का इस्तेमाल न करें और अपनी सुरक्षा के लिए सार्वजनिक परिवहन पर निर्भर रहें, तो एक गंभीर सवाल ज़रूर पूछा जाना चाहिए कि आम आदमी की सुरक्षा का क्या होगा?

उन्होंने कहा कि जब समाज की रक्षा की ज़िम्मेदारी संभालने वाले लोग खुद को ही जानलेवा हमलों के प्रति असुरक्षित महसूस करने लगें, तो यह पंजाब में आप सरकार के राज में कानून-व्यवस्था की खतरनाक हद तक बिगड़ती हालत को दिखाता है। गैंग हिंसा में बढ़ोतरी से लेकर आतंकवाद से जुड़े खतरों और दिन-दहाड़े होने वाली बेखौफ हत्याओं तक, पंजाब आज डर और असुरक्षा के एक खतरनाक माहौल का सामना कर रहा है। सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) जोगा सिंह की बेरहमी से की गई हत्या सिर्फ़ एक पुलिस अधिकारी पर हमला नहीं थी, बल्कि यह पूरी पुलिस व्यवस्था के आत्मविश्वास और मनोबल पर किया गया हमला था। उन्होंने कहा कि इससे पहले गुरदासपुर में दोरांगला सीमा चौकी पर पंजाब पुलिस के दो जवानों की हत्या ने राय में सुरक्षा संकट के गहराने और कानून-व्यवस्था के खतरनाक हद तक चरमराने की स्थिति को और भी ज़्यादा उजागर किया था। भाजपा नेता ने कहा कि जिस सरकार ने बदलाव का वादा करके सत्ता हासिल की थी, उसने इसके उलट पंजाब को अनिश्चितता, असुरक्षा और डर के माहौल में धकेल दिया है। अगर पुलिस के जवानों को अपनी खुद की सुरक्षा के लिए अपनी वर्दी छिपाने और अकेले सफ़र करने से बचने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, तो एक आम दुकानदार, किसान, छात्र, कारोबारी या रोज़ाना सफ़र करने वाला व्यक्ति खुद को सुरक्षित कैसे महसूस कर सकता है। उन्होंने कहा कि पंजाब एक ऐसी निर्णायक शासन व्यवस्था का हकदार है, जिसमें गैंगस्टरों और आतंकी नेटवर्क के खिलाफ शून्य सहिष्णुता हो और एक ऐसी सरकार हो जो हालात को और ज़्यादा बेकाबू होने देने के बजाय अपनी सुरक्षा बलों के साथ मज़बूती से खड़ी रहे।

## ऑपरेशन शेरूवाली :10 हजार फीट पर सेना तैनात, मुल्ला मुनीर परेशान

**श्रीनगर।** जम्मू कश्मीर के राज़ारी के घने जंगलों में ऑपरेशन शेरूवाली लगातार तेज हो रहा है और सुरक्षा बलने देखें पूर पाकिस्तानी कमांडो इल्यास



फॉजी और आतन की अबू हमजा को घेर लिया है। दोनों राज़ारी और जम्मू डिवीजन में कई हमलों में यह शामिल होने का आरोप है। सेना, पुलिस और सीयार पेफ की टीम्स लगातार जंगलों में सर्च ऑपरेशन यहां पर चला रही है। लगातार यह उपरेशन जारी है। पिछले छह दिनों से सुरक्षाबल लगातार पहाड़ियों, खाइयों और घने जंगलों के बीच आतंकियों को घेरने में जुटे हैं। इस ऑपरेशन को नाम दिया गया है 'ऑपरेशन शेरूवाली। वहीं राज़ोरी में सुरक्षा बलो ने शेरू वाली के तहत, तो पूरा पाकिस्तानी कमांडो, इलियास्त, फौजी और आतन के अबू हमजा को घेर लिया है, 10 ,000 फीट की उचाही पर देखिये, सेना, सीआरपीएफ और पुलिस के 3 ,000 से जो ज्यादा जवान है, लगातार, इस सर्च ऑपरेशन को अंजाम दे रहे हैं, ड्रोन, हेलिकॉप्टर के जरिए हर मूवमेंट पर नज़र रखी जा रही है। रजोरी में लगातार ऑपरेशन जारी है, और सैना की टुकडियों को भी बढ़ा दिया गया है, तैनाती बढ़ा दिगी है, जितने भी जंगल है, मोगला गंबीर और डोरी मल जगा के जितने भी घने जंगल है, ऐसे वहाँ पर तैनाती बढ़ाई है, भारती सहना के जवारों की तैनाती बढ़ाई है, गाड़ियों यहाँ पर और पहुंची है।

## समाजवादी पार्टी में दलित पिछड़ों की स्थिति झंडा ढोने,दरी बिछाने और वोट देने तक सीमित : राजभर

अमेठी, (वार्ता)

समाजवादी पार्टी (सपा) की अमेठी विधायक महाराजी प्रजापति के आवास पर मारपीट और धमकी के मामले ने राजनीतिक तूल पकड़ लिया है। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) प्रमुख एवं उत्तर प्रदेश में पंचायती राज मंत्री ओम प्रकाश राजभर ने इस घटना को लेकर सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव पर तीखा हमला बोला है। ओम प्रकाश राजभर ने सोशल मीडिया पर जारी अपने बयान में आरोप लगाया कि समाजवादी पार्टी में गैर-यादव पिछड़ों और दलितों की स्थिति केवल झंडा ढोने, दरी बिछाने और वोट देने तक सीमित है। उन्होंने कहा कि पार्टी में सम्मान और संरक्षण केवल एक विशेष वर्ग को मिलता है।

राजभर ने लिखा कि सपा की महिला विधायक महाराजी प्रजापति के साथ उनकी ही पार्टी के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित रूप से मारपीट, गाली-गलौज और जान से मारने की धमकी दी जा रही है, लेकिन अखिलेश यादव इस मामले पर चुप्पी साधे हुए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक के बेटे अनुराग प्रजापति ने कैमरे पर कुछ लोगों के नाम लेते हुए उनकी मां को धमकाने और मारपीट करने का आरोप लगाया है, इसके बावजूद पार्टी नेतृत्व की ओर से कोई कार्रवाई नहीं की गई। सुभासपा प्रमुख ने अपने बयान में कहा कि महाभारत में धृतराष्ट्र पुत्र मोह में अंधे थे, आज अखिलेश यादव 'यादव मोह' में अंधे हो गए हैं। उन्होंने सपा के पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) नारे पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह केवल चुनावी नारा बनकर रह गया है।उन्होंने यह भी कहा कि जब पार्टी की अपनी महिला विधायक ही सुरक्षित नहीं हैं, तो प्रदेश की गरीब और पिछड़े समाज की महिलाओं की स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है।

उल्लेखनीय है कि मंगलवार को अमेठी की सपा विधायक महाराजी प्रजापति के बेटे अनुराग प्रजापति ने पुलिस को शिकायत पत्र देकर आरोप लगाया था कि आवास विकास कॉलोनी स्थित उनके घर पर दर्जनभर से अधिक लोग पहुंचे और मारपीट के साथ गाली-गलौज की।

**फिल्म/टीवी मनोरंजन**

## नागाबंधम का नया इंटेंस पोस्टर हुआ आउट, एक ही फ्रेम में दिखी पूरी स्टारकास्ट की रहस्यमयी दुनिया

फिल्म नागाबंधम का नया इंटेंस पोस्टर रिलीज कर दिया गया है।फिल्म नागाबंधम को लेकर बना हुआ जबरदस्त बज लगातार बढ़ता ही जा रहा है। शानदार स्टारकास्ट और बेहद टैलेंटेड टीम के दम पर मेकर्स हर नए अपडेट



के साथ दर्शकों की उत्सुकता को बनाए रखने में कामयाब रहे हैं। हाल ही में रिलीज हुए इसके दमदार टीज़र ने इस हाइप को और यादा बढ़ा दिया है, जिसने दर्शकों को नागाबंधम की रहस्यमयी और रोमांचक दुनिया की एक बेहद दिलचस्प झलक दिखाई और इसे फैंस से शानदार रिस्पॉन्स मिला है। एक से बढ़कर एक दमदार कैरेक्टर पोस्टर्स रिलीज करने के बाद, मेकर्स ने अब एक नया और धमाकेदार पोस्टर ड्रॉप किया है। इस पोस्टर में विराट कर्ण, ऋषभ साहनी, नाभा नतेश और जगपति बाबू सहित पूरी स्टारकास्ट एक साथ एक ही पावरफुल फ्रेम में नजर आ रही है। इस नए पोस्टर को देखकर साफ अंदाजा लगाया जा सकता है कि फिल्म के हर किरदार के पीछे कोई न कोई गहरा राज और छिपी हुई कहानी है, जिसने दर्शकों को फिल्म के इस रहस्य से पर्दा उठाने के लिए और भी यादा उत्सुक कर दिया है। पोस्टर शेयर करते हुए मेकर्स ने लिखा, जब हर चेहरा एक कहानी छिपाएज् हर साया एक राज़ की रखवाली करे।योद्धाओं से लेकर यात्रियों तक और संतों से लेकर संघर्ष करने वालों तकज्नागाबंधम की दुनिया एक सनसनीखेज फ्रेम में जीवंत हो उठी है।दुनियाभर में भव्य रिलीज़ तीन जुलाई को। हर नए अपडेट के साथ 'नागबंधम' लगातार सोशल मीडिया पर जबरदस्त चर्चा बटोर रही है, खासकर इसके दमदार कैरेक्टर पोस्टर्स ने फिल्म की दुनिया और किरदारों को लेकर दर्शकों की उत्सुकता को और बढ़ा दिया है।

## दमदार अभिनय से दर्शकों के दिलों में राज किया पृथ्वीराज कपूर ने

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता पृथ्वीराज कपूर को भारतीय सिनेमा की ऐसी महान शख्सियत के रूप में याद किया जाता है, जिन्होंने अपनी कड़क आवाज, रौबदार भाव-भंगिमाओं और दमदार अभिनय के बल पर लगभग चार दशकों तक सिने प्रेमियों के दिलों पर राज किया। 03 नवंबर 1906 को पश्चिमी पंजाब (अब पाकिस्तान) के लायलपुर शहर में जन्मे पृथ्वीराज कपूर ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा लायलपुर और लाहौर में पूरी की। उनके पिता दीवान बशेश्वरनाथ कपूर पुलिस उपनिरीक्षक थे। बाद में उनका तबादला पेशावर हो गया। पृथ्वीराज कपूर ने आगे की पढ़ाई पेशावर के एडवर्ड कॉलेज से की। उन्होंने कानून की पढ़ाई बीच में ही छोड़ दी क्योंकि उस समय तक उनका रुझान थिएटर की ओर हो गया था।महज 18 वर्ष की उम्र में उनका विवाह हो गया। वर्ष 1928 में अपनी चाची से आर्थिक सहायता लेकर पृथ्वीराज कपूर अपने सपनों के शहर मुंबई पहुंचे।



उन्होंने अपने करियर की शुरुआत 1928 में इंपीरियल फिल्म कंपनी से जुड़कर की। वर्ष 1930 में बी. पी. मिश्रा की फिल्म सिनेमा गर्ल में उन्होंने अभिनय किया। इसके बाद एंडरसन की थिएटर कंपनी के शेक्सपियर नाटकों में भी उन्होंने अभिनय किया। लगभग दो वर्षों के संघर्ष के बाद वर्ष 1931 में प्रदर्शित पहली सवाक फिल्म आलमआरा में उन्हें सहायक अभिनेता के रूप में काम करने का अवसर मिला। वर्ष 1933 में वे कोलकाता के प्रसिद्ध न्यू थिएटर से जुड़े। वर्ष 1933 में प्रदर्शित फिल्म राजरानी और वर्ष 1934 में देवकी बोस की फिल्म सीता की सफलता के बाद उन्होंने बतौर अभिनेता अपनी पहचान बना ली।इसके बाद उन्होंने न्यू थिएटर की कई फिल्मों में अभिनय किया, जिनमें मंजिल और प्रेसिडेंट शामिल हैं वर्ष 1937 में फिल्म विद्यापति में उनके अभिनय को दर्शकों ने काफी सराहा। वर्ष 1938 में वे चंदूलाल शाह के रंजीत मूवीटोन से जुड़े। वर्ष 1940 की फिल्म पागल में उन्होंने पहली बार एंटी-हीरो की भूमिका निभाई। वर्ष 1941 में फिल्म सिकंदर की सफलता के बाद वे कामयाबी के शिखर पर पहुंच गए। वर्ष 1944 में उन्होंने अपनी खुद की थिएटर कंपनी पृथ्वी थिएटरड्ढकी स्थापना की। इस थिएटर में उन्होंने आधुनिक और शहरी विचारधारा को अपनाया, जो उस समय के पारसी और पारंपरिक थिएटरों से बिल्कुल अलग थी।धीरे-धीरे दर्शकों का ध्यान थिएटर से हटने लगा, क्योंकि उस समय फिल्मों का क्रेज अधिक था। इसके बावजूद पृथ्वी थिएटर ने 16 वर्षों में 2662 शो किए, जिनमें से लगभग सभी में पृथ्वीराज कपूर ने मुख्य भूमिका निभाई। वे बीमारी की हालत में भी मंच पर प्रदर्शन करते थे। पृथ्वी थिएटर के प्रसिद्ध नाटकों में दीवार, पठान, गद्दार और पैसा शामिल हैं। उन्होंने अपने थिएटर के माध्यम से कई प्रतिभाओं को अवसर दिया, जिनमें रामानंद सागर और शंकर-जयकिशन जैसे नाम शामिल हैं। 1960 के दशक में उन्होंने फिल्मों में काम करना कम कर दिया। वर्ष 1960 की फिल्म मुगल-ए-आजम में उनके सामने अभिनय सम्राट दिलीप कुमार थे, इसके बावजूद उन्होंने अपने दमदार अभिनय से दर्शकों का ध्यान खींचा। वर्ष 1965 की फिल्म आसमान महल में उन्होंने एक और यादगार भूमिका निभाई। वर्ष 1968 की फिल्म तीन बहुरानियां में उन्होंने परिवार के मुखिया की भूमिका निभाई, जो अपनी बहुओं को सत्य के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। इसके साथ ही उन्होंने अपने पौत्र रणधीर कपूर की फिल्म कल आज और कल में भी अभिनय किया। वर्ष 1969 में उन्होंने एक पंजाबी फिल्म नानक नाम जहां है में भी काम किया, जिसकी सफलता ने पंजाबी फिल्म इंडस्ट्री को नई पहचान दी। भारतीय सिनेमा में उनके योगदान को देखते हुए उन्हें वर्ष 1969 में पद्म भूषण से सम्मानित किया गया। इसके अलावा उन्हें दादा साहब फाल्के पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया।भारतीय सिनेमा के इस महान अभिनेता ने 29 मई 1972 को इस दुनिया को अलविदा कह दिया।

## विपुल अमृतलाल शाह के साथ काम करने का सपना पूरा हुआ : मनोज बाजपेयी



मनोज बाजपेयी का कहना है कि विपुल अमृतलाल शाह के साथ काम करने का उनका सपना पूरा हो गया है। फिल्म गवर्नर के दिलचस्प टीज़र के बाद, जिसने पहले ही फैंस की उत्सुकता बढ़ा दी थी, मेकर्स ने अब इसका एक बेहद दमदार ट्रेलर रिलीज कर दिया है। यह ट्रेलर भारत के आर्थिक इतिहास के एक ऐसे बेहद अहम और नाजुक दौर को दिखाता है, जब साल 1990 में देश कंगाली और दिवालिया होने की कगार पर खड़ा था। ट्रेलर में देश के उस तनावपूर्ण और चुनौतीपूर्ण दौर को बखूबी कैद किया गया है, जिसे मनोज बाजपेयी और अदा शर्मा की कमाल की परफॉर्मेंस ने और भी दमदार बना दिया है। फिल्म में मनोज बाजपेयी मुख्य भूमिका निभा रहे हैं, और वे एक लंबे समय से विपुल अमृतलाल शाह के साथ काम करने का इंतजार कर रहे थे। गवर्नर के ट्रेलर लॉन्च के मौके पर बातचीत करते हुए मनोज बाजपेयी ने कहा, मैं विपुल को कई सालों से जानता हूँ लेकिन हमें कभी साथ काम करने का मौका नहीं मिला। मैं उनसे किसी प्रोजेक्ट के लिए पूछ भी रहा था क्योंकि वे इस इंडस्ट्री के एक बेहद सफल प्रोड्यूसर हैं। लगभग 4.5 साल पहले उन्होंने इस फिल्म के लिए मुझसे संपर्क किया, मुझे इसका पहला ड्राफ्ट ही इतना रोमांचक लगा कि इसके बाद हमारी बातचीत लगातार चलती रही।卐झ सची घटनाओं से प्रेरित फिल्म गवर्नर 1990 के दशक में भारत के सबसे बुरे आर्थिक संकट को पर्दे पर लेकर आती है।

# हजारों लोगों ने सजदा कर ईदुल अजहा की नमाज अदा की



### देश की खुशहाली तरक्की अमनो अमान के लिए मांगी दुआ

### गले मिल कर दी ईद की मुबारकबाद

गाडरवारा (स्वतंत्र मत)।

ईदगाह में ईदुल अजहा बकरा ईद की नमाज में हजारों लोगों ने सजदा कर रब को याद कर खुशनुमा अंदाज में मोहब्बत का पैगाम देते हुए एक दूसरे से गले मिलकर ईद का पर्व हर्ष उल्लास के साथ मनाया । ईद के मौके पर नगर में गंगा जमुना तहजीब नजारा देखने को मिला सभी ने एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद दी। नगर में ईदुलअजहा बकरा ईद का पर्व मुस्लिम समुदाय ने खुशनुमा अंदाज में एकता भाईचारे के साथ मनाया । दिन भर नगर में ईद की बधाई का सिलसिला जारी रहा, राजीव वार्ड स्थित ईदगाह में सुबह 7,30 बजे सामूहिक रूप से ईद की नमाज हाफिज व कारी जुबेर आलम साहब द्वारा अदा कराते हुए अहले वतन की तरक्की खुशहाली,अमनो अमान के लिए दुआ मांगी । नमाज व दुआ के बाद मुस्लिम भाईयो ने ईदगाह मे एक दूसरे से गले मिलकर ईद की बधाइयां दी । इसके पश्चात सभी लोग कब्रिस्तान पहुचे ओर वहा पर मरहूमो की कब्र पर फूल खुशबू पेश कर उनकी मगफिरत के लिए दुआएं की । ईदगाह के सामने का मंजर काफी हसीन लग रहा था सभी लोग नए व स्वच्छ लिबास में मोहब्बत के साथ ईद की मुबारक बात देते हुए दिखाई दे रहे थे । ईदगाह के अलावा जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे मोहम्मद मजहर ने, छोटी मस्जिद में सुबह 8 बजे हाफिज अब्दुल गफ्फार

ने, व फैजाने मदीना मस्जिद में 8,30 बजे हाफिज शफीक ने नमाज अदा कराई । बकरा ईद का यह पर्व त्याग, समर्पण के साथ अल्लाह पर भरोसे का प्रतीक माना जाता है ।

नमाज के उपरांत मुस्लिम भाइयो ने हैसियत के मुताबिक बकरे की कुर्बानिया करना शुरू कर दिया था। शांति समिति की बैठक में लिए गए निर्णय का मुस्लिम भाइयो ने पालन किया । ईद पर दान पुण्य भी किया गया बकरा ईद सिर्फ जानवर की कुर्बानी करना नही है इसका असली मकसद अपने अंदर की बुराइयों , लालच, घमंड और नफरत की कुर्बानी देना है । ईदगाह के समक्ष प्रशासनिक अधिकारी नमाज के दौरान पूरे समय मौजूद रहे। ईदगाह जाने वाले एवं मस्जिद वाले रास्ते पर यातायात को दृष्टिगत रखते हुए प्रशासन द्वारा बेहतर इंतजाम किये गए थे । नगर पालिका परिषद द्वारा भी ईदगाह , कब्रिस्तान व मस्जिदों के आसपास समुचित साफ सफाई की गई थी। जगह जगह पुलिस बल तैनात रहा । ईदगाह में नमाज के बाद जामा मस्जिद प्रबंध कमेटी के अध्यक्ष अबरार खान ने संबोधित कर ईद की बधाई देते हुए प्रशासन द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति आभार जताया । ईदगाह के समक्ष जामा मस्जिद कमेटी अध्यक्ष अबरार खान, अब्दुल फिरोज खान, महमूद पहलवान, सत्तार खान, असलम फल वाले,आशिक हुसैन, शेख रहीम गुड्डु, मुजीब खान, इसरार खान चंदू, फिरोज फिजा,आशिक अली, सज्जाद अली, रिजवान चिस्ती सहित सभी मुस्लिम भाईयो ने उपस्थित सभी अधिकारियो एवं कर्मचारियो को ईद की बधाई देते हुए प्रशासन द्वारा दिये गए सहयोग के प्रति शुक्रिया अदा किया ।



# भारतीय किसान संघ के तीनों प्रांतों की संयुक्त बैठक संपन्न

### ई-टोकन प्रणाली सहित 9 बिंदुओं पर चर्चा

**नरसिंहपुर, स्वतंत्र मत।** विंध्याचल भवन, भोपाल में भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश के तीनों प्रांत – मध्य भारत, मालवा एवं महाकौशल प्रांत की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी एवं मध्य भारत प्रांत संगठन मंत्री भरतसिंह की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ज्वाइन डायरेक्टर जी एस चौहान एवं एडीए श आशुतोष पांडेय , ई-विकास प्रणाली वितरण कृषि उर्वरक आपूर्ति समाधान संचालनालय, किसान कल्याण तथा कृषि विभाग मध्यप्रदेश शासन उपस्थित रहे। बैठक के मुख्य बिंदु में ई-टोकन प्रणाली को लेकर 9 बिंदुओं पर चर्चा हुई। जिसमें कृषक ई-टोकन जेनरेशन लॉगिन वन अधिकार पट्टा, फार्मर आईडी नहीं है राजस्व पट्टा ,एग्रीकल्चर फार्मर, केवीके यूनिवर्सिटी सिकमी किसान,मृत किसान, धार्मिक ट्रस्ट,अक्षम किसान रहे। अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई कि ई-टोकन की व्यवस्था 24 घंटे चालू रहेगी , फार्मर आईडी न रहने के बाद भी किसानों को खाद प्राप्त होगी,वन पट्टा, राजस्व पट्टा, धार्मिक ट्रस्ट,सिकमीनामा किसानों को खाद के लिए विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में भारतीय किसान संघ मध्यप्रदेश-छत्तीसगढ़ क्षेत्रीय संगठन मंत्री महेश चौधरी, मध्य भारत संगठन मंत्री भरतसिंह जी, प्रांत अध्यक्ष सर्वज्ञ दीवान, महाकौशल प्रांत महामंत्री प्रहलाद सिंह पटेल, प्रांत मंत्री स्वदेश कोठारी, संभाग अध्यक्ष अनुरुद्ध , जिला अध्यक्ष रामदास पटेल, जिला अध्यक्ष संतोष राय , गोवर्धन पाटीदार, दिनेश शर्मा प्रांत सह संगठन मंत्री, कृष्ण पाल जी संभाग अध्यक्ष इंदौर दशरथ संभाग अध्यक्ष उज्जैन सवाई सिंह सिसौदिया जिला अध्यक्ष शाजापुर, जगराम यादव ,राजकुमार , नरेंद्र दोगुने, पुष्पेन्द्र सिंह ,विनोद पाटिल अन्य प्रांत, संभाग और जिले के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# बकरीद के पर्व पर विशेष नमाज अदा की गयी

### अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

बकरीद का पर्व गुरुवार को पूरे धार्मिक उत्साह, भाईचारे और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाया गया। शहर की विभिन्न मस्जिदों और ईदगाह में सुबह से ही नमाजियों की भारी भीड़ उमड़ी, जहां मुस्लिम समाज के लोगों ने ईद-उल-अजहा की विशेष नमाज अदा कर देश और प्रदेश में अमन-चैन, खुशहाली और तरक्की की दुआ मांगी। नमाज के बाद लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर बकरीद की मुबारकबाद दी। बच्चों और युवाओं में पर्व को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। घरों में विशेष व्यंजन बनाए गए और लोगों ने रिश्तेदारों एवं परिचितों के साथ खुशियां साझा कीं। कब्रिस्तान में जाकर अपने पूर्वजों का स्मरण किया।शहर की प्रमुख मस्जिदों और ईदगाह में सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन भी पूरी तरह मुस्तैद नजर आया। पुलिस बल तैनात रहा और अधिकारियों ने लगातार व्यवस्थाओं का जायजा लिया, जिससे पर्व शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। धार्मिक गुरुओं ने अपने संदेश में कहा कि बकरीद त्याग, बलिदान, इंसानियत और आपसी भाईचारे का पर्व है, जो समाज को प्रेम और सहयोग की सीख देता है। मुस्लिम समाज के लोगों ने जरूरतमंदों की मदद कर सामाजिक समरसता का संदेश भी दिया।

### राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के सदस्य प्रियांक कानूनगो 2 जून को जिले का भ्रमण कर बैठक लेंगे

**नरसिंहपुर। स्वतंत्र मत।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग नई दिल्ली के सदस्य श्री प्रियांक कानूनगो 02 जून 2026 को जिले के भ्रमण पर रहेंगे। आप दोपहर 03:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक लेंगे। इस निर्धारित भ्रमण का उद्देश्य मानवाधिकार और समावेशी विकास से संबंधित प्रमुख विषयगत क्षेत्रों में क्रियान्वयन की स्थिति और जमीनी हकीकतों की व्यापक समीक्षा करना है।

# प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना के तहत लगा शिविर

### शिविर में श्रमिकों को दी गई जानकारी

नरसिंहपुर (स्वतंत्र मत)।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना अंतर्गत पंजीयन शिविर का आयोजन नगरपालिका परिषद नरसिंहपुर में बुधवार को किया गया। शिविर में 18 वर्ष से 40 वर्ष आयु वर्ग के असंगठित क्षेत्र में कार्यरत श्रमिकों को योजना में पंजीयन कर लाभ प्राप्त करने हेतु प्रेरित किया गया।

प्रधानमंत्री श्रम योगी मानधन योजना भारत सरकार द्वारा संचालित एक सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना है, जिसके अंतर्गत पात्र श्रमिकों को 60 वर्ष की आयु



पूर्ण होने पर प्रतिमाह 3 हजार रुपये की न्यूनतम पेंशन प्रदान की जाती है।

योजना में श्रमिक द्वारा निर्धारित मासिक अंशदान जमा किया जाता है, वहीं केंद्र सरकार द्वारा भी समान राशि का योगदान किया जाता है। शिविर में पंजीयन के लिए आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई, जिनमें आधार कार्ड, ई-श्रम कार्ड, आधार एवं ई-श्रम से पंजीकृत मोबाइल नंबर तथा बैंक पासबुक शामिल हैं। जिन श्रमिकों का ई-श्रम पंजीयन नहीं हुआ है, उनके लिए शिविर में तत्काल पंजीयन की व्यवस्था भी उपलब्ध कराई गई। जिले के सभी सचिव एवं ग्राम रोजगार सहायकों से आग्रह किया गया कि वे अधिक से अधिक हितग्राहियों को आयोजित होने वाले शिविरों में लाना सुनिश्चित करें, ताकि पात्र श्रमिक उक्त योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दे रहा एनटीपीसी विंध्याचल

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

एनटीपीसी विंध्याचल द्वारा स्वच्छता पखवाड़ा के अंतर्गत नैगम सामाजिक दायित्व पहल के तहत 28 मई 2026 को संजीवनी अस्पताल, ढोटी एवं बैढ़न बस स्टैंड पर स्वच्छता एवं स्वास्थ्य जागरूकता विषय पर प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। इस नुक्कड़ नाटक के माध्यम से ग्रामीणों एवं स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता, व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं साफ-सुथरे वातावरण के महत्व के प्रति जागरूक किया गया



तथा स्वच्छ एवं स्वस्थ समाज के निर्माण में सामुदायिक सहभागिता के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं के स्वास्थ्य एवं सम्मान को बढ़ावा देने हेतु सीएसआर टीम द्वारा ढोटी गांव की 100 महिलाओं को सेनेटरी पैड वितरित किए गए तथा उनके सही उपयोग एवं लाभों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

इस अवसर पर श्री अनिल कुमार वैश्य (पार्षद), श्री डेविड देशमुख, कार्यकारी (सीएसआर) एनटीपीसी विंध्याचल सहित ढोटी गांव के ग्रामीण उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम समुदाय कल्याण, महिला स्वास्थ्य एवं समावेशी सामाजिक विकास के प्रति एनटीपीसी विंध्याचल की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# गिराये गए सुभाष चौक की जर्जर इमारत के हिस्से

### जारी है नगर निगम की बुलडोजरी कार्यवाही

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** कटनी नगर निगम द्वारा इन दिनों शहर में मौजूद मौत को आमंत्रण देते भयावह जर्जर भवनों को तोड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण अमले ने आज इमारत के जर्जर हिस्सों को गिराना शुरू कर दिया। स्थानीय व्यापारियों श्रीकांत खेड़िया, मनोज चौबे, विजय आनंद जैन, गुड्डु जैन, अनिल केवलानी सहित दर्जनों व्यापारियों ने नगर निगम की इस कार्यवाही की सराहना करते हुए



कहा कि वर्तमान में जर्जर भवनों के खिलाफ नगर निगम के द्वारा की जा रही सख्त कार्यवाही न केवल सराहनीय है, बल्कि शहर वासियों के जान मांग को सुरक्षित रखने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। शहर के हृदय स्थल में मौजूद इस जर्जर इमारत को यदि समय रहते तोड़ कर हटाने की कार्रवाई नहीं की जाती तो यहां पर कभी भी गंभीर हादसा हो सकता था। बरसात शुरू होने से पूर्व नगर निगम की इस कार्रवाई ने लोगों को राहत प्रदान की है।

## पीएम राहत योजना अन्तर्गत सड़क दुर्घटना पीड़ित का होगा डेढ़ लाख रूपये तक का कैशलेस उपचार

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पीएम राहत सड़क दुर्घटना पीड़ितों का कैशलेस उपचार योजना लागू की गई है। योजना के तहत सड़क दुर्घटना पीड़ित व्यक्ति को डेढ़ लाख तक मुफ्त ईलाज सरकारी एवं चिन्हित प्रायवेट अस्पतालों में मिलेगा। भारत में प्रतिवर्ष सड़क दुर्घटना में बहुत अधिक संख्या में मौतें होती है, जिनमें से अनेक को समय पर चिकित्सकीय सहायता प्रदान कर टाला जा सकता है। यदि दुर्घटना पीड़ितों को पहले एक घंटे के भीतर अस्पताल में भर्ती करा दिया जाए, तो लगभग 50 प्रतिशत मौतों को टाला जा सकता है। सड़क दुर्घटना पीड़ित, राह-वीर या दुर्घटना स्थल पर उपस्थित कोई भी व्यक्ति 112 डायल करके निकटतम नामित अस्पताल की जानकारी प्राप्त कर सकता है और एम्बुलेंस सहायता लें सकता है। पीएम राहत योजना अन्तर्गत किसी भी श्रेणी की सड़क पर हुई दुर्घटना के प्रत्येक पात्र पीड़ित को दुर्घटना की तिथि से 7 दिनों की अवधि तक प्रति व्यक्ति 1 लाख 50 हजार रूपये तक का कैशलेस उपचार प्रदान करने का प्रावधान है। जीवन को खतरे में नहीं डालने वाले मामलों में अधिकतम 24 घंटे तक तथा जीवन के लिये घातक मामलों में अधिकतम 48 घंटे तक स्टेबलाईजेशन उपचार उपलब्ध कराया जाएगा। यह सुविधा एकीकृत डिजीटल प्रणाली पर पुलिस प्रमाणीकरण के अधीन होगी। पीएम राहत योजना किसी भी दुर्घटना पीड़ित का वित्तीय अड़चनों के कारण जीवनरक्षक उपचार से वंचित न रहना सुनिश्चित करते हुए सड़क दुर्घटना में पीड़ितों का जीवन बचाने तथा आपातकालीन स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को सुदृढ़ करने की दिशा में एक निर्णायक कदम है।

# आरएलआई विंध्याचल में जेम 2026 की बालिकाओं को सिंगरौली नगर निगम आयुक्त सविता प्रधान गौर ने प्रेरित किया

सिंगरौली (स्वतंत्र मत)।

आरएलआई विंध्याचल में आयोजित बालिका सशक्तिकरण अभियान 2026 के अंतर्गत सिंगरौली नगर निगम की आयुक्त श्रीमती सविता प्रधान गौर ने जेम बालिकाओं के साथ प्रेरणादायक संवाद किया। उन्होंने बालिकाओं को रंग, पारिवारिक पृष्ठभूमि अथवा ज्ञान के स्तर के आधार पर होने वाले भेदभाव से ऊपर उठकर आत्मविश्वास एवं दृढ़ संकल्प के साथ अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित किया।उन्होंने कहा कि शिक्षा ही जीवन में सफलता प्राप्त करने का सबसे मजबूत आधार है। अपने संबोधन के दौरान उन्होंने महत्वपूर्ण तथ्य साझा करते



हुए बताया कि देश के अधिकांश सिविल सेवक सरकारी विद्यालयों से शिक्षा प्राप्त कर आगे बढ़े हैं। उन्होंने जेम बालिकाओं को निरंतर प्रेरित रहने, स्वयं पर विश्वास रखने तथा यह मानने के लिए प्रोत्साहित किया कि कोई भी सपना उनकी पहुंच से दूर नहीं है।इस अवसर पर श्रीमती रूमा दे शर्मा, मानव संसाधन प्रमुख(विंध्याचल), श्री प्रणव वर्मा, अपर महाप्रबंधक (मानव संसाधन) एवं श्री डेविड देशमुख, कार्यपालक(सीएसआर) भी उपस्थित रहे।

इस प्रकार के प्रेरणादायी संवाद जेम बालिकाओं को बड़े सपने देखने, ऊंचे लक्ष्य निर्धारित करने तथा जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु निरंतर प्रेरित कर रहे हैं।

# मुल्क की सलामती और कौम की खुशहाली की दुआएं

## शहर में उत्साह के साथ मनाई गई बकरीद, गले मिलकर दी मुबारकबाद





कटनी (स्वतंत्रमत)

मुस्लिम धर्मावलंबियों का प्रमुख बकरीद का पर्व गुरूवार को शहर में परंपरागत तरीके से उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर शहर और उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित मस्जिदों और ईदगाह में नमाज अदा करते हुए मुस्लिम धर्मावलंबियों ने देश में अमन-चैन और कौम की खुशहाली की दुआएं की। इस मौके पर आदर्श कॉलानी स्थित बड़ी ईदगाह में सबसे पहले सुबह 8 बजे नमाज अदा कराई गई। इसी तरह अन्य मस्जिदों और मदरसों में भी बकरीद की नमाज हुई। नमाज अदा करने के उपरांत मुस्लिम धर्मावलंबियों ने गले मिलकर एक-दूसरे को पर्व की मुबारकबाद दी। जानकारी के मुताबिक बकरीद पर्व के अवसर पर ईदगाह आदर्श कॉलोनी में जनाब पेश इमाम हाजी हाफिज ऐनुलहक साहब, शहर जामा मस्जिद ईश्वरीपुरा वार्ड में जनाब हाफिज अदनान कुरैशी साहब, नगीना मस्जिद मिशन चौक में जनाब पेश इमाम हाफिज अब्दुल रहीम साहब, नूरी छोटी मस्जिद आजाद चौक में जनाब पेश इमाम मौलवी अब्दुल रशीद साहब, वक्फ मस्जिद अल्फर्टगंज में जनाब पेश इमाम हाजी कारी नोमान साहब, इस्हाकिया मस्जिद अहमदनगर में जनाब पेशइमाम हाफिज तौफीक अहमद साहब, अबूजर गफ्फारी झर्रा टिकुरिया में जनाब हाफिज मोहम्मद वसीम साहब, एक मिनारा (अजीमिया) मस्जिद बरगवां में जनाब पेशइमाम हाफिज तालिमुद्दीन साहब, गौसिया मस्जिद बरगवां में जनाब पेश इमाम हाफिज नूर मोहम्मद साहब, मंगलनगर मस्जिद में जनाब पेश इमाम हाफिज रईस अहमद साहब, वक्फ मस्जिद आयुध निर्माणी में जनाब पेश इमाम हाफिज कमरूल हसन साहब, जामा मस्जिद रजा नगर एनकेजे में जनाब हाफिज हबीबुल्लाह साहब, मदीना मस्जिद रोशननगर में जनाब पेश इमाम हाफिज हसनैन रजा साहब, मस्जिद अबुबकर सिद्दीक अमीरगंज में जनाब पेश इमाम हाफिज अब्दुल जलील साहब, खिरहनी फाटक मस्जिद में जनाब पेश इमाम हाफिज जाबिर हुसैन साहब, मस्जिद गौसिया दुर्गा चौक में जनाब पेश इमाम हाफिज तमजीद रजा साहब, हुसैन मस्जिद लमतरा में जनाब पेश इमाम हाफिज कारी रबानी साहब एवं झिंझरी जेल में जनाब अम्बिया आजम साहब द्वारा बकरीद की नमाज अदा कराई गई।

**इनकी रही मौजूदगी**

इस अवसर पर कानून एवं शांति व्यवस्था के मद्देनजर मिशन चौक में एसडीएम प्रदीप चतुर्वेदी, आदर्श कॉलोनी स्थित ईदगाह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ संतोष डेहरिया, तहसीलदार साक्षी शुक्ला, नायब तहसीलदार आकाश नीरज, कोतवाली थाना प्रभारी राखी पांडे, यातायात थाना प्रभारी अनूप सिंह, निरीक्षक अखलेश दाहिया, पटवारी तुलाराम वर्मा सहित अन्य पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी रही।



# गंगा दशहरा पर बिलहरी में चला स्वच्छता अभियान

## लक्ष्मण सागर तालाब को स्वच्छ बनाने ग्रामवासियों ने लिया संकल्प

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** गंगा दशहरा के शुभ अवसर पर अखिल विश्व गायत्री परिवार कटनी की टीम ने बिलहरी पहुंचकर, वहां के सबसे बड़े तालाब लक्ष्मण सागर को जल जागरुकता एवं जल स्त्रोतों की सफाई हेतु चुना। गांव वालों को इकट्ठा करके वहां की गंदगी जो कि जल को प्रदूषित कर रही थी, घाटों को गंदा कर रही थी, साफ सुथरा निर्मल बनाने में लग गए। सभी गांव वालों ने भरपूर सहयोग दिया। ग्राम वासियों ने संकल्प' लिया कि लक्ष्मण सागर तालाब का जल गंगाजल के समान पवित्र बना कर ही रहेंगे। उन्होंने हर महीने इस तरह का बड़ा सफाई अभियान चलाने का संकल्प भी लिया। साफ-सफाई के पश्चात लोगों की एक गोष्ठी आयोजित की जिसमें साफ-सफाई का महत्व तथा अपने जल स्त्रोतों को किस तरह से साफ रखें। उसमें कचरा डालने वालों को किस तरह से मना करें व कचरे को जल में मिलने से किस तरह से बचाऐं समझाया गया। फिर गंगा जल के समान पवित्र जल की पूजा अर्चना की तथा लोगों को रोज सूर्य अर्घ देने की विधि प्रयोगिक रूप से लोगों को दिखाया एवं समझाया गया। लोगों को बताया कि आपकी साफ-सफाई के बाद यह जल पहले जैसा हो जाएगा, जब आप इस जल से खाना बनाते थे, भगवान को नहलाते थे, मंदिर में इसका उपयोग होता था। इस तरह का पवित्र जल फिर से करने की जिम्मेदारी आप सभी बिलहरी वासियों की है। सभी बिलहरी वासियों ने संकल्प लिया कि हर महीने इस तालाब को पूरी तरह से साफ सुथरा रखा जाएगा। ना गंदगी फैलाएंगे ना किसी को फैलाने देंगे। हर महीने एक बड़ा कार्यक्रम गायत्री परिवार का यहां पर किया जाएगा। इन सभी कार्यक्रमों को करने में गायत्री परिवार के कमल राज अग्रवाल, लव सिंह चौहान, दहिया बाबूजी, राकेश निषाद, वेदांत निषाद, गजेंद्र चौरसिया इत्यादि गायत्री परिजनों ने अपना योगदान दिया।

# शहर में पहली बार साईं झूलेलाल साहिब की अमर कथा एवं भव्य माता की चौकी आयोजित

## बहलानी परिवार द्वारा साईं झूलेलाल साहिब की अमर कथा का आयोजन



कटनी (स्वतंत्रमत)

पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में शहर के प्रतिष्ठित बहलानी परिवार द्वारा सोनू स्काईलाइट रेस्टोरेंट भारती मैरिज गार्डन नई बस्ती कटनी में पहली बार साईं झूलेलाल साहिब की दो दिवसीय अमर कथा एवं भव्य माता की चौकी का आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में बहलानी परिवार के साथ ही शहर के सभी वर्गों के लोगों ने शामिल होकर पुण्यलाभ अर्जित कर महाप्रसाद ग्रहण किया। दो दिवसीय आयोजन की शुरूआत 24 मई को शाम साढ़े 5 बजे भजन संध्या से हुई। साईं झूलेलाल साहिब की पूजा अर्चना के उपरांत कार्यक्रम शुरू हुआ, जिसमे कथा व्यास साध गुरमुखदास (रामानंदी) इन्दौर द्वारा झूलेलाल साहिब की अमर कथा सिंधी भाषा में वर्णन किया गया। स्वामी जय उदासी जयपुर के सानिध्य एवं उनकी प्रेरणा से आयोजित इस कार्यक्रम में सूफी गायक उदय सिंह एवं साईं का दुलारा करन जनानी ने एक से बढ़कर एक भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर पूरे माहौल को धर्ममय बना दिया। भजनों की मधुर प्रस्तुति ने लोगों को नाचने के लिए मजबूर कर दिया। इसी कड़ी में 25 मई को रात 9 बजे से माता की भव्य चौकी का आयोजन किया गया। जिसमे माता के गीतों पर श्रद्धालु थिरकते रहे। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में रामचंद, राधाकिशन, हरीश, महेश, विजय, अरुण, अनिल, अनूप, राकेश बहलानी, लक्की नारायण दास, मेहर दरबार, महापौर प्रीति सूरी, दिनेश महाराज, समाजसेवी निरंजन पंजवानी, मोहन बत्रा, चंदू जादवानी, गोविंद सचदेवा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अशोक विश्वकर्मा, अशोक कोटवानी, सहित अन्य लोगों की उपस्थिति रही।

# स्वच्छता में कटनी का डंका: कैमोर प्रदेश में नंबर-1, विजयराघवगढ़ दूसरे स्थान पर

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में सिटिजन फीडबैक के जरिए दोनों नगर परिषदों ने रचा इतिहास

कटनी (स्वतंत्रमत)

स्वच्छता के राष्ट्रीय अभियान स्वच्छ सर्वेक्षण 2025-26 में कटनी जिले की नगर परिषद कैमोर और विजयराघवगढ़ ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पूरे प्रदेश में अपनी अलग पहचान बना ली है। वर्ष 2011 की जनगणना के आधार पर 20 हजार से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सिटिजन फीडबैक नागरिक प्रतिक्रिया के मामले में वर्तमान स्थिति में कैमोर नगर परिषद मध्यप्रदेश में पहले स्थान पर पहुंच गई है, जबकि विजयराघवगढ़ ने दूसरा स्थान हासिल कर जिले को गौरवान्वित किया है। कैमोर नगर परिषद के 71.18 प्रतिशत नागरिकों अर्थात 13 हजार 769 लोगों ने ऑनलाइन सिटिजन फीडबैक दर्ज कराया है, जो कि 20 हजार की आबादी वाले नगर की श्रेणी में प्रदेश में सबसे अधिक है। वहीं नगर परिषद विजयराघवगढ़ के 63.64 प्रतिशत यानी 5 हजार 327 नागरिकों ने स्वच्छता के समर्थन में अपनी सकारात्मक प्रतिक्रिया देकर शहर को प्रदेश में दूसरा स्थान दिलाया है। यह उपलब्धि केवल आंकड़ों की सफलता नहीं, बल्कि नागरिक जागरूकता, प्रशासनिक सक्रियता और स्वच्छता के प्रति सामूहिक जिम्मेदारी का जीवंत उदाहरण बनकर सामने आई है। बीते दिनों कैमोर और विजयराघवगढ़ के दौरे पर पहुंचे कलेक्टर आशीष तिवारी ने जनप्रतिनिधियों, स्वच्छता मित्रों और आम नागरिकों से संवाद कर अधिक से अधिक सिटिजन फीडबैक देने की अपील की थी। कलेक्टर ने स्वच्छ सर्वेक्षण को केवल प्रतियोगिता नहीं, बल्कि शहर की पहचान और नागरिक संस्कार से जुड़ा अभियान बताया था। प्रवास के दौरान कलेक्टर ने कैमोर में नालियों के पानी को ट्रीट कर पार्कों में पेड़.पौधों की सिंचाई तथा फाउंटेन संचालन के लिए विकसित की गई ग्रे-वाटर ट्रीटमेंट फेसिलिटी का अवलोकन भी किया। इसके साथ ही उन्होंने नगर के आकर्षक सौंदर्यीकरण, भित्ति चित्रकारी और आरआरआर पार्क निर्माण कार्यों की सराहना की। कलेक्टर आशीष तिवारी ने जिले की नगर निगम कटनी सहित नगर परिषद कैमोर, विजयराघवगढ़ और बरही के नागरिकों से अपील की है कि 31 मई तक स्वच्छता से जुड़े प्रश्नों पर सही एवं सकारात्मक फीडबैक देकर अपने शहरों को राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर रैंक दिलाने में सहयोग करें। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण केवल सफाई व्यवस्था का मूल्यांकन नहीं, बल्कि नागरिकों की जागरूकता, सहभागिता और शहर के प्रति जिम्मेदारी का प्रतिबिंब है। सर्वेक्षण के दौरान मोबाइल कॉल, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म और अन्य माध्यमों से नागरिकों की प्रतिक्रिया ली जा रही है। कैमोर और विजयराघवगढ़ के सीएमओ मनीष परते ने इस सफलता का श्रेय नागरिकों की डिजिटल जागरूकता, सफाई मित्रों की मेहनत और प्रशासन की सतत मॉनिटरिंग को दिया है। उन्होंने कहा कि स्वच्छता टीम लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर लोगों को जागरूक कर रही है, ताकि सिटिजन फीडबैक की यह रफ्तार और तेज हो सके। कटनी जिले की यह उपलब्धि अब पूरे प्रदेश में चर्चा का विषय बन गई है।



# हथियागढ़ में शुरू हुई नल-जल योजना की सप्लाई

## उच्च स्तरीय टंकी, पाइपलाइन विस्तार और घर-घर कनेक्शन से ग्रामीणों को मिल रहा स्वच्छ पेयजल

कटनी (स्वतंत्रमत)

जिले के विकासखंड बहोरीबंद अंतर्गत ग्राम हथियागढ़ में ग्रामीणों को शुद्ध और सुगम पेयजल उपलब्ध कराने की दिशा में बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। नल-जल योजना के अंतर्गत गांव में पाइपलाइन विस्तारीकरण, घरेलू नल कनेक्शन, नलकूप खनन, विद्युत कार्य तथा उच्च स्तरीय पानी की टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसके साथ ही योजना को सफलतापूर्वक चालू कर वर्तमान में ट्रायल रन एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा है। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के कार्यपालन यंत्री



पवनसुत गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि ग्राम हथियागढ़ में कुल 296 परिवार निवासरत हैं, जिनमें से लगभग 70 प्रतिशत घरों तक नल-जल योजना के माध्यम से पेयजल पहुंचना शुरू हो गया है। शेष 30 प्रतिशत घरों में कनेक्शन ज्वाइनिंग एवं तकनीकी टेस्टिंग का कार्य तेजी से जारी है, जिसे शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि गर्मी के मौसम और भू-जल स्तर में आई गिरावट को ध्यान में रखते हुए गांव में वैकल्पिक पेयजल व्यवस्था भी सुनिश्चित की गई है। वर्तमान में गांव के 5 हैंडपंप सुचारु रूप से चालू हैं, जबकि 3 हैंडपंप भू-जल स्तर कम होने के कारण प्रभावित हुए हैं।

# अतिक्रमण हटाने के खिलाफ फूटा व्यापारियों का गुस्सा

## विजयराघवगढ़ के व्यापारियों ने दी आंदोलन और बाजार बंद की चेतावनी

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** विजयराघवगढ़ में अतिक्रमण हटाने के दौरान एक व्यवसायी और उसके नाबालिग पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। हाईकोर्ट के आदेश की आड़ में की गई कार्रवाई और पुलिसिया दुर्व्यवहार के खिलाफ व्यापारियों में आक्रोश है। व्यापारियों ने एसपी व कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर एफआईआर दर्ज करने, थाना प्रभारी को निलंबित करने की मांग की है। व्यापारियों ने अनिश्चितकालीन आंदोलन और बाजार बंद करने की चेतावनी दी है। शिकायत ज्ञापन के अनुसार 16 मई को विपिन कुमार गुप्ता की दुकान पर नगर परिषद के कर्मचारी जेसीबी लेकर पहुंचे और बिना सूचना तोड़फोड़ शुरू कर



दी। जब व्यवसायी व उनके पुत्र वेद गुप्ता ने इस कार्रवाई का कारण जानना चाहा और अपनी बात रखने के लिए सुनवाई का अवसर मांगा, तो अधिकारियों ने मारपीट की। पीड़ित पक्ष का आरोप है कि नगर परिषद अध्यक्ष राजेश्वरी दुबे के पति व शिक्षक हरीश दुबे, अमित मिश्रा उर्फ पोला, धर्मेन्द्र त्रिपाठी उर्फ बाबा और सीएमओ मनीष परते ने कर्मचारियों के साथ मिलकर व्यवसायी और उनके नाबालिग बेटे को पीटा। हद तो तब हो गई, जब थाना प्रभारी रीतेश शर्मा ने व्यवसायी की मदद करने के बजाय उनकी कॉलर पकड़कर घसीटते हुए मोबाइल वैन में नाबालिग बेटे सहित डालकर थाने ले गए। मामला शांत होने के बाद धारा 170 के तहत मामला दर्ज कर तहसीलदार के समक्ष पेश किया गया, जहां से उन्हें जमानत मिली। कार्रवाई से व्यापारी वर्ग में रोष है। पीड़ित व्यवसायी का नाबालिग पुत्र घटना के बाद से मानसिक तनाव और सदमे में है। व्यापारियों ने कहा कि दोषियों पर एफआईआर दर्ज हो। मनीष को बर्खास्त किया जाए।

# बड़गांव में घरों से बिक रही शराब

## रीठी के ठेकेदार ने सुरा प्रेमियों के लिए किया इंतजाम

कटनी (स्वतंत्रमत)

रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में घरों से देशी और विदेशी शराब बेची जा रही है। ग्रामीणों द्वारा इसका विरोध किए जाने के बाद भी पुलिस द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। आलम यह है कि ठेकेदारों के माध्यम से हर रोज गांव-गांव पैकारियों तक वाहनों द्वारा शराब मुहैया कराई जा रही है। गांव में अवैध शराब विक्रय के चलते युवा पीढ़ी बर्बाद होने की कगार तक पहुंच चुकी है। घरेलू हिंसा, झगड़े, गाली-गलौच, विवाद आम बात हो गई है। लोगों का कहना है कि एक तरफ पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा ऑपरेशन शिकंजा अभियान चलाकर अवैध शराब के विरूद्ध कार्रवाई की जा रही है तो वहीं दूसरी तरफ रीठी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बड़गांव में घरों से शराब का विक्रय किया जा रहा है। सोनकर मोहल्ला में इसी समाज के कई लोग



इस अवैध धंधे में लिप्त बताए जा रहे हैं।

**आबकारी, शराब ठेकेदारों और पुलिस का गठजोड़**-रीठी क्षेत्र के लगभग सभी ग्रामों में अनेकों जगह आबकारी विभाग, शराब ठेकेदारों और पुलिस के गठजोड़ से अवैध पैकारिया संचालित की जा रही हैं। लोगो का कहना है कि क्षेत्र में स्वस्थ्य, शिक्षा, रोजगार और मूलभूत सुविधाएं मिले न मिले लेकिन गली-गली अवैध शराब जरूर मिल जाएगी। रीठी पुलिस आंखों में पट्टी बांधकर शराब माफियाओं को खुली छूट दे रही है। शांतिप्रिय समाज के कुछ जागरूक लोग सोशल मीडिया के माध्यम से गांव-गांव बिक रही शराब से हो रही परेशानियों और दुर्दशा की कहानी बयां करते हैं।

रीठी और बड़गांव की बात करें तो यहां पानी को लेकर हाहाकार मचा हुआ है। महिलाओं का कहना है कि गांव में पानी भले ही न मिले लेकिन शराब जरूर आसानी से मिल जाएगी। पूरे क्षेत्र में पानी को लेकर प्यासी जनता हाहाकार मचाये हुए है, जिसकी चिंता जिम्मेदारो को नहीं है। एक ग्राम प्रधान ने नाम न लिखने की शर्त पर बताया कि कुछ सरपंच अपने ग्राम में अवैध शराब विक्रय के बदले हर माह अपना हिस्सा लेकर नशे को बढ़ावा दे रहे, जिन युवाओ के हाथों में किताबें होना चाहिए। उनके हाथों में बोतले है। क्षेत्र की जनता ने कलेक्टर एवं एसपी से अवैध पैकारियां शराब विक्रय पर पूर्णतः रोक लगाए जाने अनुरोध किया है ताकि युवा पीढ़ी को नशे की लत से बचाया जा रहे, साथ ही उनके भविष्य को सुरक्षित किया जा सके।

# खनिज माफियाओं के विरूद्ध प्रशासन की कार्रवाई

**कटनी (स्वतंत्रमत)।** जिले में अवैध खनिज परिवहन और ओवरलोडिंग के विरुद्ध जिला प्रशासन ने कार्यवाही कर दो ओवरलोड वाहनों को जब्त कर लिया है। कलेक्टर आशीष तिवारी के सख्त निर्देशों के बाद खनिज विभाग ने गुरुवार को शहर के प्रमुख एंट्री पॉइंट्स, बाईपास मार्गों और संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष सघन जांच अभियान चलाकर खनिज माफियाओं में हड़कंप मचा दिया। राज्य शासन की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत चलाए गए इस अभियान में बिना नंबर प्लेट, बिना वैध दस्तावेज और ओवरलोड खनिज परिवहन करने वाले वाहनों पर सख्त कार्रवाई की गई। खनिज अमले ने पौसरा बाईपास पर घेराबंदी कर डस्ट खनिज से लदे एक संदिग्ध वाहन को रोका। जांच के दौरान वाहन पर नंबर प्लेट नहीं मिली और चालक कोई वैध ई-ट्रांजिट पास ई-टीपी प्रस्तुत नहीं कर सका। नियमों का खुला उल्लंघन पाए जाने पर वाहन को तत्काल जब्त कर सुरक्षित अभिरक्षा में रखा गया। इसी क्रम में ग्राम चाका के आगे चाका बाईपास पर गिट्टी से भरे एक भारी वाहन की जांच की गई। निरीक्षण में वाहन निर्धारित क्षमता से



अधिक खनिज परिवहन करते पाया गया। ओवरलोडिंग की पुष्टि होते ही वाहन को जब्त कर थाना कुठिला की अभिरक्षा में सौंप दिया गया। प्रशासन अब केवल मैन्युअल जांच तक सीमित नहीं है, बल्कि आधुनिक तकनीक के जरिए भी अवैध परिवहन पर कड़ी नजर रखी जा रही है। सुरखी टैंक के पास स्थापित हाईटेक ई-चेक गेट सिस्टम के माध्यम से मुख्य मार्गों से गुजरने वाले वाहनों की रीयल-टाइम मॉनिटरिंग की जा रही है। यह सिस्टम बिना टीपी, बिना नंबर और ओवरलोड वाहनों की पहचान कर तत्काल ई-चालान और दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित कर रहा है।

# फ्रेंच ओपन के तीसरे राउंड में पहुंचे नोवाक जोकोविच

## रायबकिना उलटफेर का शिकार, स्वियातेक-स्वितोलिना अगले दौर में

पेरिस।

सर्बिया के दिग्गज टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में जगह बना ली है। 39 वर्षीय जोकोविच ने फ्रांस के वैलेंटाइन रोयर को चार सेट में हराया। वहीं महिला वर्ग में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलिना रायबकिना को बड़ा उलटफेर झेलना पड़ा। जोकोविच ने 74वीं रैंक वाले वैलेंटाइन रोयर को 6-3, 6-2, 6-7 (7), 6-3 से हराया। करीब 3 घंटे 44 मिनट तक चले मुकाबले में रोयर ने उन्हें कड़ी चुनौती दी। तीसरे सेट के टाईब्रेकर में बैकहैंड चूकने के कारण जोकोविच मैच जल्दी खत्म नहीं कर सके। पेरिस में लगातार चौथे दिन तापमान 32 डिग्री सेल्सियस से ऊपर रहा। गर्मी के कारण जोकोविच चेंजओवर के दौरान गर्दन और सिर पर आइस पैक लगाते नजर आए। मैच के बाद उन्होंने कहा कि यह बेहद मुश्किल परिस्थितियों में खेला गया मुकाबला था और अनुभव ने उनकी काफी मदद की।





### तीसरे सेट के टाईब्रेकर में चूके

जीत के बाद जोकोविच ने अपना मशहूर 'वायलिन सेलिब्रेशन' किया। उन्होंने मजाकिया अंदाज में कहा कि अब उम्मीद है टूर्नामेंट के बाकी हिस्से में उनका सामना किसी और फ्रांसीसी खिलाड़ी से नहीं होगा। इस जीत के साथ जोकोविच ने रोलां गैरो में फ्रांसीसी खिलाड़ियों के खिलाफ 14-0 का रिकॉर्ड बना लिया। वह लगातार 21वें साल फ्रेंच ओपन के तीसरे दौर में पहुंचे हैं।

रायबकिना को यूक्रेन की खिलाड़ी ने हराया विमेंस सिंगल्स में ऑस्ट्रेलियन ओपन चैंपियन एलिना रायबकिना को यूक्रेन की यूलिया स्टारोडुब्तसेवा ने 3-6, 6-1, 7-6 (4) से हराकर बाहर कर दिया। चार बार की चैंपियन इगा स्वियातेक ने सारा बेजलेक को 6-2, 6-3 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। रोलां गैरो में यह उनकी 42वीं जीत रही। अब तीसरे दौर में उनका मुकाबला पोलैंड की मागडा लिनेट से होगा। यूक्रेन की एलिना स्वितोलिना और मार्टा कोस्त्युक भी अगले दौर में पहुंच गईं। स्वितोलिना ने कैटलिन क्वेवेदो को हराया, जबकि कोस्त्युक ने केटी वोलेट्स को मात दी। अलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रुड ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत कर तीसरे राउंड में पहुंचे अलेक्जेंडर ज्वेरेव और कैस्पर रुड ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत कर तीसरे राउंड में पहुंच गए हैं। दुनिया के नंबर-3 खिलाड़ी जर्मनी के अलेक्जेंडर ज्वेरेव ने चेक गणराज्य के थॉमस माचैक को सीधे सेटों में 6-4, 6-2, 6-2 से मात दी। यह मुकाबला चोट से काफी प्रभावित रहा। वहीं दूसरी तरफ, दो बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच चुके नॉर्वे के कैस्पर रुड ने भी सर्बिया के हमद मेदजेदोविच को आसानी से 6-3, 6-2, 6-4 से हराकर अगले राउंड में पहुंच गए हैं।

# सीनियर वर्ल्ड कप पदार्पण में सातवें स्थान पर रहीं साक्षी पडेकर

**नयी दिल्ली।** महाराष्ट्र की साक्षी सुनील पडेकर ने जर्मनी के म्यूनिख स्थित प्रतिष्ठित ओलंपिया-शीसेनलागे में आयोजित इंटरनेशनल शूटिंग स्पोर्ट फेडरेशन (आईएसएसएफ) राइफल/पिस्टल वर्ल्ड कप के तीसरे दिन महिलाओं की 10 मीटर एयर राइफल स्पर्धा के फाइनल में सातवां स्थान हासिल किया। 22 वर्षीय साक्षी ने 635.1 के शानदार स्कोर के साथ तीसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल के लिए क्वालिफाई किया।उनसे आगे केवल चीन की विश्व नंबर-1 वांग जिफेई और पेरिस ओलंपिक चैंपियन दक्षिण कोरिया की ह्योजिन बान रहीं। सर्बिया की 18 वर्षीय एंडेलिजा स्टेवानोविच ने अपने पहले सीनियर वर्ल्ड कप में 252.3 के कुल स्कोर के साथ स्वर्ण पदक जीता। फाइनल का फैसला आखिरी शॉट में हुआ।जापान की



नोबाता मिसाकी ने 252.0 के स्कोर के साथ अपने करियर का पहला सीनियर वर्ल्ड कप पदक जीतते हुए रजत पदक हासिल किया।वांग जिफेई ने 231.1 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता, जबकि ओलंपिक चैंपियन बान चौथे स्थान पर रहीं।साक्षी ने फाइनल की शुरुआत 10.5 से की, लेकिन दूसरे और तीसरे शॉट में 9.7 और 9.8 लगाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 10.8 और 10.7 के स्कोर हासिल किए।उन्होंने पहली सीरीज 51.5 के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर समाप्त की।दूसरी सीरीज में साक्षी ने 10.6, 10.4, 10.6, 10.0 और 10.5 के स्कोर लगाए, जिससे उनका कुल स्कोर 52.1 रहा और वह छठे स्थान पर बनी रहीं।सिंगल शॉट चरण में साक्षी ने लगातार दो 10.3 लगाए और अपनी स्थिति बरकरार रखी। इसके बाद 13वें शॉट में लगातार दो 10.5 लगाकर उन्होंने सातवें स्थान पर मौजूद फ्रांस की ओशेन म्यूलर पर 0.4 अंकों की बढ़त बना ली।हालांकि, म्यूलर ने 14वें शॉट में शानदार 10.9 लगाकर बराबरी कर ली, जबकि साक्षी ने 10.5 का स्कोर किया। शूट-ऑफ में साक्षी केवल 10.5 ही लगा सकीं, जबकि म्यूलर ने 10.7 का स्कोर करते हुए उन्हें पीछे छोड़ दिया।साक्षी 145.2 के स्कोर के साथ सातवें स्थान पर रहीं।म्यूलर ने एक और एलिमिनेशन पार करते हुए पांचवां स्थान हासिल किया।

# जून में होगा रग्बी महिला प्रीमियर लीग का आयोजन

### 16 से 28 जून तक हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में होंगे मुकाबले



**हैदराबाद।** रग्बी महिला प्रीमियर लीग (आरपीएल) मुकाबलों का आयोजन अगले माह जून में होने जा रहा है। आयोजकों के अनुसार इस लीग के आयोजन से देश में महिला रग्बी खिलाड़ियों को प्रौत्साहन मिलेगा। हैदराबाद के गचीबाउली स्टेडियम में ये टूर्नामेंट 16 से 28 जून तक खेला जागा। इसमें चार फ्रेंचाइजी टीमें खिताब के लिए टकरायेंगी। इनमें चेन्नई बुल्स, दिल्ली रेड्ज, मुंबई ड्रीमर्स और कोलकाता बंगा टाइगर्स शामिल हैं। इन लीग को प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट घरानों के समर्थन से भी लाभ होगा।

इस लीग का आयोजन जीएमआर स्पोर्ट्स और रग्बी इंडिया मिलकर कर रहे है। ये दोनो ही देश में रग्बी के विकास और प्रसार के लिए प्रतिबद्ध है। टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों का चयन एक रोमांचक प्रक्रिया के माध्यम से होगा। चार महिला टीमों और छह पुरुष टीमों (जिनमें मेजबान हैदराबाद हीरोज और बेंगलुरु ब्रेवहार्ट्स जैसे नाम शामिल हैं) के लिए खिलाड़ियों का ड्राफ्ट और नीलामी 30 अप्रैल को हैदराबाद में आयोजित की जाएगी। इस लीग से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल का प्रदर्शन दिखाने का अच्छा अवसर मिलेगा। पिछले साल मुंबई में रग्बी प्रीमियर लीग के पहले सफल सत्र का आयोजन किया गया था, और अब महिला टूर्नामेंट की शुरुआत से लीग का दायरा और महत्व काफी बढ़ गया है। रग्बी इंडिया के अध्यक्ष राहुल बोस ने इस ऐतिहासिक पहल पर अपनी खुशी और उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, ''रग्बी इंडिया में हमारा हमेशा से यह सपना रहा है कि आरपीएल का महिला टूर्नामेंट भी हो। इस साल हमारा वह सपना पूरा हो रहा है और हम इसे लेकर बेहद उत्साहित हैं। यह महिला एथलीटों को राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिस्पर्धा करने का एक अद्भुत मंच प्रदान करेगा, साथ ही देश में रग्बी के प्रति जुनून को और बढ़ाएगा।

## 27 जुलाई से दिल्ली में होगी राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप

**नई दिल्ली।** 22वीं राष्ट्रमंडल टेबल टेनिस चैम्पियनशिप दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में 27 जुलाई से 2 अगस्त तक होगी। इस दौरान रोमांचक मुकाबले होने की संभावना है। इस चैम्पियनशिप का आयोजन दिल्ली सरकार और भारतीय टेबल टेनिस महासंघ (टीटीएफआई) द्वारा संयुक्त रूप से किया जा रहा है। इसमें 35 से अधिक देशों के शीर्ष एथलीटों के भाग लेने की उम्मीद है, जो इस आयोजन को वैश्विक मंच पर एक महत्वपूर्ण पहचान दिलाएगा। इस चैंपियनशिप न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर देगी बल्कि दिल्ली को एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय खेल गंतव्य के रूप में भी स्थापित करेगी। सात दिवसीय इस चैम्पियनशिप में दुनिया भर के टेबल टेनिस खिलाड़ी भी भाग लेंगे। अधिकारियों के अनुसार, इंग्लैंड, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, न्यूजीलैंड, दक्षिण अफ्रीका, मलेशिया, सिंगापुर, स्कॉटलैंड, वेल्स, नाइजीरिया, केन्या, जमैका, त्रिनिदाद और टोबैगो जैसे राष्ट्रों के खिलाड़ी अपनी खेल भावना और कौशल का प्रदर्शन करने के लिए तैयार हैं।

# नॉर्वे चेस में प्रज्ञानानंदा ने कार्लसन को हराया

## गुकेश लगातार दूसरे राउंड में हारे, दिव्या ने असाउबायेवा को दी मात

नई दिल्ली।

भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे चेस टूर्नामेंट में दुनिया के नंबर-1 खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन को हराकर बड़ा उलटफेर किया। वहीं, वर्ल्ड चैंपियन डी गुकेश लगातार दूसरे दौर में हार गए। अगले दौर में उनका सामना मैग्नस कार्लसन से होगा। प्रज्ञानानंदा ने क्लासिकल मुकाबले में कार्लसन को हराकर तीन अंक हासिल किए। इस जीत से वे 4.5 अंक लेकर दूसरे स्थान पर पहुंच गए। विमेंस कैटेगरी में दिव्या देशमुख ने जीत का सिलसिला जारी रखा है। वे नंबर-2 पर हैं।प्रज्ञानानंदा ने नॉर्वे चेस में क्लासिकल फॉर्मेट में कार्लसन को दूसरी बार हराया है। उन्होंने 2024 में भी पूर्व वर्ल्ड चैंपियन को मात दी थी। भारतीय खिलाड़ी ने कहा कि मैच बेहद करीबी था और टाइम स्क्रैम्बल में नतीजा किसी भी तरफ जा सकता था। सात बार के चैंपियन कार्लसन छह खिलाड़ियों की अंक तालिका में 1.5 अंक के साथ सबसे नीचे हैं।




### 5 घंटे चला गुकेश का मैच

दूसरी ओर विश्व चैंपियन डी गुकेश की खराब फॉर्म जारी रही। फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा ने उन्हें आर्मगेडन मुकाबले में हराकर 1.5 अंक हासिल किए। करीब 5 घंटे तक चला क्लासिकल मुकाबला ड्रॉ रहा, लेकिन आर्मगेडन में फिरोजा ने बाजी मार ली।

चोटिल होने के बावजूद फिरोजा शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। मैच के बाद वह व्हीलचेयर और मून बूट में नजर आए। उन्होंने लगातार जीत दर्ज कर 7.5 अंक के साथ बढ़त मजबूत कर ली। गुकेश 3.5 अंक के साथ चौथे स्थान पर हैं। उन्हें इस साल जावोखिर सिंदारोव के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप मुकाबला खेलना है। महिला वर्ग में भारत की दिव्या देशमुख ने टूर्नामेंट लीडर बिबिसारा असाउबायेवा को आर्मगेडन में हराकर तीसरी टाइब्रेकर जीत दर्ज की। वह 4.5 अंक के साथ दूसरे स्थान पर पहुंच गई हैं। वहीं कोनेरू हम्पी अन्ना मुजिचुक से हारकर दो अंक के साथ आखिरी स्थान पर हैं।

## श्रीलंकाई प्रीमियर लीग में खेलते दिखेंगे ऑलराउंडर विजय शंकर

**कोलंबो।** भारतीय टीम के पूर्व ऑलराउंडर विजय शंकर अब श्रीलंकाई प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट क्रिकेट में खेलते हुए नजर आयेंगे। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग (एलपीएल) का छठा सत्र 17 जुलाई से 8 अगस्त तक कोलंबो में खेला जाएगा। श्रीलंकाई प्रीमियर लीग की ओर से 1 जून को होने वाले प्लेयर ड्राफ्ट के लिए बड़े नामों की सूची जारी कर दी गई है। कैंडी रॉयल्स टीम की इसके लिए जारी सूची में विजय शंकर का नाम सबसे पहले शामिल है। विजय के अलावा इंग्लैंड के मोईन अली और बांग्लादेश के शाकिब अल हसन भी इस लीग में खेलेंगे। इन दोनो को ही इसकी संबंधित फ्रेंचाइजियों ने रिटेन किया है, जिससे इस सत्र में रोमांचक प्रतिस्पर्धा की उम्मीद जतायी जा रही है। साल 2019 आईसीसी क्रिकेट विश्व कप में भारतीय टीम में शामिल रहे विजय शंकर ने अपनी पहली ही गेंद पर विकेट लेकर रिकार्ड बनाया था। वह कैंडी रॉयल्स की टीम की ओर से खेलेंगे।

# नोमुरा का भारतीय स्टील कंपनियों पर भरोसा

### टाटा स्टील समेत 4 शेयरों को दी बॉय रेटिंग

**नई दिल्ली।** ग्लबोल ब्रोकरेज फर्म भारत की 4 स्टील कंपनियों को लेकर अपनी राय दी है। फर्म ने चारों स्टील कंपनियों को बॉय की रेटिंग देते हुए टार्गेट प्राइस भी दिया है। इस लिस्ट में टाटा स्टील का भी नाम शामिल है। ब्रोकरेज फर्म ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि चीन में हाल ही में हुई कोयला खदान दुर्घटना और उसके बाद हुई रेगुलेटरी सख्ती की वजह से ग्लोबल बाजारों में कोकिंग कोल की सप्लाई और भी कम हो सकती है। और इसका असर स्टील उत्पादन पर भी देखने को मिल सकता है। फर्म ने कहा कि चीन में हुई दुर्घटना का असर अलग-अलग देशों की स्टील कंपनियों पर पड़ सकता है। इसका असर उन कंपनियों पर ज्यादा पड़ सकता है जो इंपोर्टेड कच्चे माल पर निर्भर हैं। इसके बावजूद नोमुरा भारत की 4 स्टील कंपनियों पर पॉजिटिव रुख अपनाए हुए है।




# अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़ा हवाई माल परिवहन

**जिनेवा।** पश्चिम एशिया संकट के बीच अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन में अप्रैल में चार प्रतिशत की बढ़ोतरी देखी गयी।अंतर्राष्ट्रीय हवाई परिवहन संघ (आयटा) की गुरुवार को जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि कार्गो टन-किलोमीटर में मापा जाने वाला हवाई माल परिवहन पिछले साल अप्रैल की तुलना में इस साल अप्रैल में चार प्रतिशत बढ़ गया।यह बढ़ोतरी इस तथ्य के बावजूद दर्ज की गयी है कि इस दौरान क्षमता में 0.4 प्रतिशत की गिरावट रही।हालांकि पश्चिम एशिया के कई देशों में हवाई क्षेत्र पर प्रतिबंधों के कारण अंतर्राष्ट्रीय हवाई माल परिवहन क्षमता 0.9 प्रतिशत घट गयी।गत 28 फरवरी को शुरू हुए पश्चिम एशिया संकट के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते



जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गयी है।इससे कुछ वस्तुओं का व्यापार हवाई मार्ग की तरफ स्थानांतरित हो गया।आयटा के महानिदेशक विली वॉल्श ने कहा कि एयर कार्गो की मांग में बढ़ोतरी का मुख्य कारण एशिया से जुड़े व्यापार प्रवाह में मजबूती रही।लेकिन यह सकारात्मक खबर एक अधिक जटिल परिचालन वातावरण को भी दर्शाती है।

उन्होंने कहा, पश्चिम एशिया में युद्ध के कारण खाड़ी के प्रमुख केंद्रों पर गंभीर व्यवधान जारी रहा, जिसने व्यापार मार्गों को बदल दिया और महत्वपूर्ण मार्गों पर क्षमता को सीमित कर दिया।समर्पित मालवाहक विमानों ने इस वृद्धि में बड़ा योगदान दिया।आने वाले महीनों में यह भी देखना होगा कि लगातार जारी भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और बढ़ती परिचालन लागतों के बीच क्या स्थिति रहती है। एशिया प्रशांत क्षेत्र में क्षमता 5.3 प्रतिशत और वास्तविक माल ढुलाई 10.5 प्रतिशत बढ़ी।

वहीं, पश्चिम एशिया में क्षमता में 22.9 प्रतिशत और वास्तविक माल ढुलाई में 18.2 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गयी।अफ्रीका में क्षमता 9.4 प्रतिशत घटने के बाद भी हवाई माल परिवहन 7.7 प्रतिशत बढ़ा है।यूरोप में ये आंकड़े क्रमशः तीन प्रतिशत और छह प्रतिशत बढ़े हैं और उत्तर अमेरिका में क्षमता 1.2 प्रतिशत तथा माल ढुलाई पांच प्रतिशत बढ़ी।लातिन अमेरिका और कैरेबियाई देशों में क्षमता 1.2 प्रतिशत बढ़ने के बावजूद वास्तविक हवाई माल परिवहन 2.8 प्रतिशत घट गया है।

# एलआईसी का रियल एस्टेट संपत्तियों से बेहतर रिटर्न पाने का लक्ष्य

**नई दिल्ली।** सरकारी बीमा कंपनी भारतीय जीवन बीमा निगम अपनी रियल एस्टेट संपत्तियों से मिलने वाले यील्ड या रिटर्न को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित रही है। इसके साथ ही बीमा कंपनी 60,000 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की अपनी विशाल संपत्तियों के बेहतर प्रबंधन के लिए अलग सब्सिडियरी कंपनी बनाने के विकल्प पर भी विचार कर रही है।




एलआईसी के सीईओ एवं एमडी आर. दुरईस्वामी ने कहा, हमारे पास काफी रियल एस्टेट संपत्तियां हैं, जिनमें कुछ विरासत में मिली हैं और कुछ पिछले 70 वर्षों में खरीदी गई हैं। इनका उपयोग अपने कामकाज के साथ निवेश के रूप में भी किया जाता है, जिससे हमें आय होती है। उन्होंने कहा कि एलआईसी प्रत्येक संपत्ति को निवेश के रूप में देखती है और उम्मीद करती है कि हर संपत्ति पॉलिसीधारकों और शेयरधारकों के लिए बेहतर यील्ड में योगदान दे।दुरईस्वामी ने कहा कि हाल के समय में एलआईसी ने अपने रियल एस्टेट पोर्टफोलियो की व्यापक समीक्षा शुरू की है, ताकि उससे मिलने वाले रिटर्न और आय का आकलन किया जा सके तथा सुधार की संभावनाएं तलाशी जा सकें। उन्होंने कहा कि इस विस्तृत समीक्षा का उद्देश्य पॉलिसीधारकों के लिए बेहतर यील्ड सुनिश्चित करने के साथ कंपनी की कुल लाभप्रदता को मजबूत करना है।

# टाटा ने पेश किये अगली पीढ़ी के टियागो और टियागो ईवी



गुरुग्राम।

टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स (टीएमपीवी) ने गुरुवार को बेहतर लुक, बेहतर डिजाइन और बेहतर सुरक्षा फीचरों के साथ नयी पीढ़ी की हैचबैक कार टियागो और टियागो.ईवी पेश किये।टीएमपीवी के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी शैलेश चंद्रा ने यहां एक कार्यक्रम में इनकी पहली झलक दिखाते हुए बताया कि नयी पीढ़ी के टियागो पेट्रोल के विभिन्न संस्करणों की एक्स-शोरूम कीमत 4,69,990 रुपये से 7,29,990 रुपये रखी गयी है।सीएनजी इंजन वाले टियागो आईसीएनजी की एक्स-शोरूम कीमत 5,79,990 लाख रुपये से 7,99,990 लाख रुपये तक है।टियागो.ईवी की एक्स-शोरूम कीमत 6,99,990 लाख रुपये से 9,99,990 लाख रुपये तक है।इसके अलावा ग्राहकों के पास 4,69,990 लाख रुपये में कार खरीदने और बैटरी-एज-ए-सर्विस के लिए प्रति किलोमीटर 2.60 रुपये की दर से ईएमआई भरने का विकल्प भी होगा।इसकी गणना प्रति दिन 44 किलोमीटर की औसत ड्राइविंग के आधार पर की गयी है।श्री चंद्रा ने कहा कि अगली पीढ़ी के टियागो में बाहरी लुक में काफी बदलाव किये गये हैं।साथ ही प्रीमियम इंटीरियर फीचर भी दिये गये हैं।सुरक्षा के लिए सभी संस्करण छह-छह एयरबैग,360 डिग्री सराउंड व्यू सिस्टम और ब्लाइंड व्यू मॉनीटर से लैस हैं।उन्होंने कहा कि नये टियागो और टियागो.ईवी ने फीचरों को प्रीमियम कारों की सीमा से बाहर निकालकर आम कर दिया है।कंपनी टियागो.ईवी के लिए पहली बार बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी दी जा रही है।इसके साथ ही कंपनी के पूरे पोर्टफोलियो में अब बैटरी पर लाइफटाइम वारंटी लागू हो गयी है।

## वॉट्सएप-फेसबुक-इंस्टाग्राम के आएंगे प्लस वर्जन

वॉशिंगटन।

सोशल मीडिया कंपनी मेटा ने इंस्टाग्राम, फेसबुक और वॉट्सएप के लिए नए सब्सक्रिप्शन प्लान पेश किए हैं। इसके तहत एप्स के 'प्लस' वर्जन रोल आउट किए जा रहे हैं। इस प्लान को लेने वाले यूजर्स को स्पेशल टूल्स और कस्टमाइजेशन के विकल्प मिलेंगे। यह कदम मेटा की विज्ञापन के अलावा कमाई का नया जरिया बनाने की रणनीति का हिस्सा है। नए प्लस प्लान कंपनी के मौजूदा मेटा वेरिफाइड प्लान की जगह नहीं लेंगे। मेटा ने अभी इन नए प्लस सब्सक्रिप्शन प्लान्स को वैश्विक स्तर पर रोलआउट करने की घोषणा की है, लेकिन कंपनी ने भारत में इसकी लॉन्चिंग की तारीख का ऐलान नहीं किया है।चूंकि, भारत मेटा के लिए दुनिया का सबसे बड़ा यूजर बेस वाला मार्केट है, इसलिए कंपनी आमतौर पर यहां किसी भी बड़े फीचर को फेज्ड मैनर रोलआउट करती है।

# रिलायंस इंडस्ट्रीज ने की एक लाख से ज्यादा नयी भर्तियां

### 2.16 लाख करोड़ रुपये के कर और शुल्क जमा कराये

मुंबई।

रिलायंस समूह ने वित्त वर्ष 2025-26 में एक लाख से ज्यादा नयी भर्तियां कीं और कर तथा शुल्कों के रूप में सरकारी खजाने में 2.16 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया है।कंपनी की गुरुवार को जारी वार्षिक रिपोर्ट में बताया गया है कि 31 मार्च 2026 तक रिलायंस के कुल कर्मचारियों की संख्या बढ़कर 4,19,911 हो गयी।विशेष रूप से एआई, डेटा साइंस, ऑटोमेशन और डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन जैसे क्षेत्रों में नये रोजगार दिये गये।रिपोर्ट में कहा गया है कि रोजगार के मोर्चे पर कंपनी की अगली बड़ी उम्मीद हरित ऊर्जा कारोबार से है।जामनगर में बन रहा धीरूभाई अंबानी ग्रीन एनर्जी गीगा कॉम्प्लेक्स




अर्थव्यवस्था में दो लाख से ज्यादा हरित रोजागार पैदा करेगा।रिलायंस ने वित्त वर्ष के दौरान कर्मचारियों पर 30,318 करोड़ रुपये खर्च किये, जो पिछले वित्त वर्ष के 28,559 करोड़ रुपये से 6.2 प्रतिशत अधिक है।कंपनी को लगातार छठे साल ग्रेट प्लेस टू वर्कर्ज का तमगा भी मिला।

बीते वित्त वर्ष में नेतृत्व पदों पर महिलाओं की हिस्सेदारी 14.7 प्रतिशत रही, जबकि कमाई से सीधे जुड़े कामों में यह हिस्सेदारी 30.6 प्रतिशत रही।कंपनी के ग्रेजुएट इंजीनियर प्रशिक्षु कार्यक्रम के लिए वित्त वर्ष 2025-26 में 53,900 पंजीकरण हुए।कंपनी ने टैक्स, ड्यूटी, लेवी और सरकार को किये गये अन्य भुगतान के रूप में 2.16 लाख करोड़ रुपये का योगदान दिया।वित्त वर्ष 2024-25 में यह योगदान 2,10,269 करोड़ रुपये था।इस तरह सालाना आधार पर इसमें करीब 2.95 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी।पिछले 10 साल में कंपनी ने इस मद में 15 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च किये हैं।आलोच्य वित्त वर्ष में कंपनी ने कॉरपोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पर 2,248 करोड़ रुपये खर्च किये, जो पिछले वित्त वर्ष के 2,156 करोड़ रुपये से 4.3 प्रतिशत अधिक है।इन पहलों ने अब तक देशभर में 9.7 करोड़ से अधिक लोगों के जीवन को बदला है।ये काम ग्रामीण बदलाव, शिक्षा, स्वास्थ्य, खेल, महिला सशक्तिकरण, पशु कल्याण और पर्यावरण जैसे क्षेत्रों में किये गये हैं। रिलायंस फाउंडेशन छात्रवृत्ति कार्यक्रम के तहत हर साल 5,100 छात्रों को सहायता दी जा रही है।

# जल संरक्षण अभियान को जनभागीदारी से मिला नया आयाम : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किया प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण

भोपाल (स्वतंत्र मत)।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इंदौर जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत प्राचीन अहिल्या कुंड के जीर्णोद्धार कार्य का निरीक्षण किया। इस अवसर पर उन्होंने विधि-विधान से पूजा-अर्चना भी की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सभी से जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन का आधार है। जल बचा कर भावी पीढ़ियों के भविष्य को सुरक्षित किया जा सकता है।




मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने संत कबीरदास एवं संत रहीम के दोहों का उल्लेख करते हुए जल की महत्ता को सरल एवं प्रेरणादायी ढंग से समझाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में जल को जीवन, संवेदना और समृद्धि का प्रतीक माना गया है। उन्होंने ग्रामीणों से वर्षा जल संरक्षण, तालाबों और कुंडों के संरक्षण तथा जल के विवेकपूर्ण उपयोग का आग्रह किया।

**स्त्रोतों के पुनर्जीवन के लिए व्यापक अभियान** - उन्होंने कहा कि राज्य शासन जल संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है और जल गंगा संवर्धन अभियान से पारंपरिक जल स्त्रोतों के पुनर्जीवन का व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनसहभागिता से ही जल संरक्षण के प्रयास सफल होंगे और आने वाले समय में प्रदेश जल समृद्धि की दिशा में नई पहचान बनाएगा। निरीक्षण के दौरान जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट, सांसद शंकर लालवानी, विधायक गोलू शुक्ला, गौरव रणदिवे, श्रवण सिंह चावड़ा सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। साथ ही पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार सिंह, आईजी अनुराग, कलेक्टर शिवम वर्मा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सिद्धार्थ जैन, डीआईजी मनोज कुमार सिंह, पुलिस अधीक्षक ग्रामीण श्री राजेंद्र वर्मा सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये

### उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त, पारदर्शी और जनोन्मुख बनाने के दिए निर्देश



**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय में लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, अधोसंरचना विकास एवं मानव संसाधन संबंधी विषयों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुदृढ़, सुलभ एवं प्रभावी बनाने के लिये विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती, नर्सिंग कॉलेजों के निर्माण कार्यों की प्रगति, चिकित्सालयों के संधारण एवं रख-रखाव, सागर स्थित कैंसर हॉस्पिटल के लिये पदों की स्वीकृति, प्रयोगशालाओं के सुदृढ़ीकरण (लैब स्ट्रेंदनिंग) और स्वास्थ्य संस्थाओं में आवश्यक मानव संसाधन उपलब्ध कराने संबंधी विषयों की समीक्षा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि अंडर सर्व्ड एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों एवं विशेषज्ञ चिकित्सकों की भर्ती को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, जिससे अंतिम पंक्ति तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ सुनिश्चित हो सकें। उन्होंने कहा कि केवल चिकित्सकों की उपलब्धता ही नहीं, बल्कि नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ की पर्याप्त उपलब्धता भी सशक्त स्वास्थ्य सेवा प्रदायगी के लिए अत्यंत आवश्यक है। इस दिशा में प्रभावी एवं ठोस प्रयास किए जाएँ। सीएम केयर्स के अंतर्गत अंग प्रत्यारोपण (ऑर्गन ट्रांसप्लांट) से जुड़े प्रकरणों में अतिरिक्त व्यय की प्रतिपूर्ति संबंधी विषय पर भी चर्चा की गई। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने निर्देश दिए कि जरूरतमंद मरीजों को समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराने के लिये आवश्यक प्रावधान किए जाएँ।उन्होंने आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत कैंसर उपचार पैकेज को शामिल किए जाने के लिये आवश्यक प्रस्ताव शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए, जिससे कैंसर रोगियों को उपचार में अधिक आर्थिक सहायता मिल सके और गुणवत्तापूर्ण उपचार तक उनकी पहुँच आसान हो।

**स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सहज एवं संवेदनशील बनाए** - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने विभागीय स्थानांतरण प्रक्रिया को पारदर्शी, सहज एवं संवेदनशील बनाए जाने पर विशेष बल दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जनजातीय एवं दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे, यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही गंभीर बीमारी, पति-पत्नी की एक ही स्थान पर पदस्थापना, दिव्यांग आश्रित, विधवा एवं परित्यक्ता जैसे संवेदनशील प्रकरणों को स्थानांतरण प्रक्रिया में प्राथमिकता प्रदान की जाए। बैठक में अपर मुख्य सचिव लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा अशोक बर्णवाल, आयुक्त धनराजू एस सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

# 104 लाख मीट्रिक टन से अधिक गेहूं की खरीदी : गोविंद सिंह राजपूत

### देश में सर्वाधिक 13 लाख 41 हजार से अधिक किसानों से हुआ गेहूं का उपार्जन

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मार्गदर्शन में प्रदेश में 100 लाख मीट्रिक टन निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध 104 लाख 22 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूँ का उपार्जन हुआ है। मध्यप्रदेश को गेहूं खरीदी के लिये 78 लाख मीट्रिक टन का लक्ष्य दिया गया था, लेकिन मुख्यमंत्री डॉ. यादव के प्रयासों से केन्द्र सरकार द्वारा इस लक्ष्य को 100 लाख मीट्रिक टन कर दिया गया है। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि मध्यप्रदेश न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 13 लाख 41 हजार 266 किसानों से गेहूं का उपार्जन कर देश में नम्बर-1 है, वहीं गेहूं उपार्जन के मामले में पंजाब के बाद दूसरे स्थान पर है। कोविड-19 की अवधि को छोड़कर विगत 10 वर्षों में इस वर्ष समर्थन मूल्य पर गेहूं का सर्वाधिक उपार्जन किया गया है। प्रदेश में लघु एवं सीमांत किसानों से सबसे पहले गेहूं की खरीदी की गई। कुल 8 लाख 9 हजार 990 सीमांत एवं लघु कृषकों से 32 लाख 14 हजार मीट्रिक टन से अधिक गेहूं का उपार्जन किया गया।

### सतत मॉनिटरिंग

प्रदेश में हो रहे गेहूँ उपार्जन की सतत मॉनीटरिंग की गई। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्वयं खरीदी केन्द्रों का औचक निरीक्षण कर तौल व्यवस्था, बारदाने की उपलब्धता और खरीदी केन्द्रों पर किसानों के लिये उपलब्ध जरूरी सुविधाओं का आकस्मिक निरीक्षण भी किया। साथ ही किसानों से संवाद कर उपार्जित गेहूँ के भुगतान आदि के बारे में जानकारी ली। उन्होंने किसानों के हित में जिन किसानों ने स्लाट बुक करा लिये थे, उनके गेहूं उपार्जन की अवधि 23 मई से बढ़ाकर 28 मई तक कर दी थी।

### किसानों को हुआ 23,708.13 करोड़ से अधिक का भुगतान

किसानों को अब तक उपार्जित गेहूं का 23,708.13 करोड़ रूपये का भुगतान भी किया जा चुका है। उपार्जित गेहूं में से 96 लाख 52 हजार 957 मीट्रिक टन का परिवहन भी किया जा चुका है। यह उपार्जित गेहूं का 93 प्रतिशत है। किसानों से 2585 रूपये प्रति क्विंटल समर्थन मूल्य एवं राज्य सरकार द्वारा 40 रूपये प्रति क्विंटल बोनस सहित 2625 रूपये प्रति क्विंटल की दर से गेहूं का उपार्जन किया गया है।

# भगवान बुद्ध के शिष्यों के पवित्र अवशेषों के मंगोलिया में प्रदर्शन से मिलेगी वैश्विक पहचान : प्रहलाद पटेल

### मंगोलिया के लिए भगवान बुद्ध के परम शिष्यों के पवित्र अस्थि अवशेष श्रद्धापूर्वक रवाना

**भोपाल (स्वतंत्र मत)।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने कहा कि आज का दिन भारत और मध्यप्रदेश के इतिहास में एक स्वर्णिम अध्याय की तरह है। यह पावन अस्थि अवशेष न केवल हमारी अमूल्य आध्यात्मिक धरोहर हैं, बल्कि वैश्विक शांति और सौहार्द के प्रतीक भी हैं। मंत्री श्री पटेल राजा भोज एयरपोर्ट पर भगवान बुद्ध के शिष्यों श्री सारिपुत्र और श्री महामोद्गलायन के पवित्र अवशेषों को राजकीय सम्मान के साथ मंगोलिया रवाना करने के कार्यक्रम के संबोधित कर रहे थे। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि भगवान बुद्ध के शिष्यों के पवित्र अवशेषों के मंगोलिया में प्रदर्शन करने से वैश्विक पहचान मिलेगी। उन्होंने रेखांकित किया कि भगवान बुद्ध के इन महान शिष्यों की पवित्र अस्थियां संपूर्ण विश्व में केवल तीन देशों-भारत, श्रीलंका एवं म्यांमार में ही संरक्षित हैं, जो हमारे प्रदेश और देश के लिए अत्यंत गौरव की बात है। इससे मंगोलिया सहित सभी देशों के बौद्ध अनुयायी प्रदेश में आने के लिए प्रेरित होंगे।




**सुगमता और आत्मीयता का अनुभव** - मंत्री श्री पटेल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दूरदर्शी सांस्कृतिक नीतियों की सराहना करते हुए कहा कि वर्तमान सरकार जन-जन की आस्था और देश के आध्यात्मिक मूल्यों को वैश्विक पटल पर स्थापित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने अपने पूर्व कार्यकाल का स्मरण करते हुए बताया कि जब वे भारत के संस्कृति मंत्री थे, तब एक विशेष नीति बनाई गई थी कि जिस देश से एक लाख से अधिक पर्यटक भारत आएंगे, वहां उनकी स्थानीय भाषा में साइन बोर्ड लगाए जाएंगे। इसी नीति के तहत श्रीलंका से दो लाख से अधिक पर्यटकों के आगमन पर सांची में उनकी भाषा में साइन बोर्ड लगाए गए, जिससे श्रद्धालुओं को सांची और अन्य बौद्ध स्थलों की यात्रा के दौरान सुगमता और आत्मीयता का अनुभव होता है। उन्होंने बल देकर कहा कि सांची केवल अपने पाषाण स्तूपों के कारण विश्व धरोहर स्थल नहीं है, अपितु इन चैतन्य अस्थि अवशेषों की पावन उपस्थिति के कारण वैश्विक श्रद्धा का केंद्र है, जिसके कारण विश्व भर से पर्यटक यहाँ खिंचे चले आते हैं। पूर्व में इन अवशेषों की सफल थाईलैंड यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि विभिन्न देशों के साथ हमारे सांस्कृतिक और आध्यात्मिक संबंध अत्यंत प्राचीन और प्रगाढ़ हैं, और यह यात्रा इन संबंधों को एक नई ऊंचाई प्रदान करेगी।



# यज्ञ एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित

**हटा (स्वतंत्र मत)।** गायत्री परिवार के वरिष्ठ कार्यकर्ता स्व.धनीराम दहायत की प्रथम पुण्यतिथि पर उनके गृह ग्राम तेवरईया में श्रद्धा एवं आध्यात्मिक वातावरण के साथ गायत्री यज्ञ एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन गायत्री चेतना केंद्र के वरिष्ठ कार्यकर्ता दिनेश दुबे द्वारा विधिविधानपूर्वक संपन्न कराया गया। इस अवसर पर गायत्री परिवार तेवरईया के समस्त सदस्य, ग्रामवास, परिजन एवं रिश्तेदार बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। यज्ञ के पश्चात स्व. दहायत के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। कायक्रम को संबोधित करते हुए दिनेश दुबे ने स्व. धनीराम दहायत के अनुशासित, सेवाभावी एवं प्रेरणादायी जीवन का स्मरण करते हुए उपस्थित जनों से उनके आदर्शों को अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि समाज एवं परिवार के प्रति समर्पित जीवन ही व्यक्ति की वास्तविक पहचान बनता है।

# फर्जी बिल लगाकर किया जा रहा भ्रष्टाचार

## ग्राम पंचायत खजरी में चल रही मनमानी, जिम्मेदार मौन

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

पथरिया जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत खजरी में लगातर फर्जी बिल लगाकर राशि निकाली जा रही है। यहां तक की बाजार से चार गुना कीमत की बिल लगाकर राशि निकाली जा रही है फिर भी कार्यपालन अधिकारी ने चुप्पी साध रखी है। ग्राम पंचायत खजरी में नियम अनुसार एक महिला सरपंच है लेकिन पंचायत का कार्य उनके ससुर मूलचंद पति सोनू देखते हैं। पंचायत में मजदूरी मस्टर भी ससुर पति और परिवार के लोग ही मजदूरी कर रहे हैं, जब की पंचायत में अन्य मजदूरों को कोई रोजगार नहीं मिल रहा। जिसकी पूर्व में भी कुछ शिकायतें की गई थी लेकिन अबतक कोई जांच नहीं की हुई ग्राम पंचायत में भी पानी की व्यवस्था को लेकर 75 एमएम का पाईप रोल 177 फीट के हिसाब से खरीदा गया जबक्कि बाजार में यही अच्छी कंपनी का 45 से 55 रूपए मे मिल जता है जिसका बिल 2 लाख 31870 राशि का भुगतान किया गया।




दूसरा बिल ढाई एमएम 180 के हिसाब से 300 मीटर 54000 में खरीदा गया जबकि यही पाइप 50 रूपए फीट में भी अच्छी किस्म का मिल जता है लेकिन कमिशनबाजी के चलते लगातर फर्जी बिल लगाए जा रहे हैं। बिल फाइव गैप के नाम से 5000 का बिल लगाया गया। ग्राम पंचायत में जबकि मोटर नलकूप में डली हुई थी फिर भी सरपंच द्वारा मोटर साहित अन्य सामग्री का 188000 का बिल लगाकर राशि निकाली जबकि बाजार में हर एक सामग्री की कीमत बहुत कम है। सामग्री का चार गुना बिल लगाकर शासन की राशि का लगातर दुरुपयोग किया जा रहा है। साथ ही इसमें इंजीनियर से लेकर जनपद की भी मिलीभगत मानी जा रही है क्योंकि सामग्री का बिल स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि जितनी सामग्री नहीं है उससे ज्यादा बिल लगाकर राशि निकाली जा रही है। पथरिया जनपद में 10 प्रतिशत के हिसाब बेनडर बिल काट रहे लोगों की नवागत कलेक्टर से मांग है कि ग्राम खजरी में लगे बिलों का सत्यापन कर राशि की रिकवरी कराई जाए। साथ ही दोषियों पर कड़ी कार्यवाई की जाए। इस संबंध में जब कृष्णकांत पांडे से बात हुई तो उन्होंने ने बताया कि जो भी शिकायत है या बिल है मुझे भेज दीजिए मैं जांच करवा देता हूं।



# सामुदायिक भवन निर्माण को लेकर ग्रामीणों ने सौंपा आवेदन

**नीमखेड़ा उपाध्याय में भवन निर्माण की मांग**

**पटेरा (स्वतंत्र मत)।** पटेरा जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत बर्रट के ग्रामीणों ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत पटेरा एवं जिला कलेक्टर, जिला सीईओ को आवेदन प्रस्तुत कर सामुदायिक भवन निर्माण कार्य में कुछ लोगों द्वारा बाधा डालने की शिकायत की है। आवेदन में बताया गया कि शासन द्वारा स्वीकृत सामुदायिक भवन का निर्माण सरपंच द्वारा कराया जा रहा है लेकिन कुछ विरोधी लोग कार्य रुकवाने का प्रयास कर रहे हैं। ग्रामीणों ने आवेदन में उल्लेख किया कि पूर्व में कलेक्टर के ग्राम भ्रमण के दौरान नीमखेड़ा उपाध्याय में सामुदायिक भवन की मांग रखी गई थीए जिस पर आश्वासन भी मिला था। ग्राम नीमखेड़ा उपाध्याय, बर्रट, सगौनी और मड़यिा टिकिट के ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से समर्थन करते हुए भवन निर्माण उसी स्थान पर कराने की मांग दोहराई है। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर सामुदायिक भवन नीमखेड़ा उपाध्याय में बनाए जाने का निर्णय लिया गया था।

# जामा मस्जिद ईदगाह में अदा हुई ईद की नमाज

## गले मिलकर एक-दूसरे को दी मुबारकबाद

पथरिया (स्वतंत्र मत)।

पथरिया में ईद उल अजहा बकरीद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। उसी तरह पथरिया जामा मस्जिद में सुबह 8 बजे से नगर और आसपास के सभी मुस्लिम भाई आपस में एकजुट हुए और ईदगाह पहुंचे, जहां ईद उल अजहा की नमाज हाफिज सफीक सैय्यद साहब द्वारा अदा कराई गई। मौलाना सफीक सैय्यद ने जब बयान के दौरान कुर्बानी का वाक्या लोगों को सुनाया उस वक्त सबकी आंखें नम हो गई। हज़रत इब्राहिम की इस्लाम के प्रति वफादारी और अल्लाह से अहद के कारण ही आज ईद उल अजहा का पर्व समस्त देशों में मनाया जाता है। वहीं सफीक साहब ने बताया कि अल्लाह ने पैगंबर इब्राहिम की परीक्षा लेने के लिए सपने में उन्हें उनकी सबसे प्यारी चीज़ यानी अपने बेटे हज़रत इस्माइल की कुर्बानी देने को कहा जबकि दुनिया के हर मां बाप को अपनी औलाद जान से भी ज्यादा प्यारी होती है।



उसके बाद भी इब्राहिम ने अल्लाह के प्रति अपनी वफादारी के कारण अपने बेटे की कुर्बानी देने के लिए राजी हो गए उनकी इसी बात से अल्लाह रब्बुल इज्जत ने खुश होकर ऐन वक्त पर उनके बेटे की जगह एक बकरे यानि दुंबे को कुर्बान करवा दिया। इसका यह मतलब हुआ कि अल्लाह के प्रति हमे हमेशा वफादार रहना। उनके बताए हुए रास्तों एवं नियमों पर चलना है। जिससे हम अल्लाह रब्बुल इज्जत को आखरत के वक्त जवाब दे सकें। वहीं बयान के दौरान मुस्लिम उम्मत को शराब, सूद, मक्कारी, गफलत आदि से खुदको बचाकर रखने की बात कही और अल्लाह के दिखाए मखफरत वाले रस्ते पर चलने को कहा। इसके उपरांत नमाज शुरू होने से खत्म होने तक नवागत थाना प्रभारी नेहा गोस्वामी एवं पुलिस बल मौजूद रहा। साथ ही राजस्व के भी अधिकारी नमाज के दौरान ईदगाह में मौजूद रहे।

# सुनार नदी के सुरई घाट पर चला स्वच्छता अभियान

### अग्रकुल जनकल्याण मंडल ने किया आयोजन

**हटा (स्वतंत्र मत)।** जलगंगा संवर्धन अभियान अन्तर्गत हटा अग्रवाल समाज के नवयुवकों की संस्था अग्रकुल जनकल्याण मंडल द्वारा 28 मई को सुनार नदी के सुरई घाट तट पर स्वच्छता एवं सफाई अभियान आयोजित किया गया। कार्यक्रम प्रात: 6 बजे प्रारंभ हुआ और दोपहर लगभग 12 बजे तक लगातार समूचे सुराईघाट की सफाई एवं धुलाई का कार्य चलता रहा। कार्यक्रम में अग्रकुल जनकल्याण मंडल के सदस्य श्रदुल फौजदार, श्रेयांश, अभिषेक अग्रवाल, प्रियांक बजाज, सौरभ व्या आड़तवाले, सौरभ व्या मुनीम साहबद्धए आशीष फौजदार, अंकित असाटी, गौरव अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रियल अग्रवाल एवं कौशल अग्रवाल सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। वहीं नगर पालिका सीएमओ राजेन्द्र खरे एवं नपा कर्मियों ने सहयोग दिया। सफाई अभियान के दौरान स्व. नंकुमार व्या की पुण्य स्मृति में उनके पुत्र द्वारा चाय पानी बिस्कुट की व्यवस्था की गई जिससे सफाई में लगे स्वयंसेवकों का उत्साह वर्धन हुआ। कार्यक्रम में विधायक उमादेवी लालचंद खटीक की उपास्थिति रही। उन्होंने सफाई करने वाले श्रमदानियों का उत्साह वर्धन किया। कार्यक्रम के आयोजक अग्रकुल जनकल्याण मंडल के अय्योजन मण्डल ने नगर पालिका परिषद एवं सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि ऐसे जनसहभागिता आधारित अभियान भविष्य में भी निरंतर आयोजित किए जाएंगे। मंडल का उद्देश्य हटा नगर को स्वच्छ हटा स्मार्ट हटा के रूप में स्थापित करना है ताकि नगर प्रदेश में एक आदर्श उदाहरण बन सके। मंडल ने यह भी कहा कि प्रत्येक गली एवं मोहल्ले में स्थानीय समितियों का गठन होना चाहिए जिससे नियमित सफाई व्यवस्था को जनआंदोलन का रूप दिया जा सके और स्वच्छता के प्रति लोगो मे जागरूकता बढ़े।



**आम सूचना**

मैं अपनी पक्षकार अवतार पटेल पिता स्व. श्री मदन पटैल से अधिकृत होकर आम जनता को सूचित करता हूँ कि मेरी पक्षकार व अन्य (1) कत्तुराम, (2) लल्लु राम (मृत द्वारा वारसान), (3) विनोद (4) मदन (मृत, द्वारा वारसान), (5) राजेन्द्र कुमार, (6) राम बाई एवं (7) कृष्णा बाई पटेल भूमि खसरा नं. 77/3/2 रकबा 0.0391 हेक्टयर, (4208.6 Sq Fts) खसरा नं. 77/3/3 रकबा 0.0529 हेक्टयर (5694.1 Sq Fts) कुल रकबा कुल रकबा में से=(4208.6 +5694.1)= 9902.7-3585=6317.7 Sq Fts एव खसरा नं. 76/2/1 रकबा 0.0220 हेक्टयर, (2368.0 Sq Fts) तीनो का कुल खसरा 6317.7 + 2368.0 8685.7 Sq Fts जो की ग्राम-तिलवाराघाट पटवारी हल्का रमनगरा तहसील-गोरखपुर जिला जबलपुर में स्थित है के भूमिस्वामी एवं मालिक काबिज है जिस पर पुराने मकान बने हुए है। यह कि मेरी पक्षकार को ज्ञात हुआ है कि उसकी उपर वर्णित सम्पत्ति को देवेंद्र विदेही के द्वारा एवं अन्य व्यक्तियों, प्रापर्टी ब्रोकर्स व असामाजिक तत्वों के साथ मिलकर, मेरी पक्षकार की उपरोक्त सम्पत्ति को जबरन कब्जा कर फर्जी तरीके से विक्रय करने का प्रयास किया जा रहा है एवं कब्जा में दखल दिया जा रहा है एवं वाद विवाद किया जा रहा है। यह कि मेरी पक्षकार उपरोक्त सभी के खिलाफ विधि अनुसार कार्यवाही करने हेतु अग्रसर है। अत: आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरी पक्षकार की उपर वर्णित सम्पत्ति के संबंध में उपरोक्त व्यक्ति या उसके प्रतिनिधि से क्रय-विक्रय, लेनदेन ना करे, कब्जा में दखल न दे अन्यथा वह व्यक्ति स्वयं जवाबदार होगा व उस पर विधि अनुसार कार्यवाही की जावेगी।

जबलपुर
28.05.2026

जितेश श्रीवास्तव
अधिवक्ता
मो. 9300603552

## ➢ खितौला थाना क्षेत्र में वारदात



# शराब के लिए रुपए न देने पर मारा चाकू

**जबलपुर।** खितौला थाने में 25 वर्षीय सोनू पटेल निवासी बरा मोहल्ला खितौला ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आसू पटेल की गैरिज की दुकान में काम करता है 27 मई की रात गैरिज बंद कर घर जा रहा था। तभी उसकी दुकान के पास नानू विश्वकर्मा एंव सोनू कोल आकर उससे शराब पीने के लिये 500 रूपये मांगने लगे, उसने पैसे देने से मना किया तो नानू एवं सोनू उसके साथ मारपीट करदी और नानू विश्वकर्मा ने चाकू से हमलाकर उसे चोट पहुँचा दी। पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जाँच शुरू करदी है।

## ➢ बारिश से पहले करें नालियों की पूर्ण सफाई

# निगमायुक्त ने किया 4 संभागों का सघन निरीक्षण

**जबलपुर।** निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार द्वारा शहर की सफाई, जलापूर्ति और प्रकाश व्यवस्था देखने के साथ वर्षा पूर्व नाला नालियों की सफाई व्यवस्था का भी जायजा लेने सुबह से लेकर 10 बजे तक 4 संभागों के विभिन्न वार्डों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भानतलैया, मंडी मदार टेकरी, कुलिहिल टैंक और परियट जलाशय का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान क्षेत्रों में सफाई, पेयजल आपूर्ति और स्ट्रीट लाइट की स्थिति बेहतर पाई गई। निगमायुक्त श्री अहिरवार ने अपने दौरे की शुरुआत भांतलैया एवं मंडी मदार टेकरी का भी निरीक्षण किया।





# एयरलाइंस कंपनी की लूट: यात्रियों से 17 हजार रुपये तक वसूला जा रहा है मुंबई का किराया

## यात्रियों में भारी आक्रोश, सरकार से हस्तक्षेप की मांग

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

वर्तमान में जबलपुर से मुंबई के लिए मात्र एक ही इंडियो फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है। ऐसे में यात्रियों की संख्या को देखते हुए कंपनी द्वारा किराए में 3 गुना तक बढ़ोत्तरी कर मोटी रकम ऐंठी जा रही है। ऐसे में एयरलाइंस कंपनी के इस रवैये को देखते हुए यात्रियों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है।





### 17 हजार के ऊपर तक पहुंचा किराया

हाल ही मुंबई के लिए जाने वाले एक यात्री ने बताया कि जबलपुर से मुंबई तक संचालित होने वाली इंडियो फ्लाइट का किराया 5500 रूपए हैं। जब उन्होंने आगामी 30 मई के लिए फ्लाइट में टिकिट बुक करना चाही तो उसका किराया बढ़कर 17 हजार रूपए से ऊपर हो गया। यात्रियों का कहना है कि विमानन कंपनियों द्वारा इमरजेंसी समय में किराया बढ़ाकर तो अवश्य लिया जाता था, मगर इतना भी नहीं कि उसे 3 गुना तक बढ़ा दिया जाए।

### वर्तमान में एक ही फ्लाइट संचालित

जानकारी के मुताबिक करोड़ों की लागत से बने डूमना एयरपोर्ट पर जबलपुर से मुंबई के लिए मात्र एक ही इंडियो फ्लाइट का संचालन किया जा रहा है।

ऐसे यात्रियों का कहना है कि विमानन कंपनी द्वारा इसी बात का फायदा उठाकर यात्रियों को लूटा जा रहा है। ऐसे में कई यात्री अब ट्रेनों के सफर की तरफ अपना रूख कर रहे हैं।

### मरीजों के लिए बढ़ी मुसीबत

जानकारी के मुताबिक जबलपुर से मुंबई की फ्लाइट में अधिकांशत: ऐसे मरीज सफर करते हैं जिन्हें इमरजेंसी में इलाज के लिए मुंबई के लिए ले जाया जाता है। ऐसे में एयरलाइंस कंपनी की इस लूट की वजह से उन्हें भारी मुसीबतों का सामना करना पड़ रहा है। इधर विमानन कंपनियों द्वारा किराए में वृद्धि को लेकर इधन के बढ़ते दामों का हवाला दिया जा रहा है। बहरहाल यात्रियों ने सरकार से हस्तक्षेप कर किराए में कटौती करने की मांग की है।

# हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग में बी.आर्क प्रवेश हेतु काउंसलिंग शुरू

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

कार्यालय, अध्यक्ष काउंसिलिंग समिति, संचालनालय तकनीकी शिक्षा, मध्यप्रदेश द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 हेतु बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। इसके साथ ही हितकारिणी कॉलेज ऑफ आर्किटेक्चर एंड टाउन प्लानिंग में बैचलर ऑफ आर्किटेक्चर में प्रवेश हेतु काउंसलिंग शुरू हो गई है। इच्छुक अभ्यर्थी ऑनलाइन पंजीयन एवं चॉइस फिलिंग निर्धारित समयावधि में कर सकते हैं। प्रथम चरण में ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन एवं पंजीयन निरस्तीकरण की अंतिम तिथि 29 मई से 20 जून रात्रि 11.45 बजे तक निर्धारित की गई है। पंजीयन में सुधार की सुविधा 21 जून से 22 जून सायं 5.30 बजे तक उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी 1 जून से 24 जून 2026 रात्रि 11.45 बजे तक ऑनलाइन चॉइस फिलिंग कर सकेंगे।

**30 जून से होगी रिपोर्टिंग की प्रक्रिया**- कॉमन मेरिट सूची 25 जून को जारी होगी तथा आवंटन पत्र डाउनलोड एवं संस्था में रिपोर्टिंग की प्रक्रिया 30 जून से 7 जुलाई तक चलेगी। द्वितीय चरण की काउंसिलिंग के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन 8 जुलाई से 19 जुलाई तक होगा। चॉइस फिलिंग की प्रक्रिया 9 जुलाई से 23 जुलाई तक चलेगी। कॉमन मेरिट सूची 24 जुलाई को जारी की जाएगी। आवंटन पत्र



डाउनलोड एवं संस्था में प्रवेश प्रक्रिया 29 जुलाई से 3 अगस्त तक निर्धारित की गई है। काउंसिलिंग के उपरांत रिक्त सीटों हेतु संस्था स्तर की काउंसिलिंग (सीएलसी) भी आयोजित की जाएगी। प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों के लिए नाटा-2026 अथवा ज़ी मेन-2026 (पेपर-2) में निर्धारित योग्यता अनिवार्य होगी। अधिक जानकारी के लिए अभ्यर्थी संचालनालय तकनीकी शिक्षा की वेबसाइट एवं हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।



# कैट ने किया जेडीए अध्यक्ष और उपाध्यक्ष का स्वागत

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स, कैट संस्था द्वारा मेट्रो हॉस्पिटल में आयोजित सम्मान समारोह में जबलपुर विकास प्राधिकरण के अध्यक्ष संदीप जैन एवं उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी का पुष्पमालाओं से स्वागत किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जेडीए अध्यक्ष संदीप जैन और उपाध्यक्ष प्रशांत केशरवानी ने कहा कि व्यापारियों की सुविधाओं और हितों का विशेष ध्यान रखा जाएगा। जेडीए व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा देने और शहर के विकास के लिए लगातार कार्य कर रहा है तथा आगे भी व्यापारी वर्ग के साथ समन्वय बनाकर योजनाओं को गति दी जाएगी। कार्यक्रम में कैट के प्रदेश उपाध्यक्ष जितेंद्र पचौरी, संभागीय अध्यक्ष दीपक सेठी, जिला अध्यक्ष राजीव बड़ेरिया, संजय चड्ढा, प्रवीण गोलाटी, निखिल पावा, मनुशरत तिवारी, मनोज जसाठी, राजा सराफ, राजीव नेमा, राधेश्याम अग्रवाल, आशुतोष अग्रवाल, अरुण गुप्ता नीखरा, तरुण अग्रवाल, संदीप भूरा, धर्मेंद्र प्रताप सिंह, राजेश ढींगरा, मदनमोहन अवस्थी, राजेश गुप्ता, विनय आसटी, कुसुम चौबे, वंदना आनंद सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी मौजूद रहे।

# पेयजल की समस्याओं पर ना बरती जाएं लापरवाही: कलेक्टर

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि गर्मियों के मौसम में आम जनता को पेयजल की समस्या न हो और सभी को शुद्ध व गुणवत्तापूर्ण पानी मिले, इसके लिए जिला प्रशासन पूरी तरह अलर्ट मोड पर आ गया है। उन्होंने कहा कि नगर निगम और ग्रामीण क्षेत्रों में सुचारू पेयजल व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिये हैं। साथ ही उन्होंने संबंधित अधिकारियों से कहा कि पानी से जुड़ी हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाना सुनिश्चित करें। कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने कहा कि चाहे नगरीय क्षेत्र हो या ग्रामीण, पेयजल से जुड़ी किसी भी समस्या के लिए नागरिक सीएम हेल्पलाइन पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं। इन शिकायतों को उच्च प्राथमिकता पर रखा जाएगा।

# भाई का पता नहीं बताने पर युवक से मारपीट

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

हनुमानताल थाने में 31 वर्षीय रोहित सोनकर निवासी करिया पाथर स्कूल के पीछे हनुमानताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात वह करिया पाथर स्कूल गेट के पास खड़ा था। तभी अमित अहिरवार आकर उससे उसके भाई राहुल के बारे में पूछने लगा, उसने कहा कि उसे नहीं पता इसी बात पर अमित ने चाकू से हमलाकर उसको चोट पहुँचा दी और धमकी देते हुये भाग गया।पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध करते हुए मामले की जाँच शुरू कर दी है।

# वृद्धा की हत्या कर घसीटते हुए कुएं में फेंक दी लाश

## रांझी थाना क्षेत्र का मामला, आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

रांझी के अन्ना बाबा, बड़ा पत्थर इलाके में उस वक्त सनसनी फैल गई, जब एक वृद्ध महिला की हत्या कर उसकी लाश कुएं में फेंक दी। कुएं में वृद्धा की लाश मिलने की खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई। देखते ही देखते आसपास के लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से शव को निकलवाकर पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया है। जानकारी के मुताबिक मृतका 75 वर्षीय पुष्पा शर्मा के परिजन किसी पारिवारिक कार्य के चलते शहर से बाहर गए



थे। जिसके चलते वे घर में अकेली ही रही।

विगत सुबह आसपास के लोग पानी के लिए कु एं पर पहुंचे तो देखा कि वृद्धा की लाश पानी में उतरा रही है। खबर क्षेत्र में आग की तरह फैल गई, देखते ही देखते क्षेत्र के सैकड़ों लोग एकत्र हो गए, जिनकी सूचना पर पहुंची पुलिस ने नगर निगम के अग्निशमन दल को इसकी सूचना दी गई।

**पीएम के लिए भेजा गया शव** - मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड की रेस्क्यू टीम ने त्वरित कार्यवाही करते हुए स्थानीय पुलिसकर्मियों की सहायता से काफी प्रयासों के बाद बुजुर्ग महिला के शव को कुएं से बाहर निकाला। मृतका का शव पूरी तरह वस्त्रहीन अवस्था में मिलने के कारण मौके पर उपस्थित लोगों द्वारा इस मामले को लेकर कई तरह के गंभीर संदेह प्रकट किए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि जांच के दौरान पुलिस को मृतका के घर से खून के निशान भी मिले है।

आशंका जताई जा रही है कि आरोपियों ने पहले महिला की हत्या की और फिर इसके बाद उसका शव कुएं में फेंक दिया। पुलिस को पूछताछ में पता चला है कि वारदात के समय मृतका घर में अकेली थी और उनके परिवार के सदस्य बाहर गए थे। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए रांझी पुलिस ने नगर निगम की फायर ब्रिगेड टीम को मौके पर बुलाया और कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल कॉलेज भेजकर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है।

# फ्रीमेसंस मेसोनिक क्लब ने जरूरतमंदों को भेंट की सामग्री

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

फ्रीमेसंस मेसोनिक क्लब द्वारा सेंट्रल जेल के सामने निराश्रित एवं जरूरतमंद महिलाओं के लिए आयोजित चैरिटी प्रोजेक्ट सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस सेवा कार्य के अंतर्गत महिलाओं के लिए पुराने एवं उपयोग योग्य वस्त्र, बेडशीट्स, पर्दे तथा दैनिक उपयोग की खाद्य सामग्री जैसे चाय, बिस्किट, टोस्ट एवं शक्कर आदि वितरित किए गए। इस अवसर पर समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने सहयोग प्रदान करते हुए जरूरतमंद महिलाओं के प्रति संवेदनशीलता एवं मानवता का परिचय दिया। कार्यक्रम का उद्देश्य जरूरतमंद महिलाओं को सम्मानपूर्वक सहायता उपलब्ध कराना एवं समाज में सेवा भावना को बढ़ावा



देना था। कार्यक्रम में क्लब के सदस्य तल्लिन सिंह बावा, कर्नल वीएस कोहली, आईएस रूपराह, अरुण खर्ड, विजय जैन, अंशुमान शुक्ला, यश आहूजा, सुनील सबलोक एवं विजेंद्र व्यास उपस्थित रहे। संस्था के सदस्यों ने सभी सहयोगकर्ताओं एवं दानदाताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज सेवा के ऐसे प्रयास आगे भी निरंतर जारी रहेंगे।

### रंगदारी मांगने से रोकने पर युवक के साथ मारपीट

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रांझी थाने में 57 वर्षीय सुरेन्द्र चौकसे निवासी रक्षा नगर कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह 27 मई की रात राजेश मेहरा की दुकान में खड़ा था। उसी समय मोहल्ले का लल्ला चौधरी, शनि बर्मन व भैयालाल आये और राजेश मेहरा से रंगदारी करते हुये धमकी देते हुये 5 हजार रूपये प्रतिमाह देने के लिये बोले, राजेश मेहरा ने रूपये देने से मना किया तो तीनों राजेश के साथ गाली गलोज करने लगे, उसने लल्ला चौधरी को समझाया कि मोहल्ले में रंगदारी नहीं मांगो, इसी बात को लेकर लल्ला चौधरी, शनि बर्मन, भैयालाल तीनों ने उसके साथ मारपीट की।

# 25 वर्षों से भटक रहे आश्रितों को मिले अनुकंपा नियुक्ति

जबलपुर (स्वतंत्र मत)।

मध्य प्रदेश विद्युत मंडल कि वित्तीय स्थिति खराब होने का हवाला देकर 1 सितंबर 2000 से अनुकंपा नियुक्ति पर रोक लगा दी गई थी, जो विद्युत मंडल के कंपनीकरण के बाद भी जारी रही। लेकिन वर्ष 2014 में नई अनुकंपा नीति की घोषणा कर ऊर्जा विभाग ने कहा कि वर्ष 2000 से 2012 के बीच दुर्घटना में मृत हुए कार्मिकों के आश्रितों को ही अनुकंपा नियुक्ति दी जाएगी, जिसके चलते प्राकृतिक और बीमारी से मृत हुए कार्मिकों के आश्रित 25 वर्षों से अनुकंपा की प्रतीक्षा कर रहे हैं। मप्रविमं तकनीकी कर्मचारी संघ के हरेंद्र श्रीवास्तव ने कहा कि ऊर्जा विभाग द्वारा मौत का बंटवारा किया जाना निंदनीय है। उन्होंने ऊर्जा मंत्री को पत्र लिखकर मांग की है कि सभी बिजली कंपनियों के सभी अनुकंपा आश्रितों को तत्काल बिना शर्त अनुकंपा नियुक्ति दी जानी चाहिए। संघ के एसके मौर्य, केएल लोखंडे, एसके शाक्य, शशि उपाध्याय, दशरथ शर्मा, टी डेविड, मोहन दुबे उपस्थित रहे।

# आज से नियमित चलाई जाएगी जबलपुर-बान्द्रा के बीच चलने वाली साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** रेल यात्रियों की सुविधा एवं बेहतर रेल सेवाएं उपलब्ध कराने रेल मंत्रालय ने वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02134/02133 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन को रेगुलर नम्बर से नियमित करके नए गाड़ी संख्या 20164/20163 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस के रूप में नियमित संचालित करने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन जबलपुर से 29 मई और बान्द्रा टर्मिनस से 30 मई से नियमित नम्बर से परिचालन किया जाएगा। गाड़ी संख्या 20164 जबलपुर-बान्द्रा टर्मिनस साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 29 मई से प्रत्येक शुक्रवार को जबलपुर से शाम 17:00 बजे प्रस्थान कर नरसिंहपुर 18:03 बजे, पिपरिया 19:03 बजे, इटारसी 20:30 बजे, नर्मदापुरम 21:03 बजे, भोपाल 22:30 बजे, संत हिरदाराम नगर 23:03 बजे, पहुंचकर अगले दिन उज्जैन पर मध्यरात्रि 02:10 बजे, रतलाम



**यात्रियों की मांग पर पमरे ने ट्रेन को किया नियमित**

03:50 बजे, वडोदरा जंक्शन 07:40 बजे, सूरत 10:05 बजे, वापी 11:37 बजे तथा बोरीवली पर 13:23 बजे ठहराव लेते हुए शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस दोपहर 14:15 बजे पहुंचेगी।

### वापसी में इस प्रकार रहेगा समय

इसी प्रकार वापसी में गाड़ी संख्या 20163 बान्द्रा टर्मिनस-जबलपुर साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन 30 मई से प्रत्येक शनिवार को बान्द्रा टर्मिनस से 16:30 बजे प्रस्थान कर बोरीवली पर 16:58 बजे, वापी पर 19:37 बजे, सूरत पर 21:05 बजे, वडोदरा जंक्शन 22:46 बजे, पहुंचकर अगले दिन रतलाम पर मध्य रात्रि 02:45 बजे, उज्जैन पर 05:10 बजे, संत हिरदाराम नगर 08:00 बजे, भोपाल 08:25 बजे, नर्मदापुरम 09:35 बजे, इटारसी पर 11:00 बजे, पिपरिया पर 12:13 बजे तथा नरसिंहपुर 13:18 बजे ठहराव लेते हुए रविवार को जबलपुर दोपहर 15:10 बजे पहुंचेगी।

### रीवा-सिकंदराबाद के बीच चलेगी स्पेशल ट्रेन

जबलपुर (स्वतंत्र मत)। इसी प्रकार गाड़ी संख्या 02158/02157 रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद)-रीवा साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जा रहा है। यह स्पेशल ट्रेन रीवा से 7 जून से 28 जून तक तथा चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) से 8 जून से 29 जून तक चार-चार ट्रिप चलाने का निर्णय लिया गया है। गाड़ी संख्या 02158 रीवा-चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) साप्ताहिक सुपरफास्ट स्पेशल ट्रेन प्रत्येक रविवार को रीवा से दोपहर 12:30 बजे प्रस्थान कर, सतना जंक्शन 13:40 बजे, कटनी मुड़वारा जंक्शन 15:15 बजे, दमोह 16:00 बजे, मंचिर्याल 10:09 बजे, पेद्दपल्ली जंक्शन 10:39 बजे तथा जनगांव 12:53 बजे आगमन कर सोमवार को चर्लपल्ली (सिकंदराबाद) दोपहर 14:45 बजे पहुँचेगी।

# युवक को गोली मारकर थाने के सामने फेंका

## आरोपियों की तलाश में जुटी कटंगी थाने की पुलिस

**जबलपुर (स्वतंत्र मत)।** शहर में बेखौफ अपराधियों के हौसले अब इतने बुलंद है की वह थाने के सामने ही अपराध को अंजाम देकर भाग जा रहे है। ऐसा ही एक मामला कटंगी स्थित राजघाट पौड़ी में सामने आया जहां रुपए के लेनदेन पर एक युवक ने लेनदार को घर में बुलाकर गोली मार दी। इसके बाद सभी आरोपी वारदात को अंजाम देकर पीड़ित को कटंगी थाने के सामने फेंककर भाग निकले । युवक को खून से लथपथ देख पुलिस ने उसे तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया जहां से उसे मेडिकल कालेज रेफर किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शहपुरा के ग्राम हरदुआ निवासी 26 वर्षीय राजासिंह लोधी ने सोनू सिंह लोधी निवासी पौड़ी राजघाट कटंगी से 23 लाख रुपए का गेंहू खरीदा था। जिसके करीब 12 लाख रुपए देना बाकी थे। जिसके चलते सोनू ने राजा को फोन करके ग्राम उडना पाटन बुलाया। उडना के किसी शराब दुकान के अहाते पर दोनों के बीच बातचीत होती रही। फिर सोनू यह कहते हुए राजा को अपने साथ पौड़ी राजघाट स्थित घर ले गया कि घर पर आराम से बात करते है। बातचीत के दौरान राजा ने रुपये नहीं होने और शाम तक दो लाख रुपए देने की बात कही, जिस पर सोनू भड़क गया और अपने साथी के साथ मिलकर मारपीट कर दी। मारपीट के बाद आरोपी सोनू ने राजा को घसीटते हुए घर के आँगन में ले जाकर पिस्टल से गोली मार दी।







हितकारिणी प्रकाशन प्रायवेट लिमिटेड के लिए **प्रकाशक एवं मुद्रक- राम असरानी** द्वारा प्रेस काम्पलेक्स सिविक सेंटर जबलपुर से प्रकाशित एवं हितकारिणी प्रिंटिंग प्रेस, सिविक सेंटर जबलपुर से मुद्रित. **प्रबंध सम्पादक- सुबोध दुबे, सम्पादक- राजेन्द्र मिश्रा,** *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयनार्थ उत्तरदायी। ई-मेल-smatjbp1@ gmail.com, फोन- 0761-2411414, 4032436 समस्त विवाद जबलपुर न्यायालयाधीन. पोस्टल रजि. नं. एसएसपी जबलपुर/13/2026-28, RNI No. 64561/96.